**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 34.5 | 25.0 |
| जमशेदपुर | 36.0 | 25.0 |
| डालटनगंज | 35.4 | 23.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * * *

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

रांची एवं पटना से प्रकाशित | www.lagatar.in | रांची ● मंगलवार, 10 अक्टूबर 2023 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 11, संवत 2080 ● पृष्ठ : 16, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 1, अंक : 175 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 5 मात्र

### 5 राज्यों में 55 दिन बाद नई सरकार

| राज्य | मतदान | मतदाता | सीटें | बहुमत |
|---|---|---|---|---|
| मध्य प्रदेश | 17 नवंबर | 5.6 करोड़ | 230 | 116 |
| राजस्थान | 23 नवंबर | 5.25 करोड़ | 200 | 101 |
| छत्तीसगढ | 7,17 नवंबर | 2.03 करोड़ | 90 | 46 |
| मिजोरम | 7 नवंबर | 8.52 लाख | 40 | 21 |
| तेलंगाना | 30 नवंबर | 3.17 करोड़ | 119 | 60 |

चुनाव आयोग की घोषणा

### मध्य प्रदेश चुनाव का कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| चुनाव की अधिसूचना | 21 अक्टूबर |
| नामांकन का अंतिम दिन | 30 अक्टूबर |
| नाम वापसी का अंतिम दिन | 2 नवंबर |
| मतदान की तारीख | 17 नवंबर |

### राजस्थान चुनाव का कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| चुनाव की अधिसूचना | 30 अक्टूबर |
| नामांकन का अंतिम दिन | 6 नवंबर |
| नाम वापसी का अंतिम दिन | 9 नवंबर |
| मतदान की तारीख | 23 नवंबर |

### छत्तीसगढ़ चुनाव का कार्यक्रम

| | | | |
|---|---|---|---|
| चुनाव की अधिसूचना | 13 अक्टूबर (पहला चरण) | नाम वापसी का अंतिम दिन | 23 अक्टूबर (पहला चरण) |
| | 21 अक्टूबर (दूसरा चरण) | | 02 नवंबर (दूसरा चरण) |
| नामांकन का अंतिम दिन | 20 अक्टूबर (पहला चरण) | मतदान की तारीख | 07 नवंबर (पहला चरण) |
| | 30 अक्टूबर (दूसरा चरण) | | 17 नवंबर (दूसरा चरण) |

### मिजोरम चुनाव का कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| चुनाव की अधिसूचना | 13 अक्टूबर |
| नामांकन का अंतिम दिन | 20 अक्टूबर |
| नाम वापसी का अंतिम दिन | 23 अक्टूबर |
| मतदान की तारीख | 07 नवंबर |

### तेलंगाना चुनाव का कार्यक्रम

| | |
|---|---|
| चुनाव की अधिसूचना | 3 नवंबर |
| नामांकन का अंतिम दिन | 10 नवंबर |
| नाम वापसी का अंतिम दिन | 15 नवंबर |
| मतदान की तारीख | 30 नवंबर |

## 60 लाख मतदाता पहली बार करेंगे वोट, जानें सियासी समीकरण और आनेवाले चुनाव के अनुमान

# 5 राज्यों में चुनाव का ऐलान, 3 दिसंबर को आएंगे नतीजे

**एजेंसियां। नई दिल्ली**

चुनाव आयोग ने सोमवार प्रेस कॉन्फ्रेंस करके पांच राज्यों में चुनावों का ऐलान कर दिया है. सीईसी राजीव कुमार ने एमपी, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम विधानसभा चुनावों की तारीखों के बारे में विस्तार से बताया. सभी परिणाम 3 दिसंबर को आएंगे. मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि कुल 16.14 करोड़ वोटर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. इनमें 8.2करोड़ पुरुष, 7.8 करोड़ महिला वोटर होंगे. इस बार 60.2 लाख नए वोटर पहली बार वोट डालेंगे. इनकी उम्र 18 से 19 साल के बीच है. चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है.

### पांचों राज्यों में कुल 679 विधानसभा सीटें

पांचों राज्यों में कुल 679 विस सीटें हैं. एमपी में इस वक्त भाजपा की सरकार है. छत्तीसगढ़ और राजस्थान में कांग्रेस शासन में है. तेलंगाना में



बीआरएस की सरकार है. मिजोरम में एमएनएफ सत्ता में है. 2018 में चुनाव की तारीखों का एलान 6 अक्तूबर को हुआ था. छत्तीसगढ़ में चुनाव दो चरणों में हुए थे. एमपी, राजस्थान, तेलंगाना व मिजोरम में एक चरण में वोटिंग हुई थी.

### ओपिनियन पोल : पांचों राज्यों में कांग्रेस को बढ़त, भाजपा भी टक्कर में



5 राज्यों में विस चुनाव की घोषणा के बाद एबीपी और सी-वोटर्स ने ओपिनियन पोल जारी किया है. इसमें पांचों राज्यों में कांग्रेस को बढ़त दिखाई गई है. हालांकि भाजपा को भी कड़े मुकाबले में बताया गया है. अभी चुनाव हों,तो कमोवेश यही नतीजे आ सकते हैं, लेकिन चुनाव तक नतीजे बदल भी सकते हैं.

**मध्य प्रदेश**

| | |
|---|---|
| कुल सीट | 230 |
| कांग्रेस | 113-125 |
| बीजेपी | 104-116 |
| बीएसपी | 0-2 |
| अन्य | 0-3 |

**छत्तीसगढ़**

| | |
|---|---|
| कुल सीट | 90 |
| कांग्रेस | 45-51 |
| बीजेपी | 39-45 |
| बसपा | 0-02 |
| अन्य | 0-2 |

**तेलंगाना**

| | |
|---|---|
| कुल सीट | 119 |
| कांग्रेस | 48-60 |
| बीजेपी | 05-11 |
| बीआरएस | 43-55 |
| अन्य | 05-11 |

**मिजोरम**

| | |
|---|---|
| कुल सीट | 40 |
| एमएनएफ | 13-17 |
| कांग्रेस | 10-14 |
| जेडपीएम | 09-13 |
| अन्य | 01-03 |

**राजस्थान**

| | |
|---|---|
| कुल सीट | 200 |
| कांग्रेस | 59-69 |
| भाजपा | 127-137 |
| माकपा | 1-2 |
| अन्य | 02-06 |

## सोशल ऑडिट से अरबों का घोटाला आएगा सामने, ईडी भी दर्ज कर सकता है मामला

**सीयूजे घोटाला**

# जांच करेगा कैग

**अमित सिंह। रांची**

झारखंड सेंट्रल यूनिवर्सिटी (सीयूजे) में मनी लॉड्रिंग की जांच भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक (कैग) करेंगे. कैग की ओर से आनंद कुमार द्विवेदी (सप्र अधिकारी) ने 29 अगस्त 2023 को पत्र जारी किया है. वहीं सीयूजे में वित्तीय अनियमितताओं की जानकारी पत्र के माध्यम से सीबीआई को भी दी है. जिससे सीबीआई भी इस मामले की जांच शुरू कर सके.

कैग ने माना है कि सीयूजे में अवैध नियुक्तियां हुई हैं. साक्ष्य को देखने से साफ परिलक्षित हो गया है कि योजनाबद्ध तरीके से नियुक्ति घोटाले को अंजाम दिया गया है. वित्तीय अनियमितता के तहत मनी लॉड्रिंग की गई है, जिसकी जांच के लिए ईडी को भी पत्र भेजा गया है. अब ईडी भी मनी लॉड्रिंग के तहत मामला दर्ज कर सकता है.

**5 माह में 5 करोड़ का फर्नीचर खरीदा :** सीयूजे में गत माह 5 करोड़ 50 लाख 69 हजार रुपए के फर्नीचर खरीदे गये. फर्नीचर खरीदारी के लिए दो बार टेंडर निकले. पहले टेंडर में गोदरेज कंपनी एल वन घोषित हुई. बिना कारण बताए उस टेंडर को रद्द कर दिया. जब दूसरी बार टेंडर हुआ, तो टेंडर टीम ने डूरियन इंडस्ट्रीज लिमिटेड को एल वन घोषित कर दिया. नियमों की अनदेखी कर जिम्मेवारों ने अपनी पसंदीदा कंपनी को काम सौंप दिया.

### एक बार फिर शुभम संदेश की खबरों पर लगी मुहर



'शुभम संदेश' की खबरों पर एक बार फिर मुहर लगी है. सीयूजे में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर लगातार खबरें छापी गईं. बताया था कि कैसे विवि के जिम्मेवार अपने चहेतों को मलाईदार कुर्सी पर बैठाकर लाखों के वारे न्यारे कर रहे हैं. 23 अगस्त को 'सीयूजे में फर्जीवाड़ा' शीर्षक से, 24 अगस्त को 'सीयूजे में मनी लॉड्रिंग' शीर्षक से, 26 अगस्त को 'लगती है कुर्सी की बोली' शीर्षक से, 27 अगस्त को 'अदालत से ऊपर विश्वविद्यालय' और 28 अगस्त को 'सीयूजे में अवैध वसूली' शीर्षक से खबर प्रकाशित हुई. इन खबरों पर संज्ञान लेते हुए कैग ने अवधेश कुमार पांडेय के शिकायती पत्र पर जांच करने का निर्णय लिया. कैग द्वारा जांच की जानकारी शिकातकर्ता को भी ई-मेल से भेजी गई है. सीयूजे में जांच के तहत सोशल ऑडिट होने पर अरबों का घोटाला सामने आएगा.

### लोकपाल और असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति अवैध

कैग ने साक्ष्यों की जांच के बाद कहा है कि सीयूजे में लोकपाल प्रो. कैलाश चंद्र शर्मा और एसोसिएट प्रोफेसर मयंक रंजन की नियुक्ति अवैध है. यूजीसी ने भी विवि को साफ शब्दों में कहा है कि कैडर रिक्रूटमेंट रूल (सीआरआर, नियुक्ति नियमावली) स्वीकृत कराए बिना नियुक्ति नहीं करनी है. इसके बाद भी विवि में कई नियुक्तियां की गईं, जो एक प्रकार से नियुक्ति घोटाला है. लोकपाल की नियुक्ति में भी घोटाला हुआ है. वहीं मयंक रंजन की नियुक्ति को लेकर कैग ने कहा है कि पीएचईडी में कोर्स वर्क का सर्टिफिकेट नहीं है. यूजीसी रेगुलेशन 2009 के अनुसार उनका सर्टिफिकेट शैक्षणित कार्य के लिए अमान्य है. वह डॉक्टर लिख सकते है. असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए यूजीसी द्वारा निर्धारत योग्यता के अनुसार नेट क्वालिफाई या 2009 रगुलेशन से पीएचईडी होना आवश्यक था.

### टेंडर के नाम पर करोड़ों की हेराफेरी

सीयूजे में टेंडर घोटाला भी हुआ है. शिकायत करने वाले ने सीयूजे के कुलपति डॉ. क्षितिज भूषण दास, एसोसिएट प्रोफेसर मयंक रंजन और डिप्टी रजिस्ट्रार अब्दुल हलीम पर घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया गया है. सीयूजे में दो अलग-अलग टेंडर हुए. दोनों टेंडर में विवि के जिम्मेवारों ने नियम ताक पर रखकर करीबियों को फायदा पहुंचाया. विवि में हॉस्पिटैलिटी और फर्नीचर खरीदारी के लिए टेंडर हुआ था, जिसमें कई कंपनियां शामिल हुईं थीं. टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के बाद अचानक टेंडर रद्द करते हुए, पूर्व से हॉस्पिटैलिटी का काम देख रही पुंदाग की कंपनी आरआरबी फूड्स को एक्सटेंशन दे दिया गया, जो टेंडर में शामिल ही नहीं हुई थी. इस कंपनी में ज्योति साही एक पार्टनर हैं. जो एसोसिएट प्रोफेसर मयंक रंजन की पत्नी हैं.




# हमास से 'आखिरी जंग' की तैयारी

**एजेंसी। तेल अवीव**

इजरायल और हमास के बीच जंग सोमवार को भी जारी है. ऐसे में अब इजरायल गाजा पट्टी पर अपनी आखिरी जंग की तैयारी में लगा है. इजरायल गाजा पट्टी पर पूरी तरह से नाकेबंदी करने जा रहा है. इस नाकाबंदी में क्षेत्र में खाने का सामान, फ्यूल और एंट्री पर बैन भी शामिल है. अब तक इस जंग में दोनों पक्षों के 1800 से ज्यादा लोगों की जान चली गई है. हजारों लोग घायल हैं.

सिर्फ इजरायल की ही बात करें तो हमास के हमलों की वजह से उनके 44 सैनिकों सहित 900 से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं. वहीं गाजा पर पूरी तरह से कब्जे के लिए इजरायल ने एक लाख सैनिक भी उतार दिए हैं. इजरायली रक्षा मंत्री योव गैलेंट ने कहा, मैंने गाजा पट्टी पर पूर्ण घेराबंदी का आदेश दिया है. इसमें न बिजली होगी, न भोजन, न ईंधन, सब कुछ बंद है. हम मानव के रूप में जानवरों से लड़ रहे हैं और हम उसी हिसाब से फैसला ले रहे हैं.

### एयरफोर्स बरसा रही बम

इजरायल की वायु सेना ने ट्वीट करते हुए लिखा, वायुसेना गाजा पट्टी में आतंकी संगठनों के दर्जनों ठिकानों पर बमबारी जारी रखे हुए है. हम तब तक नहीं रुकेंगे जब तक इजरायल के सभी निवासियों के लिए शांति स्थापित नहीं हो जाती. सीएनएन की सोमवार की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल की सेना ने कहा कि उसने दक्षिण में उन इलाकों पर फिर से नियंत्रण कर लिया है, जहां गाजा से घुसपैठ के बाद हमास के आतंकी छिपे हुए थे.

### इजरायल को अतिरिक्त मदद दे रहा अमेरिका

इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने हमास द्वारा किए गए इस आतंकवादी हमले के सामने इजरायल के लिए अतिरिक्त समर्थन का ऐलान कर दिया है. यूएसए के रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने यूएसएस गेराल्ड आर फोर्ड विमानवाहक पोत और युद्धपोतों के समूह को पूर्वी भूमध्य सागर के लिए निर्देशित किया और कहा कि वाशिंगटन क्षेत्र में लड़ाकू विमान स्क्वाड्रन बढ़ा रहा है.

### दोनों ओर से बरसाए जा रहे बम

हमास की तरफ इजरायल पर अब भी बमबारी जारी है. वहीं, इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध का ऐलान कर दिया है. लेकिन इजरायली नागरिकों के बंधक होने से वो बेहद परेशान भी हैं. इजरायल गाजा पट्टी में हमास के ठिकानों पर बम बरसा रहा है. इसमें हमास के 800 से ज्यादा ठिकाने तबाह हो चुके हैं. वहीं, सैकड़ों लोग मारे गए हैं. इजरायल के हमलों में कई मस्जिदें, बहुमंजिला इमारतें भी तबाह हुई हैं. सीएनएन ने सोमवार सुबह आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडम डैनियल हगारी के हवाले से कहा, 'इजरायल के अंदर इजरायल रक्षा बलों के सैनिकों और हमास के बीच कोई लड़ाई नहीं चल रही है और आईडीएफ ने गाजा पट्टी के आसपास के सभी समुदायों पर फिर से नियंत्रण कर लिया है.'

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 54,500 |
| चांदी (किलो) | 73,000 |

**वर्ल्ड कप आज का मैच**

इंग्लैंड vs बांग्लादेश — धर्मशाला, सुबह 10:30 बजे से

पाकिस्तान vs श्रीलंका — हैदराबाद, दोपहर 2:00 बजे से

## ब्रीफ खबरें

### राज्य भर के मिशनरी स्कूलों में कल छुट्टी

**रांची।** कार्डिनल तेलेस्फोर टोप्पो का बुधवार को संत मरिया महागिरजा घर में दफनाया जाएगा. इसको लेकर राज्य के मिशनरी स्कूलों में बुधवार को छुट्टी की घोषणा की गयी है. ख्रीस्तीय अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान के सचिव फादर एरेसियुस मिंज ने पत्र जारी कर यह जानकारी दी है. आरसी मिशन द्वारा संचालित सभी स्कूल-कॉलेजों में छुट्टी की गयी है, ताकि लोग कार्डिनल के दफन संस्कार में शामिल हो सकें.

### मुख्यमंत्री की मां की स्थिति पहले से बेहतर

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरन की स्थिति में पहले से सुधार है. सोमवार को भी वे अस्पताल में गहन निगरानी में रहीं. वे निमोनिया से पीड़ित हैं. सांस लेने में परेशानी हो रही है. निदेशक डॉ. नितेश प्रिया ने बताया कि उनकी स्थिति अब बेहतर है. एक-दो दिन निगरानी में रखने के बाद उन्हें छुट्टी दी जाएगी.

# अज्ञात बीमारी से 5 बच्चों समेत 7 की मौत

**संवाददाता। नोवामुंडी**

प्रखंड के खासजामदा के रेंगो टोला व कांतोड़ेया के दो अलग- अलग गांवों में अज्ञात बीमारी की चपेट में आने से एक सप्ताह में पांच बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो चुकी है.

कांतोड़ेया के विष्णु सिरका की बेटी की मौत सोमवार को हुई. इसके पहले रविवार को टूई अंगरिया की मौत हुई. मोची चातोंबा के बेटे दरोगा व उसी की बेटी माई का निधन हो चुका है. मरने वालों में मानकी साई के सिकुर का बेटा भी शामिल है. युवाओं और बुजर्गों में कोंदा हेम्ब्रम और सारो का भी निधन हो चुका है. एक अंतिम संस्कार में शामिल लोगों ने बताया कि जितने भी बच्चे अब तक मरे हैं, उनको पहले सिरदर्द और बदन-हाथ दर्द हुआ. चार पांच दिन में मौत हो गई.

### नोवामुंडी: बच्चों के मरने की घटना सही है : गंगाधार

गांव के मुखिया गंगाधर चातोंबा ने बताया कि बच्चों की मरने की घटना सही है. डीएमएफटी फंड के तहत महीने में दो दिन और टाटा स्टील फाउंडेशन की मोबाइल वैन महीने में चार दिन गांव में आकर शिविर के करके इलाज करती है. फिर भी बच्चों के मरने का दौर जारी है.

**अभी जानकारी मिली है : हरेंद्र मुंडा**

नोवामुंडी के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी हरेंद्र मुंडा ने कहा कि इसकी जानकारी मुझे अभी-अभी मिली है. यदि यह बात सही है तो मंगलवार को मेडिकल टीम उक्त गांव पहुंच कर सर्वे कर बीमार बच्चों का तुरंत ही इलाज करेगी.

# मदद मांगने पर केंद्र दुत्कार देता है: सीएम हेमंत

**संवाददाता। देवघर**



बहुप्रतीक्षित सिकटिया बैराज की मेगा लिफ्ट परियोजना का सोमवार को सीएम हेमंत सोरेन ने शिलान्यास कर दिया. मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने राज्य की पूर्ववर्ती व मोदी सरकार पर निशाना साधा.

कहा कि जब केंद्र से मदद की बारी आती है, तो वे मदद के नाम पर दुत्कार देते हैं. लेकिन चिंता की कोई बात नहीं, हमारी सरकार वही योजना बनाती है, जिससे सभी किसानों को लाभ मिलेगा. कहा, सरकार पलायन को लेकर चिंतित है, यही वजह है कि सिंचाई विभाग को ऐसी योजना पर कार्य करने को कहा गया है, जिसमें समय कम लगे. पिछली सरकार में आलम ये था कि नहर का उद्घाटन होते ही नहर टूट गई. हमारा पानी पड़ोसी इस्तेमाल करते हैं. हेमंत ने कहा कि बेटियों को पढाएं-लिखाएं. उन्हें स्वालंबी बनाएं. मंच पर मंत्री बादल पत्रलेख, हफीजुल अंसारी, विधायक इरफान, सुरेश पासवान, शशांक शेखर भोक्ता, परिमल सिंह, उदय शंकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष किरण देवी समेत कई गणमान्य मौजूद थे.

### केंद्र ने किसानी खत्म करने की साजिश रची

सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार ने देश से किसानी खत्म करने की साजिश रची है. यही वजह थी कि किसानों के लिए बनाये काले कानून के खिलाफ देश में आंदोलन चला. कहा कि मेरी सरकार बनते ही कई चुनौतियों ने घेर लिया. कोरोना रहा, जिससे विकास का पहिया थमा रहा. उसके बाद से दो साल राज्य में सुखाड़ की स्थिति बनी, जिससे खेती काफी प्रभावित हुई है.

**सरकार का लक्ष्य** | झारखंड स्थापना दिवस के पहले तक ग्राम सभाओं को पट्टे निर्गत करना है

# पसोपेश में वन अधिकार समितियां, क्या मिलेगा वन पट्टा...!

**प्रवीण कुमार। रांची**

अबुआ वीर दिशुम अभियान, 2023 से ग्राम सभाएं और वन अधिकार समितियां पसोपेश में हैं. 29 सितंबर को झारखंड सरकार के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का ने पत्र जारी कर कहा है कि ग्राम स्तर पर वन अधिकार समितियों का गठन या पुनर्गठन करना है. जिसके आलोक में जिले के उपायुक्तों ने भी पूरे अक्टूबर महीने में अभियान चला कर समितियों के गठन या पुनर्गठन के लिए ग्राम सभा की बैठकें करने का कैलेंडर जारी कर दिया है. इससे गांव के लोग यह समझ नहीं पा रहे हैं कि जहां ग्राम सभाओं के अधीन वन अधिकार समितियां सक्रिय हैं, क्या उनका भी पुनर्गठन किया जाएगा या वे यथावत कार्य करती रहेंगी? साथ ही जिन वन समितियों की मार्फत पूर्व में सभी प्रक्रियाएं पूरी कर व्यक्तिगत एवं सामुदायिक दावे अनुमंडल स्तरीय वन अधिकार समितियों को यथोचित कार्रवाई के लिए सौंपे जा चुके हैं, उन पर कार्रवाई होगी अथवा नहीं? इन संदिग्ध बिंदुओं पर सरकार का स्पष्ट निर्देश नहीं होने से ग्राम स्तर पर मौजूद वन अधिकार समितियां ऊहापोह की स्थिति में हैं.

**क्या रहे हैं वन पट्टा को लेकर पूर्व के अनुभव :** दावा प्रक्रियाओं को अंजाम देने के जमीनी अनुभव बताते हैं कि किसी एक वन अधिकार समिति को दावा पूर्ण करने के लिए 6 से 8 महीने लगते हैं. इस हिसाब से इस सरकार में भी समुदायों को पट्टे नहीं मिल पाएंगे. क्योंकि देश में आम चुनाव की घोषणा इससे पहले होने की संभावना है.

### 28,107 दावे लंबित

सरकारी आंकड़ों के अनुसार 30 नवंबर 2022 को राज्य में कुल 28,107 दावे लंबित थे. जिस पर सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेशानुसार जांच प्रक्रिया चल रही थी. इसके बाद भी कई जिलों में हजारों सामुदायिक दावे वनाधिकार समितियों ने प्राधिकार को समर्पित किये हैं. लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड के 42 गांव- टोले ऐसे हैं, जहां पिछले 9 महीनों के भीतर वन अधिकार समिति गठित या पुनर्गठित हुए हैं, ग्राम सभाओं ने विधिवत इसकी सूचना जिला प्रशासन को सौंपी है. उनके माध्यम से 19 गांव के लोगों ने सामुदायिक पट्टे के लिए संपूर्ण प्रक्रिया पूरी करते हुए दावा सौंप दिया है.



### सामाजिक संगठनों की भूमिका

झारखंड में वन अधिकार पर काम करने वाली संस्था और संगठन राज्य भर में क्रियाशील वन अधिकार समितियों की सूची और उनके द्वारा समर्पित दावों के आंकड़े स्थानीय प्रशासन को समर्पित कर सकते हैं. इससे सरकार और ग्राम सभाओं का समय भी बचेगा. साथ ही व्यावहारिक कार्ययोजना बनाने में मदद मिलेगी.

# हार्वर्ड की क्लॉडिया गोल्डिन को मिला अर्थशास्त्र का नोबेल

**एजेंसी। स्टॉकहोम**

हार्वर्ड विश्वविद्यालय की प्रो. क्लॉडिया गोल्डिन को श्रम बाजार में स्त्री-पुरुष के बीच भेदभाव संबंधी समझ को बेहतर बनाने के लिए अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार देने की घोषणा की गई है. 'रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज' के महासचिव हैंस एलेग्रेन ने सोमवार को यहां पुरस्कार की घोषणा की. गोल्डिन इस पुरस्कार से सम्मानित होने वाली तीसरी महिला हैं.

चयन समिति के प्रमुख जैकब स्वैनसन ने कहा, श्रम बाजार में महिलाओं की भूमिका को समझना समाज के लिए महत्वपूर्ण है. क्लॉडिया के शोध के लिए धन्यवाद, अब हम अंतर्निहित कारकों के बारे में और अधिक जानते हैं तथा भविष्य में किन बाधाओं को दूर करने की आवश्यकता है.



**महिलाओं को मर्दों से कम सैलरी क्यों :** क्लॉडिया ने इस सवाल का अच्छे से जवाब दिया है कि महिलाओं को मर्दों से कम सैलरी क्यों मिलती है. यह ट्रेंड पूरी दुनिया में क्यों है. इस पर उनकी किताब 'करियर एंड फैमिली: वुमेंस सेंचुरी लॉन्ग जर्नी टुवड्र्स इक्विटी' भी है. लैंगिक आय अंतर, जैसा कि कहा जाता है, कमाई में अंतर से कहीं ज्यादा है. दरअसल, असमानता दो क्षेत्रों में है. ये दो क्षेत्र हैं करियर और परिवार. ये एक ही सिक्के के दो पहलू हैं.

## ब्रीफ खबरें

### छात्र संघ ने विद्यार्थियों का बनवाया लाइब्रेरी कार्ड

**घाटशिला ।** आदिवासी छात्र संघ के अनुमंडल अध्यक्ष अजित कुमार मुर्मू ने सोमवार को घाटशिला महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं से मिलकर उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली. विद्यार्थियों ने बताया कि किताब को लेकर काफी परेशानी हो रही है. घाटशिला में किताब कहीं भी उपलब्ध नहीं है. अजित कुमार मुर्मू ने कहा कि हमारे महाविद्यालय के लाइब्रेरी में किताब उपलब्ध है. परेशान होने की जरूरत नहीं है. सभी छात्र-छात्राएं कॉलेज की लाइब्रेरी से किताब ले सकते हैं. छात्र-छात्राओं को लाइब्रेरी के बारे में जानकारी नहीं थी. उन्होंने विद्यार्थियों के लाइब्रेरी कार्ड बनवाए.

### बुनियादी साक्षरता कार्यक्रम का शुभारंभ

**चलकुशा ।** चलकुशा प्रखंड के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय में सोमवार को शिक्षा विभाग एवं रूम टू रीड ट्रस्ट की ओर से बुनियादी साक्षरता सुदृढ़ीकरण कार्यक्रम का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शुरू हुआ. इसकी अध्यक्षता बीइओ किशोर कुमार और संचालन सहायक अध्यापक संघ के अध्यक्ष प्रमोद पांडेय ने किया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 20 सूत्री अध्यक्ष सलीम अंसारी, वशिष्ठ अतिथि सलैयाडीह पंचायत मुखिया सह सांसद प्रतिनिधि सुखदेव यादव, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह, मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह शामिल हुए. इसमें प्रखंड के 60 हिन्दी भाषा के शिक्षक-शिक्षिकाओं को बुनियादी साक्षरता के 8 घटकों का प्रशिक्षण दिया गया. सभी शिक्षक कक्षा 1 से 2 तक के थे.

### कैलाश राय में छमाही परीक्षा का परिणाम घोषित

**कोडरमा ।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरीतिलैया में शिशु वाटिका से लेकर द्वादश तक के भैया वाहनों का छमाही परीक्षाफल प्रकाशित किया गया. परीक्षाफल प्रकाशन कार्यक्रम के अध्यक्ष विद्यालय के प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू थे. कक्षा अरुण में आराध्या सिंह ने 98% अंक लाकर अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है. वहीं दूसरा स्थान जेसिका सिंह और तीसरा स्थान वीर सिंह को मिला है. कक्षा प्रभात की बहन अन्वी राज गोयल ने परीक्षा में शत-प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय का नाम रोशन किया है. सभी कक्षाओं के भैया-बहनों का परीक्षाफल संतोषप्रद था. कक्षा एकादश विज्ञान में कृष्ण शंकर मिश्रा 94% अंक लाकर प्रथम स्थान पर रहे.

### स्कूल में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम

**रांची।** अरगोड़ा हाउसिंग कॉलोनी स्थित कोशिश स्पेशल स्कूल में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन स्कूल की सचिव दीपा चौधरी के द्वारा किया गया. इस कार्यक्रम में स्पेशल स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावक भी शामिल हुए. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में डॉ ज्योति वालिया जो पेशे से चाइल्ड साइकोलॉजी की स्पेशलिस्ट हैं, जिन्होंने ( एमएससी न्यूरोसाइंस एंड एमए साइकोलॉजी, स्पेशसिलेजेशन ) की हैं.

### बिरला की छात्राएं नर्सिंग परीक्षा में अव्वल

**रांची।** झारखंड नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल द्वारा नर्सिंग 2022 के परीक्षा फल का प्रकाशन कर दिया गया है. इस परीक्षा में महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी की जीएनएम तृतीय वर्ष की छात्रा विभा बारी सिंहिका ने राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया है. उन्हें 95% अंक प्राप्त हुआ है. वहीं इसी संस्थान की सुचिता महतो ने 94.75% अंक के साथ राज्य में द्वितीय स्थान हासिल किया है.

क्लासिफाइड




**एक्सएलआरआई : दुनिया में मूल्य को अनलॉक करने के विषय पर कॉन्क्लेव का आयोजन**

# कुशल संसाधन प्रबंधन व डेटा संबंधी निर्णय पर चर्चा

संवाददाता। जमशेदपुर

एक्सएलआरआई जमशेदपुर के कौटिल्य कंसल्टिंग क्लब एवं पीजीडीएम (जीएम) बैच 2023-24 द्वारा "संसाधन की कमी वाली दुनिया में मूल्य को अनलॉक करने" विषय पर फुलक्रम-कंसल्टिंग कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध वरिष्ठ अधिकारियों का एक पैनल शामिल हुआ. कार्यक्रम की शुरुआत फादर के उद्घाटन भाषण से हुई. इस अवसर पर डोनाल्ड डी सिल्वा, प्रोफेसर संजय पात्रो और अन्य सम्मानित अतिथि उपस्थित थे. फादर सिल्वा ने अनिश्चितताओं से बचने और टिकाऊ प्रक्रियाओं को स्थापित करने में कुशल संसाधन प्रबंधन और डेटा संचालित निर्णय लेने की प्रासंगिकता पर चर्चा की.



कॉन्क्लेव में शामिल प्रतिभागी एवं विद्यार्थी.

कॉन्क्लेव की शुरुआत कोर्न फेरी (भारत) के अध्यक्ष और क्षेत्रीय प्रबंध निदेशक नवनीत सिंह के पहले मुख्य भाषण से हुई. उन्होंने ऐसे माहौल में नवाचार, सहयोग और मूलभूत कौशल के विकास के महत्व को पहचानने पर जोर दिया, जहां मानव संसाधन सबसे सीमित लेकिन मूल्यवान संसाधन बने हुए हैं, और जहां सफलता को केवल परिणामों के बजाय प्रक्रिया में निवेश किए गए प्रयास से मापा जाता है. वहीं "इंडिया @100" पर ईवाई पार्थेनन के पार्टनर आदित्य शांगलू ने भारत की प्रगति, विशिष्ट समस्याओं के समाधान और जटिल उद्योगों में विस्तार में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र के महत्व पर प्रकाश डाला.

**संचालन प्रोफेसर सुनील सारंगी ने किया**

उद्योग 5.0 सतत विकास के लिए परिवर्तन और व्यापार रणनीति में बदलाव पर चर्चा का संचालन प्रोफेसर सुनील कुमार सारंगी ने किया. चर्चा में सबसे पहले इंफोसिस कंसल्टिंग के पार्टनर इंदर दुआ ने उद्योग 5.0 पर फार्मास्युटिकल क्षेत्र के प्रभाव को रेखांकित किया, स्थिरता पर जोर दिया, क्योंकि भविष्य के उपभोक्ता अमूर्त पहलुओं को प्राथमिकता देते हैं, मानव-मशीन सहयोग और बड़े पैमाने पर अनुकूलन के युग की शुरुआत करते हैं. अवसेंट के पार्टनर राकेश पात्रो ने कहा कि उद्योग 5.0 मानव-केंद्रितता, स्थिरता और व्यवधानों के सामने लचीलेपन के इर्द-गिर्द घूमता है, जो उद्योग 4.0 के प्रौद्योगिकी-संचालित चरण से बदलाव का प्रतीक है.

## आपकी बात



**नाम : ज्योति कुमारी**
**पेशा :** चैंबर कोषाध्यक्ष
**पता :** रांची

> ज्योति ने दिल्ली में यूपीएसई की पढ़ाई की. इस दौरान उन्होंने साल 2011 में ट्रेडिंग करना भी शुरू किया

ज्योति कुमारी वर्तमान में चैंबर की कोषाध्यक्ष हैं.

ज्योति कुमारी विद्या की पढ़ाई रांची के गुरुनानक स्कूल से हुई है. उन्होंने आगे की पढ़ाई दिल्ली में पुरी की. उन्होंने दिल्ली में संघ लोक सेवा आयोग (युपीएसई) की पढ़ाई की. इस दौरान उन्होंने साल 2011 में ट्रेडिंग करना शुरू किया. साथ ही एलएलबी और एमबीए की पढ़ाई भी की. इस दौरान उन्हें टीया ग्लोबल टॉप मॉडल में 575 भारतीयों में से तीन स्थान अर्जित की. यह उनकी शुरुआती सफलता है. वहीं ज्योति कुमारी आज एक सक्सेसफुल महिला होने के साथ-साथ एंटरप्रेन्योर हैं. साथ ही महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देती हैं. बता दें कि वह साल 2017 से चैंबर से जुड़ीं और वहां से उनकी पहचान बदलती गई. वर्तमान में वे चैंबर की कोषाध्यक्ष हैं. कहती हैं कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए पढ़ने की इच्छा और लगन होना चाहिए. यही आपको आगे काम आता है. जीवन में शिक्षा ही है जो महिलाओं को मजबूत बनाती है. बाद में उन्होंने मिनरल वाटर की फैक्ट्री रांची से 18 किमी दूर ओरमांझी में शुरू की. इस मिनरल वाटर फैक्टर में सभी महिलाएं ही काम करती हैं. वहां 200 से भी अधिक महिलाओं को रोजगार मिल रहा है. इसके अलावा ज्योति ट्रेडिंग से संबंधित टिप्स भी लोगों से साझा करती हैं. खास तौर पर महिलाओं को हर क्षेत्र में आगे आने में मदद करती हैं. कहती हैं कि बिजनेस करने में दो बातों का ध्यान रखना चाहिए. सफलाता तुरंत नहीं मिलती है. उसके लिए धैर्य रखना होता है. टाइम टू टाइम बिजनेस में बाजार का सर्वे करना जरूरी होता है. ज्योति बताती हैं कि महिलाओं को मेहनत करते रहना चाहिए. अगर आप मेहनत करेंगे तो परिवार वाले आपको सहियोग करेंगे.

**कंप्यूटर एप्लीकेशन और आईटी विभाग ने किया पार्टी का आयोजन**

# करीम सिटी में फेयरवेल पार्टी



धर्मेंद्र कुमार । जमशेदपुर

कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा सोमवार को कॉलेज में 2020-23 के अपने फ्रेशर्स और अंतिम सेमेस्टर के लिए एक पार्टी का आयोजन किया गया. इसमें 300 से अधिक छात्रों ने भाग लिया. कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई.

जिसके बाद छात्र एवं छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुत की गईं. इस अवसर पर सीए और आईटी के समन्वयक डॉ. अनवर शहाब ने अंतिम वर्ष के छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं दीं. करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मोहम्मद रेयाज़ ने जीवन के अपने समृद्ध अनुभवों को साझा करके छात्रों को प्रोत्साहित और प्रेरित किया. छात्रों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों, रैंप वॉक आदि में भाग लिया. जिसमें कंप्यूटर एप्लीकेशन सेमेस्टर छह के यश ओझा को मिस्टर ग्रेजुएशन 2023 के रूप में चुना गया और सूचना प्रौद्योगिकी सेमेस्टर छह की आयशा ज़रीन को मिस ग्रेजुएशन 2023 का ताज पहनाया गया. विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों के लिए पुरस्कार भी वितरित किए गए.

बीसीए सेमेस्टर टू से अदीबा कलीम और बीएससी. आईटी सेमेस्टर टू से तौसीफ आलम को स्लाइड प्रस्तुति प्रतियोगिता के विजेता के रूप में सम्मानित किया गया. नगमा महताब (सीए) और सौभिक सन्निग्रही (आईटी) ने कोल्हान विश्वविद्यालय परीक्षाओं में उच्चतम प्रतिशत हासिल करने के लिए सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक उपलब्धि का पुरस्कार जीता. विक्की कुमार प्रसाद (आईटी) और कौशिक कुमार दास (सीए) को उनके सर्वोत्तम अनुशासन के लिए सम्मानित किया गया. कंप्यूटर एप्लीकेशन से प्रियांशु कुमार और सूचना प्रौद्योगिकी से फैजान अकरम को सर्वश्रेष्ठ प्लेसमेंट के लिए पुरस्कृत किया गया.

### ग्रेजुएट कॉलेज के बीएड विभाग में परिचय सत्र



**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के ग्रेजुएट कॉलेज के बीएड विभाग में सोमवार को सत्र 2023-25 के विद्यार्थियों का परिचय सत्र का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. वीणा प्रियदर्शी उपस्थित थी. प्राचार्य का स्वागत कोऑर्डिनेटर डॉ. भारती कुमारी ने पुष्प गुच्छ देकर किया. मौके पर प्राचार्य ने कहा कि आप विद्यार्थी नहीं बल्कि भावी शिक्षिका है. आपको सभी मूल्य का ध्यान रखना जरूरी है और समाज देश के हित में कार्य करना है. उन्होंने सख्त निर्देश दिया की प्रतिदिन क्लास आना जरूरी है. कोल्हान विश्वविद्यालय के नियमानुसार 80% उपस्थिति अनिवार्य है. वहीं कोऑर्डिनेटर ने कहा कि आप पढ़ने व सीखने का प्रयास करें, ताकि आपका ज्ञान की उपयोगिता समाज को मिले. संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन बी.एड विभागाध्यक्ष डॉ विशेश्वर यादव ने किया. इस अवसर पर डॉ. पूनम ठाकुर, डॉ. अपराजिता, डॉ. श्वेता बागडे, प्रीति सिंह, इंदू सिन्हा, डॉ. मीनू वर्मा, प्रियंका कुमारी, जया कुमारी मौजूद थीं.

### करीम सिटी कॉलेज में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम

**जमशेदपुर ।** केंद्र सरकार के युवा एवं खेल मंत्रालय के आदेशानुसार करीम सिटी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सोमवार को मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना में कोल्हान विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ दारा सिंह गुप्ता, करीम सिटी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मोहम्मद रियाज़, करीम सिटी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ आले अली, एनएसएस समन्वयक सैयद साजिद परवेज़, एवं एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित थे. कार्यक्रम में सबसे पहले अमृत कलश की स्थापना की गयी. इसमें सभी अतिथियों एवं स्वयंसेवकों ने अपने अपने इलाको से लाए मिटटी एवं चावल को अमृत कलश में डाला.

### महिला विश्वविद्यालय में शैक्षणिक कार्य शुरू

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय का सिदगोड़ा परिसर सभी आधुनिक सुविधाओं के साथ शैक्षणिक कार्य के संचालन के लिए बनकर तैयार हो चुका है. अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के शुभ अवसर पर मंगलवार को सिदगोड़ा परिसर का उद्घाटन राज्यपाल सह विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा. उल्लेखनीय है कि सिदगोड़ा परिसर का ऑनलाइन उद्घाटन लगभग 4 वर्ष पूर्व हुआ था किंतु फर्निशिंग, इंटीरियर, आइसीटी एवं अन्य सुविधाओं से संबंधित कार्य पूरे नहीं होने के कारण परिसर में शैक्षणिक कार्य आरंभ नहीं हो पाया था. प्रशासनिक, शैक्षणिक भवन एवं हॉस्टल वर्ष 2021 में ही बनकर तैयार हो चुके थे.

## कार्मेल में सिस्टर वेरोनिका की जन्म शताब्दी पर प्रदर्शनी



संवाददाता । धनबाद

कारमेल स्कूल की फाउंडर मदर वेरोनिका की जन्म शताब्दी के अवसर पर स्कूल में सोमवार को प्रदर्शनी लगाई गई. उनके प्रदर्शनी में उनकी जीवनी, सर्विस लर्निंग आर्ट एजुकेशन व कार्मल कम्युनिटी कॉलेज से संबंधित चीजें प्रदर्शित की गई. प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रोविंशियल काउंसलर फॉर सोशल अपोस्टोलेट सिस्टर मारिया मृदुला एसी ने किया. विशिष्ट अतिथि के रूप में डिनोबिली स्कूल के निदेशक फादर माइकल फर्नांडीस एसजे भी मौजूद थे.

इस मौके पर अलग अलग क्लास के विद्यार्थियों ने इनडोर प्लांट्स, साफ-सफाई, हेल्थ एंड न्यूट्रिशन, सेफ्टी एट स्कूल, लैंड पॉल्यूशन, कंपोस्ट पिट, पौधा रोपण, हर्बल गार्डनिंग, एयर पॉल्यूशन, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, कार्मल कम्युनिटी कॉलेज और मेंस्ट्रूअल हाइजीन से संबंधित सर्विस लर्निंग के प्रोजेक्ट प्रस्तुत किये. प्राचार्य मारिया कीर्ति ने बताया कि सर्विस लर्निंग का उद्देश्य क्लासरूम को समाज से जोड़ना है. इसमें विद्यार्थियों को न्यूनतम 5 घंटे से अधिकतम 30 घंटे का प्रोजेक्ट पूरा करना होता है. कार्यक्रम में उप प्राचार्य एलसी जोसेफ, प्राइमरी कोऑर्डिनेटर सिस्टर श्रेया, कोऑर्डिनेटर सिस्टर अमला, कम्युनिटी इंचार्ज सोनाली, गायत्री, प्रियंका शर्मा मौजूद थीं.

**जय जवान से जय विज्ञान व जय अनुसंधान तक पहुंचे : सांसद**

# अनुसंधान के बल पर चांद पर पहुंचे

संवाददाता । धनबाद

सभ्यता संस्कृति एवं विज्ञान आज जिस स्थान पर पहुंचा है, वह केवल अनुसंधान के बल पर ही संभव हो सका है. अनुसंधान के बल पर राह बनाते हुए हम चांद तक पहुंच गए हैं. आज यह साबित हो गया है कि अनुसंधान के बल पर ही देश प्रगति करता है. लाल बहादुर शास्त्री ने देश को जय जवान-जय किसान का नारा दिया था, लेकिन वर्तमान समय में अटल बिहारी वाजपेई और नरेंद्र मोदी ने उसमें जय विज्ञान और जय अनुसंधान को जोड़ा है.



यह बातें मुख्य अतिथि सह सांसद पशुपति नाथ सिंह ने बीएसएस महिला कॉलेज में नौ अक्टूबर को आयोजित "उच्च शिक्षा में अनुसंधान के लिए अभिनव दृष्टिकोण" विषय पर मल्टीडिसीप्लिनरी नेशनल सेमिनार को संबोधित करते हुए कही. उन्होंने विद्यार्थियों को प्रमोशन या नौकरी के लिए नहीं, बल्कि विशेष ज्ञान, अनुसंधान और व्यक्तित्व निर्माण के लिए पढ़ने व ज्ञान अर्जन के लिए प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि आज डिग्री का नहीं प्रतिभा का जमाना है.

**जीवन को बेहतर बनाने के लिए अनुसंधान : प्रो पुष्पा :** इसके पूर्व सेमिनार का उद्घाटन स्वागत गीत व सांस्कृतिक नृत्य से हुआ. इसके बाद धनबाद के पूर्व विधायक मन्नान मलिक ने कॉलेज के प्रयास और सेमिनार के विषय की तारीफ की. आयोजन के लिए पूरी टीम को बधाई दी. बीएसएस महिला कॉलेज की यूनिवर्सिटी रिप्रेजेंटेटिव सह बीबीएमकेयू की डीन सोशल साइंस डॉ पुष्पा कुमारी ने कहा कि अनुसंधान जीवन के आवश्यक विषयों एवं सुविधाओं से प्रेरित होना चाहिए.

### यूजी सेम के 2 और 4 के तीन परीक्षा केंद्र बदले

**धनबाद ।** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय (बीबीएमकेयू) के परीक्षा विभाग ने 14 अक्टूबर से शुरू होनेवाली यूजी सेमेस्टर 2 और सेमेस्टर 4 (ओल्ड सेशन) की परीक्षा के केंद्रों में बदलाव किया है. नयी लिस्ट में तीन परीक्षा केंद्रों को बदल दिया गया है. नए संशोधित कार्यक्रम के अनुसार आरएस मोर कॉलेज गोविंदपुर के स्थान पर केएसजीएम कॉलेज निरसा को, चास कॉलेज चास की जगह पर विस्थापित कॉलेज वालीडीह बोकारो को और बीएस सिटी कॉलेज बोकारो की जगह पर आरवीएस कॉलेज चास को परीक्षा केंद्र बनाया गया है. शेष परीक्षा केंद्रों में पहले की तरह परीक्षा होगी. विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग ने 9 अक्टूबर को बदले कार्यक्रम की बाबत परीक्षा केंद्रों की सूची से संबंधित नोटिफिकेशन जारी कर दिया है.

## यहां बच्चों को पढ़ाते हैं बच्चे

संवाददाता। तिसरी

तिसरी प्रखंड में शिक्षा व्यवस्था बदहाल है. इसका असर नौनिहालों के भविष्य पर पड़ रहा है. ताजा मामला प्रखंड के भोगताडीह मध्य विद्यालय का है. जहां के कुल 193 बच्चों की जिम्मेदारी प्रधान शिक्षक समेत चार शिक्षकों पर है. सोमवार को विद्यालय में 175 बच्चों की उपस्थिति थी लेकिन, चार शिक्षकों में केवल प्रधान शिक्षक ही विद्यालय आए थे.

इसके कारण बच्चों ने ही पढ़ाई की कमान संभाल ली व खुद चॉक लेकर ब्लैक बोर्ड पर बाकी के बच्चों को पढ़ाने लगे. ये सब केवल इसलिए था कि बच्चे उसमें उलझें रहें, कक्षा से बाहर न जायें. यह तस्वीर प्रतिमात्मक ही सही, लेकिन सारी व्यवस्था की पोल खोलने के लिए काफी है.



**तीनों शिक्षकों ने लिया सीएल**

इस बाबत, पूछने पर प्रधानाध्यापक प्रकाश कुमार ने बताया कि तीनों शिक्षकों ने सीएल लिया है. हालांकि उनमें से एक शिक्षक सीएल पर नहीं थे. सवाल-जवाब के बाद प्रधानाध्यापक ने उन्हें फोन कर छुटी के लिए लिखित आवेदन व्हाट्सएप पर भेजने को कहा. सबसे बड़ा सवाल है कि बच्चों की पढ़ाई की परवाह न करते हुए एक ही दिन में तीन-तीन शिक्षकों को सीएल कैसे दे दिया जाता है. खैर बात चाहे जो भी हो, प्रखंड में शिक्षा व्यवस्था की बदहाली इस कदर है कि शिक्षकों के बजाय बच्चे ही बच्चों को पढ़ा रहें हैं.

**आयोजन** एला एंग्लाइज स्कूल बिरसा चौक भुरकुंडा में हुआ खुशी क्लास का आयोजन

# तनाव में रहकर हम मंजिल पा ही नहीं सकते: मुकेश

संवाददाता । भुरकुंडा

एला एंग्लाइज स्कूल बिरसा चैक और महात्मा गांधी हाईस्कूल भुरकुंडा में सोमवार को खुशी क्लास का आयोजन हुआ. लाइफ केयर हॉस्पिटल रांची और खुशी मिशन के तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को सम्बोधित करते हुए संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चैहान ने कहा कि परीक्षा में प्राप्त अंक को कभी भी तनाव में नहीं लें. अंक सिर्फ माध्यम मात्र है, आपकी व्यक्तित्व की पहचान नहीं. जैसे सड़क के किनारे मील के पत्थर यह बताते हैं कि आप किसी जगह से कितनी दूरी पर हैं. बस इसी तरह अंक बता देता है कि अभी आपको और आगे जानी है या आप कहां खड़े हैं. इसलिए अंक को तनाव के रूप में कभी नहीं लें, कतई नहीं लें. सिर्फ कैरियर पर फोकस नहीं, बल्कि संपूर्ण व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित करें.



यह खुशी के साथ ही संभव है. कहा कि जब आप खुश रहते हैं या दोस्तो के साथ रहते हैं तो सेल्फी लेते है. वहीं जब आप दुखी या तनाव मे रहें तब सेल्फी लें. जब दोनो फोटो को आप देखते हैं तो तनाव वाले फोटो को डिलीट कर देते हैं. क्योंकि उस फोटो में आपका चेहरा अच्छा नहीं दिखता है. उन्होंने बताया कि सकारात्मकता के गर्भ से खुशी जन्म लेती है. खुश रहकर ही आप मंजिल को पा सकते हैं, जिंदगी जिंदादिली के साथ जी सकते हैं. इसका कोई विकल्प है ही नहीं.

**दिया संदेश**

- अंक को तनाव के रूप में कभी नहीं लेना चाहिए
- संपूर्ण व्यक्तित्व विकास पर ध्यान केंद्रित करेना चाहिए

खुशी दूत प्रो डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि तनाव क्रोध के रूप में बाहर निकलकर हमारे व्यक्तित्व को तहस-नहस कर देती है. तनाव में कोई भी मंजिल पा ही नहीं सकते. इसलिए खुशी के साथ सकारात्मकता को हथियार बना मंजिल फतेह कीजिए. असफलता हमेशा सफलता की पहली सीढ़ी होती है. इसलिए असफलता से घबराना नहीं है. बल्कि इस पर पैर रखकर सफलता की मंजिल तक पहुंच जाना है. कार्यक्रम के अंत में चैहान ने स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया कि कभी भी कोई तनाव से सम्बंधित मामला आए, खुशी क्लास से जरूर संपर्क करें. निःशुल्क हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी. मौके पर एला एनग्लाइज स्कूल में प्राचार्य विजयंत कुमार, शिक्षक सिद्धार्थ कुमार, कंचन सोनी, मोहनलाल बेदिया, सूरज देव सिंह, सुनील साव और महात्मा गांधी स्कूल में प्रधानाध्यापक कैलाश राम, राजीव उरांव, उषा कुमारी, वीणा कुमारी, निक्की कुमारी, मोगल राम, रेखा कुमारी मौजूद थे.

## साहिबगंज कॉलेज में हुई भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा



संवाददाता । साहिबगंज

अखिल भारतीय गायत्री शक्तिपीठ, हरिद्वार की ओर से संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का सफल आयोजन सोमवार को साहिबगंज महाविद्यालय के ई-लाइब्रेरी भवन में हुआ. इस परीक्षा के संदर्भ में साहिबगंज प्राचार्य डॉक्टर राहुल कुमार संतोष ने बताया कि भारत के सांस्कृतिक मूल्यों के विकास को गायत्री शक्तिपीठ की ओर से यह परीक्षा आयोजित की जाती है. साहिबगंज महाविद्यालय के 33 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 31 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए. एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर कुमार प्रशांत भारती की देखरेख में यह परीक्षा हुई. परीक्षा के सफल आयोजन में गायत्री शक्तिपीठ साहिबगंज शाखा के ओमप्रकाश सिंह व वीरेंद्र प्रसाद चौधरी का सहयोग रहा.

▼ ब्रीफ खबरें

### विधायक ढुल्लू महतो ने दिए अमृत कलश

**महुदा (धनबाद) ।** महुदा मोड़ स्थित कांड्रा पंचायत सचिवालय के समीप बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो व उनके बड़े भाई शत्रुघ्न महतो ने भाजपा के सभी मंडल कार्यकर्ताओं को अमृत कलश सौंपे. इस दौरान विधायक ढुल्लू महतो ने कहा कि 22 से 27 अक्टूबर तक राज्य स्तर पर कलशों में मिट्टी या धान इकट्ठा किये जायेंगे. जिसके बाद 28 से 30 अक्टूबर को ऐसे 7500 कलश देश की राजधानी पहुंचेंगे. जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली में शहीद स्मारक के पास देश के वीरों के सम्मान में बनाई गई अमृत वाटिका में इन कलशों की मिट्टी और धान को रोपित करेंगे.

### संकल्प सप्ताह का समावेशी समारोह

**गोविंदपुर ।** सबकी आकांक्षाएं, सबका विकास अभियान के तहत सोमवार को गोविंदपुर प्रखंड मुख्यालय में संकल्प सप्ताह का समावेशी समारोह आयोजित किया गया. अध्यक्षता बीडीओ संतोष कुमार ने की. इस दौरान विभिन्न विभागों ने एक सप्ताह तक स्वास्थ्य मेला, पोषण मेला, स्वच्छता शिविर, कृषि मेला, शिक्षा मेला व आजीविका मेला का आयोजन किया. बीडीओ संतोष कुमार ने कहा कि निर्धारित मापदंड के अनुरूप सभी विभागों ने उत्साहवर्धक प्रदर्शन किया. बीडीओ ने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही आनेवाले दो वर्षों में यह प्रखंड आकांक्षी प्रखंड से मुक्त हो जाएगा.

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पर भेदभाव का आरोप

**धनबाद ।** अनुसूचित जाति के नेताओं ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर पर भेदभाव का आरोप लगाया है. सोमवार 9 अक्टूबर को धनबाद जिला कांग्रेस पार्टी के महामंत्री अवधेश पासवान ने धनबाद परिसदन में अनुसूचित जाति के कार्यकर्ताओं की बैठक में कहा कि प्रदेश अध्यक्ष के रवैये के कारण अनुसूचित जाति खुद को उपेक्षित महसूस कर रही है. इसलिए उन्हें जल्द से जल्द पद से हटाया जाए, ताकि यह संदेश जाए कि कांग्रेस पार्टी में जातीय भेदभाव किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाता है.

### आदिवासी सेंगेल अभियान की बैठक संपन्न

**बोकारो ।** आदिवासी सेंगेल अभियान की ओर से चास प्रखंड के चैनपुर पंचायत के झोपरो गांव में बालेश्वर हांसदा व जरीडीह प्रखंड के लोपसाडीह गांव में सोनिया मरांडी की अध्यक्षता में सरना धर्म कोड आंदोलन जनसभा को सफल बनाने को लेकर बैठक की गयी. इस दौरान जयराम सोरेन ने कहा कि आदिवासी सेंगेल अभियान व राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद सालखन मुर्मू के नेतृत्व में 8 नवंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में सरना धर्म कोड जनसभा का आयोजन होगा. इसमें बिहार, बंगाल, असम, उड़ीसा, झारखंड, त्रिपुरा, भूटान और बंगला देश से भी आदिवासी शामिल होंगे.

### सदस्यता अभियान को लेकर विश्वकर्मा समाज की बैठक

**हुसैनाबाद (पलामू) ।** विश्वकर्मा समाज हुसैनाबाद प्रखंड इकाई की बैठक उदयनाथ विश्वकर्मा कम्प्लेक्स में हुई. इसकी अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष उदयनाथ विश्वकर्मा ने किया जबकि संचालन शिक्षक जयप्रकाश शर्मा ने किया. बैठक की शुरुआत भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया गया. मौके पर अध्यक्ष उदयनाथ विश्वकर्मा ने कहा कि हुसैनाबाद में विश्वकर्मा समाज के लोगों को जागरूक कर संगठन को मजबूत बनाने का निर्णय लिया गया है. गांव गांव में लोगों से संपर्क कर एकजुटता के साथ संगठन का विस्तार किया जाएगा.

### 8 नवंबर को साहिया डीसी ऑफिस का करेंगी घेराव

**निरसा ।** साहिया व सेविकाओं की मांगों के समर्थन में अब झारखंड राज्य चिकित्सा व जन स्वास्थ्य कर्मचारी संगठन भी शामिल हो गईं है. उनकी मांगों को लेकर 8 नवंबर को डीसी कार्यालय का घेराव और दिसंबर माह में मोराबादी मैदान में महारैली के ज़रिये मुख्यमंत्री तक आवाज़ पहुंचायी जाएगी. इसकी जानकारी देते हुए पूर्व विधायक अरुप चटर्जी ने बताया कि सोमवार को सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई. उन्होंने कहा कि लगातार सहियाओ के समर्थन में वार्ता की जा रही है. मगर आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला.

---

राकांपा ने हेमंत सरकार को हुसैनाबाद को जिला बनाने के लिए दिया 31 अक्टूबर तक का अल्टीमेटम

# विधायक कमलेश सिंह ने समर्थन वापसी की दी चेतावनी

**संवाददाता । रांची**



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश सिंह ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार से समर्थन वापस लेने की चेतावनी दी है. सोमवार को रांची प्रेस क्लब सभागार में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की प्रदेश इकाई द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि यह सरकार जनता की उम्मीदों और आकांक्षाओं के विपरीत काम कर रही है.

हुसैनाबाद को जिला बनाने की मांग 2021 से हो रही है. मगर सरकार ने मांग नहीं मानी. राज्य में सरकार, अपराधी और पुलिस के गठजोड़ से बालू का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है. इस पर रोक नहीं लगायी जा रही है. ऐसे में अगर 31 अक्टूबर तक मांग पूरी नहीं होगी, तो हम हेमंत सरकार से समर्थन वापस ले लेंगे. उन्होंने कहा कि हमने हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठित यूपीए सरकार को समर्थन दिया था. इंडिया गठबंधन को समर्थन नहीं दिया है. आने वाले दिनों में पार्टी एनडीए गठबंधन का साथ देने का काम करेगी. महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के नेतृत्व में हम कार्य कर रहे हैं, उनका जो आदेश होगा, वह सर्वोपरि होगा.

विधायक ने कहा कि हमारी पार्टी राज्य सरकार को चार साल से साथ दे रही है. बालू की कालाबाजारी को लेकर हमने इस मामले को विधानसभा में सात बार उठाया गया. इसके बावजूद सरकार सिर्फ आश्वासन देकर निश्चिंत हो जाती है. ऐसे में पीएम आवास के लाभुकों को बालू नहीं मिल रहा है, वे लाचार हैं.

**उठाए मुद्दे**

- राज्य में बालू का अवैध कारोबार फल-फूल रहा है
- महाराष्ट्र के अजीत पवार का आदेश सर्वोपरि होगा

**विधायकों की भी नहीं सुन रही राज्य सरकार**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कहा कि यह सरकार न नौजवानों की सुनती है, न ही महिलाओं और किसानों की. बेरोजगारी बढ़ती जा रही है. अब तक हमारे जिले में न बीडीओ हैं, न सीओ और न डीएसपी हैं, तो सोच सकते हैं कि वहां का क्या हाल है. हमने कई बार मंत्री आलमगीर आलम को इसकी जानकारी भी दी. लेकिन वह आजकल करते हुए सालों गुजार दिए. सरकार जब विधायकों की नहीं सुन रही, तो जनता की क्या सुनेगी.

---

आओ जानें

## बोकारो सीट से कौन-कौन पहुंचे झारखंड विधानसभा

| वर्ष | विधायक | पार्टी |
|---|---|---|
| 2000 | समरेश सिंह | निर्दलीय |
| 2005 | इजराइल अंसारी | कांग्रेस |
| 2009 | समरेश सिंह | झाविमो (प्रजातांत्रिक) |
| 2014 | बिरंचि नारायण | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | बिरंचि नारायण | भारतीय जनता पार्टी |



---

सीएम ने सिकटिया बराज के मेगा लिफ्ट परियोजना का किया शिलान्यास

# इस परियोजना को लोग सदियों तक याद करेंगे : बादल पत्रलेख

**संवाददाता । देवघर**



संताल परगना के बहुप्रतिक्षित सिकटिया बराज के मेगा लिफ्ट परियोजना का सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शिलान्यास किया. इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई मंत्री मौजूद थे. इस अवसर पर कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने कहा कि इस परियोजना से कोई विस्थापित नहीं होगा और ना ही कोई गांव जलमग्न होगा. इस परियोजना को लोग सदियों तक याद करेंगे. उन्होंने कहा कि लगातार दो साल से सुखाड़ की स्थिति होने से किसानों को भारी परेशानी हुई है. मंत्री ने दावा किया कि सरकार किसानों की परेशानियों से वाकिफ है और मुख्यमंत्री इसे लेकर चिंतित रहते हैं.

**पहले कोरोना, अब जांच एजेंसियां पीछे पड़ी हैं : हफीजुल अंसारी :** झारखंड सरकार के मंत्री हफीजुल अंसारी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जहां कोरोना के कारण राज्य के विकास कार्यों पर प्रतिकूल असर पड़ा, वही अब जांच एजेंसियां पीछे पड़ी हैं. मंत्री ने अपने विभागीय योजनाओं की चर्चा की और दावा किया कि सरकार राज्य के विकास में जुटी है. सरकार की सभी योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है. आम जनता के सपनों को पूरा कर रही है. सरकार जनता की समस्याओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है.

गौरलतब हो कि सिंचाई विभाग की ओर संचालित इस परियोजना से देवघर व जामताड़ा दो जिलों के लाखों किसानों को लाभ होगा. इस परियोजना से तीन विधानसभा क्षेत्र के 27 पंचायत के 190 गांवों के लगभग 1 लाख 11 हजार से ज्यादा लोग लाभांवित होंगे, जबकि 13 हजार 164 हेक्टेय क्षेत्र सिंचित होगा. कार्यक्रम की शुरुआत में विभागीय सचिव प्रशांत कुमार ने योजना की जानकारी दी. मंच पर मंत्री बादल पत्रलेख, मंत्री हफीजुल अंसारी, विधायक इरफान अंसारी, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शशांक शेखर भोक्ता, परिमल सिंह, पूर्व विधायक उदय शंकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह, जिला परिषद अध्यक्ष किरण देवी समेत कई गणमान्य मौजूद थे.

**साधा निशाना**

- इस परियोजना से कोई विस्थापित नहीं होगा
- इस परियोजना से कोई गांव जलमग्न नहीं होगा
- सरकार किसानों की परेशानियों से वाकिफ है

**केंद्र सरकार हमें चोर साबित करने में जुटी है : इरफान अंसारी**

शिल्यान्यास कार्यक्रम में पहुंचे जामताड़ा विधायक इरफान अंसारी ने पूर्व की सरकार को जम कर कोसा और राज्य के लोगों को ठगने का आरोप लगाया. कहा कि हमारी जमीन, हमारा खनीज, हमारा पत्थर और केन्द्र की सरकार हमें ही चोर साबित करने में जुटी है. जिस दिशोम गुरु ने लंबी लड़ाई लड़कर अलग राज्य बनाया, उनके ही ऊपर जमीन की चोरी करने का आरोप लगाया जाता है. जामताड़ा विधायक ने मौके पर मुख्य मंत्री से मांग कर दी कि जामताड़ा के लिये भी परियोजना दी जाए.

---

### सुदेश महतो ने रिसालदार के मजार पर की चादरपोशी

**रांची ।** आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने उर्स के मौके पर सोमवार को डोरंडा स्थित हजरत कुतुबुद्दीन रिसालदार शाह बाबा के मजार पर चादरपोशी की. उन्होंने राज्य में अमन चैन की दुआ मांगी. साथ ही मजार के विकास में कमेटी को हरसंभव मदद देने की बात कही. मौके पर मजार कमेटी के सदस्यों ने आजसू सुप्रीमो और उनके साथ आयी पूरी टीम का मजार परिसर में फूलों की माला और पगड़ी बांध कर स्वागत किया. सुदेश महतो के साथ देवशरण भगत, भरत काशी, परवाज खान, मोहसिन खान, एस अली, खालिद खलील, जुबैर, ऐनुल, शहजाद, ज्ञान सिंह, बंटी यादव समेत अन्य शामिल थे. सुदेश महतो का स्वागत करनेवालों में मजार कमिटी के अध्यक्ष अय्यूब गद्दी, महासचिव जावेद अनवर, उपाध्यक्ष रिजवान हुसैन, बेलाल अहमद, उप सचिव जुल्फिकार अली भुट्टो, मो सादिक, अब्दुल खालिक, अनीस गद्दी, सरफराज उर्फ संपा, नज्जू अंसारी, एजाज गद्दी, असीम नईम, आफताब आलम, साजिद उमर, मो शहजाद मौजूद थे.

## विधायक ने राज्यपाल से की जलसंकट के समाधान की मांग



**संवाददाता । बेरमो**

गोमिया के विधायक डॉ लंबोदर महतो, टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो व गोमिया के जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज सोमवार को रांची के राजभवन स्थित राज्यपाल से मिले और बुके देकर राज्यपाल का स्वागत किया. इस दौरान डॉ लंबोदर महतो ने गवर्नर को एक ज्ञापन सौंपा.

इसमें कहा गया है कि गोमिया व पलिहारी गुरुडीह पंचायत में कोनार नदी में नया इण्टकवेल व पानी का मोटर हाउस बनाया जाए. कहा कि इसे बनाने को लेकर मुख्यमंत्री, विभागीय मंत्री, विभागीय सचिव से कई बार मिलकर आग्रह किया गया साथ ही विधानसभा में भी आवाज उठाई गई. लेकिन समाधान नहीं निकला. कहा कि पिछले 16 मई को विभागीय कार्यपालक अभियंता, तेनुघाट ने अपने पत्रांक 714 के माध्यम से उक्त योजना का प्राक्कलन उपायुक्त बोकारो को भेजा गया, किंतु 05 माह बाद भी प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिली है. जिससे क्षेत्र के लोग स्वच्छ पानी पीने से वंचित हैं. पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया है कि उक्त योजना की प्रशासनिक स्वीकृति दिलाने की कृपा करें. पत्र के अनुसार अविलंब योजना की प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिलत है तो धरना में बैठ जाने की बातें कही.

## बोर्ड ऑफ गवर्नेंस की बैठक संपन्न

**संवाददाता । चांडिल**



सिंहभूम कॉलेज चांडिल में सोमवार को ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक सविता महतो की अध्यक्षता में बोर्ड ऑफ गवर्नेंस की बैठक हुई. कॉलेज में रूसा फंड से बन रहे बिल्डिंग में एक अतिरिक्त क्लास रूम बनाने पर बीओजी की मीटिंग में सर्वसम्मति बनी.

विधायक सविता महतो ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि कॉलेज में नया भवन बनने से ईचागढ़ विधानसभा के छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन में सुविधा होगी. उन्होंने कहा कि सिंहभूम कॉलेज, ईचागढ विधानसभा का एकमात्र अंगीभूत कॉलेज होने के कारण इसके प्रति मेरी जबाबदेही अधिक है. इस कॉलेज के विकास में जो भी संभव होगा वे उसके लिए मदद करेंगी.

विधायक सविता महतो सिंहभूम कॉलेज चांडिल के बोर्ड ऑफ गवर्नेंस की चेयरमेन हैं. इससे पहले प्राचार्य डॉ सरोज कुमार कैवर्त्त ने विधायक सविता महतो व प्रो अशोक कुमार महतो को पुष्पगुच्छ एवं शॉल प्रदानकर उनका अभिनंदन किया.

---

## बेरमो विधायक ने निजी खर्च से मंगाया रिंकी देवी का शव

**संवाददाता । बोकारो**



रिंकी की फाइल तस्वीर

जरीडीह थानाक्षेत्र के टांड़मोहनपुर पंचायत निवासी अमरदीप लहेरी की पत्नी रिंकी देवी का पार्थिव शरीर बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह की पहल पर मुंबई से उसके आवास जैनामोड़ लाया गया. रिंकी देवी कैंसर से पीड़ित थी. उनका इलाज मुंबई के एक कैंसर अस्पताल में चल रहा था, जहां इलाज के क्रम में ही उनकी मृत्यु हो गई. मृतक के परिजनों की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह से शव बोकारो लाने की फरियाद की गयी. विधायक ने अपने निजी खर्च से उनके पार्थिव शरीर को हवाई मार्ग से मंगाने का निर्णय लिया. इसके बाद मुंबई से रांची हवाई मार्ग से रिंकी देवी का शव सोमवार सुबह रांची हवाई अड्डा पहुंचा. इसके बाद एम्बुलेंस से उनका शव जैनामोड़ स्थित पैतृक आवास लाया गया. शव पहुंचते ही लोगों की भीड़ जुट गयी. इस दौरान संवेदना प्रकट करने के लिए लोगों की भीड़ उनके आवास में उमड़ पड़ी. इस दौरान परिजन सहित सभी ग्रामीणों ने बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह के प्रति आभार प्रकट किया. मौके पर विनोद महतो समेत कई लोग मौजूद थे.

### दिनेश ने किया स्वास्थ्य उपकेंद्र का शिलान्यास

**पाकुड़ ।** लिट्टीपाड़ा विधायक दिनेश मरांडी ने सोमवार को बरमसिया पंचायत अंतर्गत चौकीधाप गांव में आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन योजना के तहत स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. विधायक ने योजना के सम्बन्ध में स्वास्थ्य विभाग के सहायक अभियंता प्रदीप कुमार रजक से विस्तृत जानकारी ली. सहायक अभियंता ने बताया कि इस स्थल पर दो मंजिला उप स्वास्थ्य केंद्र भवन बनाया जाएगा. विधायक ने अभियंता को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य को गुणवत्तापूर्ण हो. इस स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण हो जाने से क्षेत्र के लोगो को काफी लाभ मिल पायेगा. बताते चले कि उपकेंद्र भवन का निर्माण 50.50 लाख रुपये की लागत से होगा. इस अवसर पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष इसहाक अंसारी, मुखिया रानू रंजन मुर्मू, पंसस राजेन्द्र साहा मौजूद थे.

## तेजी से हो रहा झारखंड का विकास : मिथिलेश

**अरुण कुमार यादव । गढ़वा**



गढ़वा जिले के रंका प्रखंड के विश्रामपुर स्थित संत जोसेफ मिशन उच्च विद्यालय के सभागार में सोमवार को झामुमो युवा मोर्चा के कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन गढ़वा विधायक सह पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. मौके पर कार्यकर्ताओं एवं विद्यालय प्रबंधन ने मंत्री का भव्य स्वागत किया.

इस कार्यकर्ता सम्मेलन में रंका, रमकंडा एवं चिनियां प्रखंड के युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल हुए. मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार आदिवासी, दलित, वंचित, शोषित व पिछड़ों के हक-अधिकार की रक्षा एवं उन्हें सामाजिक न्याय देने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है. सीएम सोरेन के नेतृत्व में राज्य विकास का नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है. झारखंड राज्य लगातार विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है. यह बात विपक्षियों को पच नहीं रही है. इसलिए विपक्षी ताकतें सरकार को अस्थिर कर राज्य के विकास में बाधा डालना चाहती है. लेकिन हम सब लोगों को एकजुट होकर ऐसी ताकतों को करारा जवाब देना होगा.

मंत्री ने कार्यकर्ताओं को कहा कि हम सबको जनता के बीच जाकर विपक्षी खेमे की सच्चाई को उजागर करना है, ताकि जनता विपक्ष की असलियत जान सके. उन्होंने कहा कि युवाओं में बहुत बड़ी ताकत होती है. युवा यदि ठान लें तो कोई भी काम असंभव नहीं है. आज हमारे सभी युवा कार्यकर्ता अपनी सरकार एवं अपने जनप्रतिनिधि के बेहतर कार्यों के कारण उत्साह से लबरेज हैं. सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र के जनता के बीच जाएं एवं जनता को सरकार द्वारा उनके हित में किये जा रहे कार्यों को बताएं एवं सरकारी योजनाओं से उन्हें लाभान्वित करने का भी कार्य करें. साथ ही सभी कार्यकर्ता विपक्ष के काले कारनामों को भी जनता को बताएं कि उनकी चुनी हुई झारखंडी जनमानस की जनप्रिय सरकार को विपक्ष कैसे परेशान कर रही है.

**किया उद्घाटन**

- सम्मेलन में रंका, रमकंडा व चिनियां के लोग शामिल हुए
- हमें विपक्षी खेमें की सच्चाईक को उजागर करना है

---

**प्रदर्शन** इंडिया गठबंधन ने दिल्ली के पत्रकारों की गिरफ्तारी के विरोध में निकाला मार्च

# इंडिया गठबंधन ने राष्ट्रपति के नाम राजभवन को सौंपा ज्ञापन

**संवाददाता । रांची**




जिला स्कूल मैदान में जुटे इंडिया गठबंधन के नेतागण.

इंडिया गठबंधन ने दिल्ली के पत्रकारों की गिरफ्तारी के विरोध में जिला स्कूल मैदान से राजभवन तक मार्च निकाला. इसके बाद राष्ट्रपति के नाम राजभवन को ज्ञापन सौंपा गया. इसका नेतृत्व पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य प्रमोद कुमार पांडे, राजेंद्र प्रसाद यादव झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम, अंतू तिर्की, राष्ट्रीय जनता दल के धर्मेंद्र महतो कांग्रेस के राकेश किरण, भाकपा माले के शुभेंदु सेन, माकपा के प्रफुल्ल लिंडा, आम आदमी पार्टी के संतोष कुमार रजक, सत्येंद्र सिंह समेत कई दिग्गजों ने किया. इस दौरान इंडिया गठबंधन के नेताओं ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा. कहा कि पत्रकारों को गिरफ्तार कर केंद्र ने अपना फासिस्ट चेहरा उजागर किया है.

पूर्व सांसद भुवनेश्वर मेहता ने कहा कि केंद्र सरकार महंगाई, बेकारी ,बेरोजगारी, भ्रष्टाचार को रोकने में विफल रही है. लोगों का ध्यान इससे हटाने के लिए बेकारके एजेंडा लाकर लोगों को भड़काने की कोशिश की जा रही है. नेताओं ने लोगों से अपील की है कि 2024 में केंद्र सरकार को सत्ता से बाहर करने की अपील करें.

**किया विरोध**

- मार्च का नेतृत्व पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद ने किया
- गठबंधन के नेताओं ने केंद्र पर निशाना साधा

**मार्च में ये रहे शामिल**

प्रदर्शन में पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, प्रमोद कुमार पांडे, वी अजय कुमार सिंह, प्रफुल्ल लिंडा, मुस्ताक अंसारी, अंतू तिर्की राकेश, किरण, वीरेंद्र कुमार शुभेंदु सेन झामुमो के अश्वनी शर्मा, सचिव हेमलाल महतो, जितेंद्र गुप्ता, कमरून निशा इशाक अंसारी,सतेंद्र सिंह,बाबू लाल झा,आफताब आलम,इमतियाज भाई,मनोज ठाकुर नीरज सिंह, नेमान यादव, अंतू तिर्की सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए.

## राकांपा जिलाध्यक्ष ने किया भू-धंसान प्रभावित क्षेत्र का दौरा

**संवाददाता । निरसा**



ष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष उमेश गोस्वामी ने सोमवार को निरसा प्रखंड अंतर्गत देवियाना पंचायत के बाउरी टोला में भू-धंसान प्रभावित लोगों से मिलकर उनका हाल जाना. उन्होंने लोगों को जीएम से मिलकर समस्या के निदान की बात करने का आश्वासन दिया. कहा कि अगर प्रबंधन ने कोई कारगर कदम नहीं उठाया तो आंदोलन किया जाएगा. उन्होंने कहा कि अप्रैल माह में भी घटना घटी थी.

प्रबंधन, अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी की उपस्थिति में वार्ता हुई थी. जिसमे अवैध मुहानों की भराई कर प्रभावित लोगों के घरों की मरम्मत करवाने पर सहमति बनी थी. वार्ता के 6 माह बीत जाने के बाद भी न ही अवैध मुहानों की भराई की गयी और ना ही प्रभावित घरों की मरम्मत ही हुई. घरों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गईं हैं. जिसके कारण लोग डर के साये में जीने को मजबूर हैं. वहीं प्रशासन इन सब बातों से बेखबर चैन की बंसी बजा रहा है. कहा कि अगर कोई घटना घटती है तो इसका ज़िम्मेवार प्रशासन व ईसीएल प्रबंधन होगा.

## ब्रीफ खबरें

### स्टेशन पर आरपीएफ ने चलाया अभियान

**पाकुड़।** रेलवे स्टेशन पाकुड़ में आरपीएफ की ओर से 9 अक्टूबर को जागरूकता अभियान चलाया गया. इस दौरान आम लोगों को बताया गया कि पटरी पर जब ट्रेन आ रही हो तो रास्ता पार नहीं करनी चाहिए. वैसे लोग जो बताने के बाद भी बाज नहीं आते हैं, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी. रेल यातायात के दौरान यात्रा की सुरक्षा को लेकर लगातार कोशिश करने के बावजूद लोग आदत से मजबूर हैं. जान जोखिम में डालकर रेलवे के नियमों के अनदेखी करते रहते हैं.

### प्रभारी बीडीओ संग्राम मुर्मू ने संभाला प्रभार

**गिरिडीह।** तिसरी के प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष प्रजापति का स्थानांतरण होने पर 9 अक्टूबर को प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में कर्मचारियों ने विदाई समारोह का आयोजन किया. इसकी अध्यक्षता प्रमुख राजकुमार यादव व संचालन राजन कुमार ने किया. इस दौरान प्रखंड व अंचल कार्यालय के कर्मियों ने गुलदस्ता, अंगवस्त्र सहित कई चीजें बीडीओ को भेंट की. बीडीओ संतोष प्रजापति ने कहा कि तिसरी में दो वर्षों का कार्यकाल कैसे बीत गया पता ही नहीं चला.

### झरगाडा पंचायत सचिवालय में हुई बैठक

**हुसैनाबाद, पलामू।** हुसैनाबाद प्रखंड के झरगाडा के पंचायत सचिवालय में जनता की उपस्थिति में वार्षिक समीक्षात्मक बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता मुखिया अशोक चौधरी ने किया. मौके पर मुखिया अशोक चौधरी ने कहा कि मनरेगा 15वें वित, शिक्षा, स्वास्थ्य, विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन, जन वितरण प्रणाली, आंगनबाड़ी एवं पेयजल से संबंधित मामलों पर विचार विमर्श किया गया. उन्होंने कहा कि अपने कार्यों में पारदर्शिता लायें.

### गोमिया के नए बीडीओ ने दिया योगदान

**बेरमो।** गोमिया के नए बीडीओ महादेव कुमार महतो ने 9 अक्टूबर को अपने पद पर योगदान दिया. कुमार ने तत्कालीन बीडीओ कपिल कुमार से प्रभार लिया. इसके बाद मुखिया संघ ने प्रखंड के सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया. जहां मुखिया संघ के अध्यक्ष तेजलाल महतो के नेतृत्व में नए पदस्थापित महतो को गुलदस्ता देकर स्वागत किया, वहीं तत्कालीन बीडीओ कपिल कुमार उपहार देकर विदाई दी. इस विदाई समारोह में 36 पंचायत के मुखियों ने भाग लिया.

### वेतन कटौती को लेकर धरना दूसरे दिन भी जारी

**निरसा।** एमपीएल के अधीन इंडवेल व अन्य कंपनी में कार्यरत मजदूर 20 प्रतिशत बोनस, सैलरी कटौती व प्रबंधन की तानाशाही रवैये के ख़िलाफ़ एमपीएल कामगार यूनियन के बैनर तले आंदोलनरत कर्मियों का धरना सोमवार को दूसरे दिन भी जारी रहा. आंदोलनरत कर्मियों का कहना है कि मांगे पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा. कर्मियों का आरोप है कि एमपीएल के अधीन कार्यरत कंपनी ने 5 अक्टूबर तक 20% बोनस कर देने की बात कही थी लेकिन कंपनी अपनी बात से मुकर गई.

### सड़कें जर्जर, बना रहे सेल्फी प्वाइंट : रागिनी

**धनबाद।** रानीबांध धैया एवं गया पुल रांगाटांड़ के समीप रोड़ पर जल जमाव की निकासी व निदान के संबंध में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने सोमवार 9 अक्टूबर को उपायुक्त वरुण रंजन को पत्र दे कर उनका ध्यान आकर्षित किया. कहा कि रानीबांध धैया एवं गया पुल रांगाटांड़ के समीप रोड़ पर विगत कई महीनो से जल जमाव के कारण सड़क जर्जर अवस्था में पहुंच गई है. इससे स्थानीय आम लोगों कोआवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है.

### ठेका कंपनी की लापरवाही से क्षतिग्रस्त हुआ पाइप

**जमशेदपुर।** एमजीएम अस्पताल में नए भवन का निर्माण करने वाली ठेका कंपनी की लापरवाही से एमजीएम अस्पताल का पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गया. इस कारण एमजीएम अस्पताल में 20 घंटे तक कई जरूरी काम रुक गई. अस्पताल में कई ऑपरेशन को टालना पड़ा. हालांकि सोमवार को क्षतिग्रस्त पाइप की लीपापोती कर पानी की सप्लाई को चालू कराया गया. दरअसल, ठेका कंपनी द्वारा परिसर में नए भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है.

---

### जबलपुर हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने सोमवार को याचिका पर फैसला सुनाया

# 11वें वेतन समझौते के तहत होगा भुगतान

संवाददाता | धनबाद

11वें वेतन समझौता को लेकर यूनियन और कोल अधिकारियों की ओर से दायर याचिका पर जबलपुर हाईकोर्ट के न्यायाधीश ने सोमवार को फैसला सुना दिया है. हाईकोर्ट ने सभी कोलकर्मियों का वेतन भुगतान 11वें वेतन समझौता के हिसाब से करने का आदेश दिया है. कोर्ट ने कोल अधिकारियों की 11वें वेतन समझौता को खारिज करने की याचिका पर भी स्टे लगा दिया है. अगली सुनवाई की तिथि 17 अक्टूबर रखी गई है. कोर्ट के आदेश के बाद दिल्ली में कोल इंडिया के



कोयला भवन की फाइल फोटो.

चेयरमैन पीएम प्रसाद ने भी ट्रेड यूनियन के सदस्यों के साथ बैठक कर बीसीसीएल समेत सभी अनुषंगी इकाइयों को वेतन देने का आदेश जारी कर दिया. संभवतः 10 अक्टूबर को कोल इंडिया के 2.33 लाख कोलकर्मियों को वेतन भुगतान कर दिया जाएगा.

**दोहरी खुशी से सभी के चेहरे खिले :** नए वेतनमान और बोनस से कोलकर्मियों के चेहरे खिल उठे हैं. दुगार्पूजा के साथ दिवाली और छठ पूजा में भी रौनक रहेगी. इंटक सूत्रों के अनुसार पिछले कई दिनों से कर्मियों में बोनस व वेतन भुगतान को काफी चिंता थी, जो अब दूर हो गई है. नवरात्र में बढ़ा हुआ वेतन और बोनस मिल जाएगा.

#### कोल कर्मियों में खुशी की लहर

हाईकोर्ट के फैसले से धनबाद के कोलकर्मियों में खुशी की लहर है. इंटक के महामंत्री एके झा, बीएमएस के उमेश सिंह व एटक के लखनलाल महतो ने कहा कि हाईकोर्ट ने कोलकर्मियों के हित में फैसला सुनाया है. कोल इंडिया के चेयरमैन ने भी कोर्ट के आदेश को मानते हुए वेतन भुगतान करने का आदेश जारी कर दिया है. कोलकर्मियों के हित में फैसला नहीं होता तो देशभर के 2.33 लाख लोग 12 अक्टूबर से तीन दिवसीय हड़ताल पर चले जाते. विदित हो कि कोल इंडिया के अधिकारियों ने जून माह में कोलकर्मियों के 11वें वेतन समझौते को खारिज करने के लिए जबलपुर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की थी. यूनियन की ओर से एचएमएस के नाथूलाल पांडेय ने याचिका दायर की थी.

---

आओ जानें

### प्रमुख समाधि स्थल

| समाधि स्थल | संबंधित व्यक्ति |
|---|---|
| राजघाट | महात्मा गांधी |
| महाप्रयाण घाट | डॉ राजेंद्र प्रसाद |
| शांतिवन | जवाहरलाल नेहरू |
| विजय घाट | लाल बहादुर शास्त्री |
| शक्ति स्थल | इंदिरा गांधी |
| अभय घाट | मोरारजी देसाई |
| सान घाट | चौधरी चरण सिंह |
| वीर भूमि | राजीव गांधी |
| उदय भूमि | के आर नारायण |
| नारायण घाट | गुलजारी लाल नंदा |
| समता स्थल | जगजीवन राम |
| जतरा भरनी चतरा भूमि | बीआर अंबेडकर |
| एकता स्थल | ज्ञानी जैल सिंह |

---

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सीएम ने संकल्प सभा को किया संबोधित

# ईडी से क्यों भाग रहे सीएम साहब : मरांडी

संवाददाता | खरसावां

खरसावां के डाक बांग्ला मैदान विस स्तरीय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार ने जनता को झलने का काम किया. भ्रष्ट और अक्षम राजनीतिक नेतृत्व के कारण झारखंड के हालात बिगड़े हुए हैं. खनन संपदाओं की लूट, मां-बहनों में असुरक्षा की भावना, बिगड़ी कानून व्यवस्था, लचर स्वास्थ्य व्यवस्था हेमंत सोरेन के नाकामियों को दर्शा रही है. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन के खिलाफ इडी का समन जारी होते ही तरह तरह का बहाना बना कर यहां-वहां भागते फिर रहे हैं. अगर वे गलत नहीं है, तो इडी के समक्ष उपस्थित होकर अपनी सफाई क्यों नहीं दे रहे हैं. इससे स्पष्ट होता है कि ऐसी भ्रष्ट सरकार में सिर्फ लूट मची है.

उन्होंने कहा कि सीएम का अगला ठिकाना होटवार जेल है. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि केंद्र सरकार दिल्ली से गरीबों के लिए पैसा और अनाज भेज रही है, लेकिन हेमंत सरकार के मंत्री और अधिकारीगण कमीशनखोरी करके गरीबों का हक भी गबन कर ले रहे हैं. भारतीय जनता पार्टी गरीबों की हकमारी बर्दाश्त नहीं करेगी. कभी राशन डिलरों को कम राशन दिया जा रहा है. साथ ही उन्हें समय पर राशन की कमीशन भी नहीं दिया जा रहा है. देश आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकास के नए आयामों को छू रहा है. इसीलिए पैसों की राजनीति करने वाली कुछ भ्रष्ट पारिवारिक पार्टियां मोदी जी को रोकने के लिए एकजुट हो रही हैं.



#### जमशेदपुर में बाबूलाल मरांडी का हुआ भव्य स्वागत

**जमशेदपुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार बाबूलाल मरांडी सोमवार की शाम जमशेदपुर पहुंचे. यहां आदित्यपुर ब्रिज पर बाबूलाल मरांडी का भाजपा महानगर के जिला अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों सहित गगनभेदी नारों के साथ भव्य स्वागत किया. सबसे पहले बाबूलाल मरांडी ने आदित्पुर ब्रिज पर स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया. जमशेदपुर पहुंचे बाबूलाल मरांडी पत्रकारों से बात करने इंकार कर दिया.

#### झामुमो ने प्राकृतिक संसाधनों का दोहन किया : डॉ गोस्वामी

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा कि सीएम ने घोषणा किया था कि खरसावां गोली कांड के शहीदों के आश्रीतों को ढूंढ ढंड कर नौकरी देंगे. शहीद पार्क को विकसित करेंगे. परंतु अन्य घोषणाओं की तरह सीएम की यह घोषणा भी हवा हवाई साबित हुई. अब तो शहीद पार्क की रख रखाव तक नहीं होती है. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने खरसावां के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाया है.

#### झामुमो की सरकार ने जनता को ठगा : शैलेंद्र

भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शैलेंद्र सिंह ने कहा कि झामुमो की सरकार ने लोक लुभवनी वायदों के सहारे राज्य की जनता को ठगने का काम किया. जनता से किये वायदों को पूरा करने में नाकाम रही. राज्य की जनता इस सरकार को सबक सिखायेगी. बाबूलाल मारंडी ने खरसावां पहुंचने पर पहले शहीद बेदी पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की.

#### कई ने थामा भाजपा का दामन

कार्यक्रम में के दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के कई नेताओं ने भाजपा का दामन थामा. प्रधान पासिंग गुंदुवा, युवा नेता मो दबंग व भारती जोंको के नेतृत्व में बडी संख्या में समर्थकों ने भाजपा का दामन थामा .कार्यक्रम के दौरान मुख्य रुप से महिला नेत्री मीरा मुंडा, जिला प्रभारी जेबी तुबिदसमेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे.

#### बोले बाबूलाल

- अक्षम नेतृत्व के कारण झारखंड के हालात बिगड़े
- हेमंत सरकार के मंत्री गरीबों का हक मार रहे है

### राज्य सरकार की बेरुखी से चौपट हुआ सिल्क उद्योग : मीरा

भाजपा की महिला नेत्री मीरा मुंडा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार लगातार जन कल्याणकारी कार्य करने में जुटी हुई है, वहीं राज्य सरकार विकास को प्रभावित कर रही है. विकास योजनाओं में भ्रष्टाचार हाबी है. दस वर्ष पूर्व तक तसर सुत कताई-बुनाई के जरीये खरसावां-कुचाई के गांवों की महिलाओं को स्वरोजगार मिलता था. तसर से जुड़े यहां के उत्पाद विदेशों में बिकते थे. परंतु वर्तमान सरकार की बेरुखी के कारण तसर सुत कताई का कार्य ठप पड़ा हुआ है. अर्जुन मुंडा जी के समय में शुरु किये 500 बेड का अस्पताल अब भी अधुरा पड़ा है. उन्होंने कहा कि वर्तमान की राज्य सरकार खरसावां के विकास के रफ्तार पर ब्रेक लगाने का कार्य कर रही है. उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जनता इसका हिसाब करेगी. मीरा मुंडा ने विभिन्न मुद्दों को लेकर राज्य सरकार की जम कर आलोचना की.

---

# स्वास्थ्य मंत्री ने दिखाई मानवता

संवाददाता | जमशेदपुर/रांची

एक बार फिर स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने मानवता का परिचय दिया है. दरसअल बहरागोड़ा से जमशेदपुर आने के क्रम में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को देखा. उन्होंने संवेदना का परिचय देते हुए अपने स्कॉट को रुकवाया और स्वयं अपने हाथ से घायल व्यक्ति को अपने स्कॉट वाहन जिप्सी से एमजीएम अस्पताल भेजा. अस्पताल में घायल की ओटी की व्यवस्था हो गई.

**अस्पताल के अधीक्षक को व्यवस्था करने का निर्देश :** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपने सुरक्षाकर्मियों को भी साथ भेजा और वायरलेस पर इमरजेंसी अलर्ट करवा कर घायल को रवाना किया. इस बीच उन्होंने एमजीएम अधीक्षक को फोन पर सूचना देते हुए हर परिस्थिति के लिए तैयारी करने का निर्देश दिया. घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की इस मानवीय संवेदना की तारीफ की.



#### पहले भी घायलों की कर चुके हैं मदद

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी बेड़ो में सड़क दुर्घटना में घायल को उन्होंने रांची रिम्स भिजवाया था. जिससे उसकी जान बच गई. इससे पहले चांडिल और लोहरदगा में भी गुजरने के क्रम में उन्होंने काफिला रुकवा कर घायलों की मदद की है.

### डीवीसी के जीएम को सौंपा मांगपत्र

**लातेहार।** अखिल झारखंड बिरसा मुंडा कामगार यूनियन व झारखंड खनिज मजदूर संघ ने डीवीसी के महाप्रबंधक को संबोधित एक मांग पत्र तुबेद कोल माइन के कार्यकारी निदेशक (माइनिंग) जगेश कुमार मांडिये को सौंपा है. उन्होंने अपने मांग पत्र में तुबेद कोल खान परियोजना के भू- रैयतों को उचित मुआवजा, नौकरी, विस्थापितों को पुनर्वास की व्यवस्था, स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने एवं सीएसआर का अनुपालन करने की मांग की है. मांग पत्र में कहा गया है कि लातेहार एक आदिवासी व हरिजन बहुल क्षेत्र है.

### पांच राज्यों के गृह सचिवों के साथ एसआरई फंड पर बैठक कल

संवाददाता | रांची

एसआरई फंड को लेकर केंद्रीय गृह मंत्रालय झारखंड समेत पांच राज्यों के गृह सचिव के साथ बैठक करेगा. केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा एसआरई फंड के तहत वित्तीय वर्ष 2023- 24 को लेकर वर्क प्लान और खर्च को लेकर झारखंड,आंध्र प्रदेश, बिहार, केरल और पश्चिम बंगाल के गृह सचिव के साथ बैठक की जाएगी.

यह बैठक 11 अक्टूबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी. राज्य के 16 जिलों में रांची, खूंटी, बोकारो, चतरा, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं. वहीं आठ अति माओवाद प्रभावित जिलों में चतरा, गिरिडीह, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं.

---

# आजसू ने रोके छाई लदे ट्रक डंपर मालिकों ने रोका कंटनेर



नूरीनगर के डीवीसी पौंड से निकल रहे डंपर रोकते लोग.

बोकारो थर्मल

आजसू के कार्यकर्ताओं ने 9 अक्टूबर को बोकारो थर्मल के नूरीनगर स्थित डीवीसी के ऐश पौंड से ओवर लोडिंग छाई ले जा रहे ट्रक को रोक दिया. इसका नेतृत्व सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र यादव ने किया. इससे ऐश पौंड से छाई ट्रांस्पोंटिंग पूरी तरह से ठप हो गया है. सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र यादव का कहना है कि आरके ट्रांसपोर्ट व सौरव सागर ट्रेडिंग कंपनी की ओर से डीवीसी के ऐश पौंड से प्रतिदिन हाइवा ट्रक से छाई ओवर लोड लेकर जाती है. मौके पर छोटेलाल यादव, दिलीप यादव, मुकेश यादव, सुनील सिंह, अनुप सिंह, विवेक यादव, भोला सिंह, सचिन सिंह, धीरज यादव, सूरज यादव, रोमिल यादव, अख्ता अंसारी, विकास यादव सहित कई लोग शामिल है. दूसरी ओर कथारा के बोड़िया ग्राम के ग्रामीणों ने कथारा में ओवर लोडिंग छाई ट्रांसपोर्टिंग की गाड़ियों को रोक दिया है. ग्रामीण वाहनों को रोककर डीटीओ को बुलाने की मांग कर रहे थे.

### सब-वे में जलजमाव की समस्या से मिलेगी निजात

**पाकुड़।** भूमिगत पथ (सब-वे) में जलजमाव की समस्या के समाधान के लिए रेलवे के पदाधिकारियों ने 9 अक्टूबर को स्थल निरीक्षण किया. निरीक्षण में स्टेशन प्रबंधक पाकुड़ लखीराम हेम्ब्रम, यातायात निरीक्षक ज्योतिर्मय साहा, वरिष्ठ विद्युत अनुभाग अभियंता राजू कुमार शामिल थे. मौके पर ईस्टर्न जोनल रेलवे पैसेंजर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हिसाबी राय, सचिव राणा शुक्ला ने अधिकारियों को हालात की जानकारी दी. निरीक्षण में भूमिगत पथ में जलजमाव की समस्या के स्थाई समाधान की योजना बनाई गई. जिसमें प्रथम दृष्टया सब-वे के पानी टंकी की सफाई, सब-वे पानी टंकी को जोड़ने वाली वर्तमान नाली का ब्रिज संख्या 232 तक विस्तारीकरण, सब-वे में अत्यधिक पानी जमाव न हो इसलिए सब-वे के दोनों ओर अवस्थित नाली पर लोहे के जाली का लगाना, सुरक्षा के दृष्टिकोण से सब-वे टंकी के चारों ओर चाहरदिवारी का निर्माण, सब-वे के टूटी फूटी रोड का पुनर्निर्माण का निर्णय लिया गया.

# सुप्रीम कोर्ट में हाजिर हुए सीएस

संवाददाता | रांची/दिल्ली

झारखंड के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह सोमवार को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष सशरीर उपस्थित हुए. सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें पिछले 20 वर्षों से कर्मचारियों के बकाये वेतन देने से संबंधित मामले में तलब किया था. सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने मुख्य सचिव को यह निर्देश दिया है कि मामले का समाधान खोजने के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की जाए. इस तीन सदस्यीय कमेटी में झारखंड, बिहार और केंद्र सरकार के अवर सचिव रैंक के अधिकारी होंगे. कमेटी सुप्रीम कोर्ट को अपनी रिपोर्ट देगी. इस मामले की अगली सुनवाई 7 नवंबर को होगी. सुनवाई के दौरान उपस्थित महाधिवक्ता ने कोर्ट से आग्रह किया कि मुख्य सचिव को अगली सुनवाई में सशरीर उपस्थित न कराया जाए. जिसे स्वीकार करते हुए अदालत ने मुख्य सचिव को अगली सुनवाई के दौरान सशरीर उपस्थित होने से छूट दी है.यहां बता दें कि इस संबंध में बिहार राज्य अर्धसरकारी अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ व अन्य की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है.

#### हाईकोर्ट में सीएम की क्रिमिनल रिट पर सुनवाई 17 को

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की क्रिमिनल रिट पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सोमवार को आंशिक सुनवाई के बाद अदालत ने आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े मामले में अगली सुनवाई के लिए 17 अक्तूबर की डेट तय की है. अगली सुनवाई के दौरान राज्य सरकार और प्रार्थी की ओर से बहस की जाएगी. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय कुमार द्विवेदी की अदालत में इस मामले की सुनवाई हुई. हेमंत सोरेन की ओर से अधिवक्ता प्रदीप चन्द्रा ने बहस की. दरअसल मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट दाखिल की है. जिसमें उन्होंने अदालत से यह गुहार लगाई है कि पश्चिमी सिंहभूम जिले में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द किया जाए. मुख्यमंत्री ने जिस एफआईआर को रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है, वह पश्चिमी सिंहभूम जिले के आदित्यपुर थाना में दर्ज है. इस प्राथमिकी का कांड संख्या 418/2014 है. इस प्राथमिकी में हेमंत सोरेन को आईपीसी की धारा 188,506 और आरपी एक्ट (रिप्रेजेंटेशन ऑफ पीपल एक्ट) की धाराओं में आरोपी बनाया गया है. दरअसल वर्ष 2014 के चुनाव के दौरान हेमंत सोरेन अपनी पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने गए थे. उस दौरान उनपर आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया था. आचार संहिता से जुड़े इस मामले की सुनवाई पश्चिमी सिंहभूम जिले की सिविल कोर्ट में चल रही है.

### पंचायत के वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**घाटशिला।** पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार की ओर से सोमवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार एवं धरमबहाल पंचायत सचिवालय में 10 अलग-अलग पंचायत के वार्ड सदस्यों को मास्टर ट्रेलर द्वारा प्रशिक्षण दिया गया. इस संबंध में जानकारी देते हुए मास्टर ट्रेनर अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि पंचायती राज विभाग की तरफ से पंचायत प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है. तीन दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण में अलग-अलग 10 पंचायत के वार्ड सदस्यों को पंचायत में वार्ड सदस्यों की भूमिका क्या है, ग्राम पंचायत विकास में योगदान कितना अहम है, विकास कार्यों में सतत लक्ष्य आदि विषयों पर पहले दिन प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण में उनके साथ मीणा डिग्गी, अंजलि टुडू एवं धरमबहाल पंचायत सचिवालय में मास्टर ट्रेनर के रूप में विश्वरूप चटर्जी एवं उनके सहयोगी गीता सोरेन, रायमत मार्डी प्रशिक्षण दे रहे हैं.

---

### सदर अस्पताल | जवानों ने कहा, कहीं ना कहीं भुगतान न होने के पीछे राजनीति

# होमगार्ड जवान हड़ताल पर, पांच माह से नहीं मिला वेतन

संवाददाता | जमशेदपुर

जमशेदपुर के परसुडीह स्थित सदर अस्पताल के होमगार्ड के जवान सोमवार से हड़ताल पर चले गए. सोमवार को सभी जवान धरने पर बैठ गए और हड़ताल का ऐलान कर दिया. जवानों ने बताया कि सदर अस्पताल में कुल 42 जवान पद पदस्थापित थे. जहां 12 जवानों को तत्काल हटा दिया गया है. फिलहाल 30 जवान ही है जो कि अस्पताल की सुरक्षा में तैनात है. इन 30 जवानों को पिछले पांच महीने से भुगतान नहीं हुआ है, जिसके कारण जवानों के समक्ष भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है. स्थिति इतनी विकराल हो गई है कि छोटे-छोटे बच्चों का स्कूल



धरनास्थल पर नारे लगाते जवान.

फीस भी वे जमा नहीं कर पा रहे हैं.

**भुगतान न होने के पीछे राजनीति : रमेश ।** जानकारी देते हुए होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष रमेश प्रसाद ने कहा कि आउटसोर्स के माध्यम से इन जवानों का वेतन किया जाता आ रहा था और आज सिविल सर्जन द्वारा बताया जा रहा है कि आउटसोर्स का जो फंड है वह पूरी तरह से नील है. उन्होंने कहा कि कहीं ना कहीं इस भुगतान न होने के पीछे राजनीति है. कहीं ना कहीं होमगार्ड के जवानों को हटाकर निजी सुरक्षा कर्मियों को काम देने की एक साजिश रची जा रही है. उन्होंने कहा 5 महीने से जवानों के परिवार के सदस्य दाने-दाने को मोहताज है. पर किसी तरह का कोई कदम सिविल सर्जन के द्वारा नहीं उठाया जा रहा है. थकहार कर आज सभी आंदोलन के लिए बाध्य हुए.

#### खास बातें

- सदर अस्पताल में 42 जवान थे पदस्थापित
- फिलहाल 30 जवान ही अस्पताल की सुरक्षा में तैनात

#### फंड नहीं भेज रही है सरकार : सीएस

सिविल सर्जन जुझार मांझी ने कहा कि वे भी इस स्थिति से परेशान हैं, सरकार के द्वारा आउटसोर्स फंड में पैसा नहीं भेजा जा रहा है जिसकी वजह से इनका भुगतान नहीं किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि जिस मद का पैसा है उसी मद में ही भुगतान किया जा सकता है. आउटसोर्स का पैसा नहीं आया है, जिसकी वजह से परेशानी हो रही है. उन्होंने कहा कि जैसे पैसा आएगा सभी का भुगतान कर दिया जाएगा. आउटसोर्स के माध्यम से भुगतान नहीं हो पा रहा है. जिसकी वजह से संख्या बल कम किया जा रहा है.

# उपायुक्त ने खनन क्रशर संचालकों संग की बैठक



संवाददाता | पाकुड़

समाहरणालय स्थित सभागार में 9 अक्टूबर को उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में सभी पत्थर खनन पट्टेधारियों व क्रशर संचालकों की बैठक हुई. बैठक में मौजूद खनन पट्टाधारियों को उपायुक्त ने खदान संचालन में सभी नियमों के अनुपालन का निर्देश दिया. नियमों के तहत खदान व क्रशर प्लांट की घेराबंदी करने, सीसीटीवी कैमरा लगाने, सूचना पट्ट लगाने, व्यवसायिक स्थल पर संपूर्ण दस्तावेज रखने, निरीक्षण पंजी रखने, क्रशर प्लांट में प्रदूषण मापक यंत्र लगाने, प्रदूषण नियमों के अनुपालन को लेकर जल छिड़काव व पौधा लगाने का काम होना चाहिए. सभी पट्टाधारी अपने खनन क्षेत्र के प्रवेश द्वार के पास ही साइन बोर्ड लगाना होगा. खनन पट्टा में निर्धारित क्षेत्र के बाहर खनन कार्य नहीं करेंगे. जांच के दौरान अगर लीज एरिया से बाहर काम करते पाए गए तो प्रावधान के तहत कार्रवाई की जाएगी.

## ब्रीफ खबरें

### नए बीडीओ ने दिया योगदान, हुआ स्वागत

**घाटशिला।** प्रखंड कार्यालय में नई प्रखंड विकास पदाधिकारी युनिका शर्मा का बीडीओ कुमार एस अभिनव एवं सभी स्टाफ की ओर से पुष्प गुछ देकर स्वागत किया गया. पहली बार घाटशिला प्रखंड कार्यालय में महिला प्रखंड विकास पदाधिकारी योगदान दे रही है. घाटशिला के प्रखंड विकास पदाधिकारी कुमार एस अभिनव का स्थानांतरण नीमडीह प्रखंड मुख्यालय में हुआ है. बीडीओ कुमार एस अभिनव ने नई बीडीओ को अपना कार्यभार सौंपा.

### बाल हिंसा के खिलाफ चलाया गया अभियान

**पाकुड़ ।** जिला जज बाल कृष्ण तिवारी के निर्देश व सचिव शिल्पा मुर्मू के मार्गदर्शन में सोमवार को जिला बाल संरक्षण इकाई, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन व जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के सयुंक्त तत्वावधान में जागरुकता शिविर लगाया गया. बाल विवाह, बाल श्रम, बाल तस्करी पर प्रकाश डालते हुए सीडब्ल्यूसी के सदस्य ने बताया कि बच्चों की देखभाल व सुरक्षा की आवश्यकता वाले अनाथ व खोए हुए बच्चों की सुरक्षा, उपचार, विकास व सहायता प्रदान को सीडब्ल्यूसी टीम हमेशा तत्पर है.

### जिला परिषद सदस्य 12 अक्टूबर को देंगे धरना

**पाकुड़।** जिले के जिला परिषद सदस्य 6 सूत्री मांगों को लेकर 12 अक्टूबर को उपयुक्त कार्यालय के समक्ष आंदोलन करेंगे. इस आंदोलन का निर्णय जिला परिषद की अध्यक्ष जूली खृष्ट मनी हेंब्रम की अध्यक्षता में 9 अक्टूबर को हुई बैठक में लिया गया. बैठक में सदस्यों ने कहा कि वित्तीय वर्ष 22-23 की कार्य योजनाओं को बदला जाए, जिला परिषद में नए निबंध करने की अनुमति दी जाए, जिला परिषद बोर्ड की बैठक में लिए गए प्रस्ताव पर कार्य किए जाए.

### शॉर्ट सर्किट से बिजली के खंभे में लगी आग

**चाकुलिया।** पुराना बाजार स्थित हनुमान मंदिर और बैंक ऑफ इंडिया के बीच सोमवार की दोपहर बिजली के एक पोल में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई. सूचना पाकर विद्युत कर्मी पहुंचे और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आग बुझायी. आग से किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है. जानकारी के मुताबिक उक्त खंभे पर तार का जाल सा बन गया है. तार के बीच चिड़िया ने एक घोंसला बना रखा था. जिससे स्पार्क होने से घोंसले में आग लग गई.

### प्रखंड विकास पदाधिकारी केशव भारती ने लिया पदभार

**बहरागोड़ा।** प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी केशव भारती ने सोमवार दोपहर को पदभार ग्रहण किया. इस मौके पर उन्होंने प्रखंड कार्यालय से संबंधित सभी कार्यों को गति प्रदान करना प्रमुख लक्ष्य बताया. साथ ही उन्होंने पदभार ग्रहण करने के पश्चात प्रखंड कार्यालय कर्मियों से परिचय प्राप्त किया. इस मौके पर अंचल तथा प्रखंड के सभी कर्मी उपस्थित थे.

### कोलेबिरा बीडीओ का ट्रांसफर, दी गई विदाई

**सिमडेगा।** कोलेबिरा के प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार का ट्रांसफर दूसरे जगह पर हो गया. अखिलेश कुमार के सम्मान में कोलेबिरा प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मचारी, प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया और प्रखंड प्रमुख ने विदाई समारोह का आयोजन किया. मौके पर जिला परिषद् अध्यक्ष रोज प्रतिमा सोरेंग ने कहा कि अखिलेश कुमार के कार्यों को भुलाया नही जा सकता है. यह कहकर वह भावुक नजर आई. जबकि विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि इनका कार्यकाल यादगार रहेगा. उन्होंने सरकार की योजनाओं को धरातल पर लाने का काम किया.

### दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**तोपचांची।** थाना में दुर्गा पूजा को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक हुई. बैठक में लगभग 9 पूजा समिति के प्रतिनिधि शामिल हुए. पूजा समितियों ने नेशनल हाईवे किनारे बंद पड़ी लगी स्ट्रीट लाइटों, सर्विस रोड पर जारी अतिक्रमण, बिजली की लचर व्यवस्था सहित अन्य मुद्दों को उठाया. तोपचांची अंचलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि सरकार के गाइडलाइन के अनुसार सभी पूजा पंडालों में सीसीटीवी लगाना अनिवार्य है.

---

गली-मुहल्लों में जगह-जगह लगा कचरे का ढेर, 5 वार्ड के 33 सुपरवाइजरों हटाकर ही दम लेंगे नगर आयुक्त

# नगर आयुक्त की जिद के आगे डीसी का आदेश भी फेल

**अमित सिन्हा । धनबाद**

उपायुक्त वरुण रंजन ने बीते शनिवार को बैठक में नगर निगम को निर्देश दिया कि शहरवासियों के जगने के पहले सफाई हो जानी चाहिए. इधर नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार अपनी जिद पर अड़े हुए हैं कि सभी 55 वार्ड के 33 सुपरवाइजरों हटाकर ही दम लेंगे. हालत यह है कि सफाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है.

अब दुर्गा पूजा में शहर की सफाई राम भरोसे हो गई है. पिछले15 दिनों से सिर्फ मुख्य सडकों की सफाई हो रही है. शहर के गली मुहल्ले व लिंक रोड की सफाई पूरी तरह ठप हो गई है.



प्रोफेसर कॉलोनी में लगा कचरे का ढेर.

**क्यों जिद पर अड़े हैं नगर आयुक्त**

पिछले आठ साल से कार्य कर रहे सुपरवाइजरों ने हाई कोर्ट में अपील की है कि नगर निगम की बहाली में उन्हें प्राथमिकता दी जाए. कोर्ट जाने से नाराज नगर आयुक्त ने सभी को कार्य मुक्त कर दिया. इस दौरान सभी सुपरवाइजरों ने नगर आयुक्त से कई बार मिलने की कोशिश की, पर उन्होंने साफ कह दिया कि जब तक केस वापस नहीं लेंगे, कोई बात नहीं करेंगे.

**मुख्य सड़क की सफाई, कॉलोनी में कचरा**

हीरापुर की मुख्य सड़क की सफाई तो हो रही है, परंतु हीरापुर के आवासीय क्षेत्रों में गंदगी पड़ी है श्मशान रोड, प्रोफेसर कॉलोनी, बिनोद नगर आदि जगहों पर फैले कचरों से मवेशी अपनी भूख मिटा रहे हैं. इन जगहों से गुजरनेवाले दुर्गंध के मारे नाक पर रुमाल रख रहे हैं.

**कनीय अभियंता के जिम्मे सफाई की व्यवस्था**

जब से वार्ड की सफाई की जिम्मेदारी से सुपरवाइजरों को मुक्त कर कनीय अभियंताओं को जिम्मा सौंपा गया है, तभी से सफाई व्यवस्था बेपटरी हो गई है. एक भी कनीय अभियंता अहले सुबह सफाईकर्मियों को काम बांटने नहीं आ रहे हैं. सभी बाबू बस फोन पर ही सफाई का हाल जान रहे हैं, जिससे मुख्य सड़क के अलावा कहीं झाड़ू तक नहीं लग रहा है. कनीय अभियंता आम नागरिकों की परेशानी भी नहीं सुन रहे हैं.

**सुपरवाइजरों ने उपायुक्त को सुनाई पीड़ा**

शनिवार को देर शाम नगर निगम से हटाए गए सभी 33 सुपरवाइजरों ने उपायुक्त से मिलकर बताया कि उन्हें नगर आयुक्त ने कार्य से मुक्त कर दिया है. संज्ञान लेते हुए उपायुक्त ने उन्हें आश्वस्त किया कि इस मामले में वह पहल करेंगे. उपायुक्त ने सभी सुपरवाइजरों को एक सप्ताह के भीतर निष्कर्ष निकालने का भरोसा दिलाया है.

---

आओ जानें

## विश्व की प्रमुख जलसंधि

| जलसंधि का नाम | जिन्हें जोड़ती है देश |
|---|---|
| पाक जल संधि | पाक खाड़ी और बंगाल की खाड़ी |
| डंकन जलसंधि | बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर |
| बेरिंग जलसंधि | प्रशांत महासागर और आर्कटिक महासागर |
| मलक्का जलसंधि | हिंद महासागर और प्रशांत महासागर |
| सुंडा जल संधि | हिंद महासागर और जावा सागर |
| हरमुज जल संधि | फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी |
| बाब अल मंडाब जलसंधि | लाल सागर और अदन की खाड़ी |
| मोजांबिक चैनल | हिंद महासागर |
| बॉस्फोरस जलसंधि | काला सागर और मरमरा सागर |
| डार्डानेल्स जलडमरूमध्य | मरमरा सागर और भूमध्य सागर |
| इंग्लिश चैनल | अटलांटिक महासागर और डोवर जलसंधि |
| डोवर जल संधि | उत्तरी सागर और इंग्लिश चैनल |
| उत्तरी चैनल | आयरिश सागर और अटलांटिक महासागर |

---

ठेकेदार की लापरवाही ले डूबी, चार माह से नहीं मिल रहा पानी

# फेल ! 14 करोड़ की तेलमच्चो ग्रामीण जलापूर्ति योजना

**वन बिहारी महतो। महुदा**

तीन पंचायतों के लोगों की प्यास बुझाने के लिए 14 करोड़ की लागत से निर्मित तेलमच्चो ग्रामीण जलापूर्ति योजना फेल कर गई है. सच कहा जाए तो यह योजना ठेकेदार के घटिया कार्य व विभाग की अनदेखी की भेंट चढ़ गयी. इस जलापूर्ति योजना का सबसे अहम हिस्सा नदी में निर्मित इंटेकवेल है, जहां से पानी ऊपर टंकी में भेजा जाता है और फिर वहां फिल्टर कर पाइपलाइन से जलापूर्ति की जाती है. ठेकेदार द्वारा इंटेकवेल ही गलत जगह पर बना दिया गया है. नदी के पानी की सतह से दूर रहने के कारण वहां तक पानी पहुंचता नहीं है. गर्मी आने से पहले ही पानी इटेकवेल से काफी दूर चला जाता है. चार माह से लोगों को पानी नहीं मिल रहा है.

**कभी भी ध्वस्त हो सकता है प्लांट :** चास जलापूर्ति योजना फेज -2 के बनने से लगभग पूरी नदी की धारा को बोकारो की सीमा की ओर मोड़ दी गई है, जिससे पानी इंटेकवेल से और दूर चला गया है. तेलमच्चो, कांड्रा व लोहापट्टी की मुखिया अपनी जेब से पैसा लगाकर जेसीबी से नदी में ही नाला बनाकर कुछ पानी इंटेकवेल तक पहुंचा रही हैं. तब कहीं जाकर एक-दो दिन थोड़ा बहुत पानी मिल पता है. सिर्फ यही नहीं इस



योजना के लिए दुरुस्त बिजली व्यवस्था भी नहीं है, जिसके कारण आये दिन पानी सप्लाई बाधित रहती है. ठेकेदार के घटिया कार्य का नतीजा है कि 6-7 वर्षों में ही योजना बेकार हो चुकी है. वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट (जल संशोधन संस्थान) डब्ल्यूटीपी के फाल्कुलेटर की चारों तरफ छेद हो जाने के कारण पानी हमेशा लीक हो रहा है. हालत यह है कि प्लांट कभी भी ध्वस्त हो सकता है. फाल्कुलेटर से 24 घंटे पानी बहता है, जिससे फाल्कुलेटर खाली हो जाता है. बाद में उसे भरने में घटों लगता है एवं अनावश्यक आंतरिक बिजली की भी खपत होती है.

**विधायक ने सदन में उठाया था मामला :** हाल ही में बाघमारा विधायक ढुलू महतो ने इस जलापूर्ति योजना के मुद्दे को विधानसभा में जोरदार ढंग से उठाया था. योजना वर्ष 2014 से 15 की है. जनवरी 2015 को विधायक ढुलू महतो ने तत्कालीन मुखिया मीरा कुमारी, धनेश्वर महतो व छोटेलाल महतो की उपस्थिति में इसका शिलान्यास किया था. इस योजना से तीन पंचायत कमशः तेलमोच्चो कांड्रा व लोहापट्टी लाभान्वित होते हैं. यहां वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट भी महज नाम का है. सच्चाई यह है कि वॉटर ट्रीटमेंट नहीं होता है. बिना वॉटर ट्रीटमेंट के ही पानी का सप्लाई किया जाता है. प्लांट की सारी मशीन खराब है.

**कारण है ठेकेदार का घटिया काम : मीरा कुमारी**



तेलमोच्चो की मुखिया मीरा कुमारी कहती हैं कि यह योजना ठेकेदार के घटिया कार्य के कारण जर्जर है. इसे ठीक करने के लिए शीघ्र ही मरम्मत करनी होगी. ऐसा नहीं हुआ तो इस योजना का कोई औचित्य नहीं है.

**दर्द बन गई है यह योजना: रिंकू देवी**



कांड्रा तेलमोच्चो की मुखिया रिंकू देवी ने कहा कांड्रा व लोहपट्टी पंचायत के मुखिया के लिए यह योजना दर्द बन गया है. रोज कुछ न कुछ खराबी होती है. हमलोग अपने स्तर से जितना हो सकता है, करते हैं.

**अपनी जेब से पैसा खर्च करना पड़ा : सुनीता देवी**



लोहपट्टी मुखिया सुनीता देवी कहती हैं कि इस योजना को किसी तरह चलाने के लिए हम तीनों पंचायतों की मुखिया को अपनी जेब से पैसा खर्च करना पड़ रहा है. शिकायत के बाद भी कोई सुनने वाला नहीं है. यदि इटेकवेल तक पानी नहीं लगाया जाएगा तो योजना बेकार साबित होगी.

---

# नहीं हुआ आवंटन, बंद हैं दुकान

**संवाददाता। घाटशिला**

घाटशिला प्रखंड कार्यालय परिसर में पंचायत समिति सदस्य के फंड से लोगों को रोजगार के लिए पक्का दुकान का निर्माण कराया गया है. दुकान निर्माण पूरा होने के कई माह गुजरने के बाद भी अपने आवंटन की बाट जोह रहा है. कुछ दिन पूर्व पंचायत समिति सदस्यों की हुई बैठक में निर्णय लिया गया था कि इसके लिए कुछ राशि जमा करना होगा और कुछ प्रक्रिया भी तय की गई थी. इस निर्णय के महीनों गुजरने के बाद भी अभी तक दुकान आवंटन की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई. इसके चलते घाटशिला के लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है कि यह रोजगार के लिए बनाया गया दुकान अब शोभा का वस्तु बनती जा रही है क्योंकि दुकान आवंटन के लिए प्रखंड कार्यालय में कई लोगों ने आवेदन दे रखा है.



**पंसस भी दुकान आवंटन की प्रक्रिया में नहीं कर रहे हैं पहल :**

लोगों में चर्चा हो रही है कि कब दुकान आवंटन की प्रक्रिया शुरू होगी. लोग हर प्रक्रिया को पूरा करने की कोशिश करेंगे लेकिन लगता है कि दुकान आवंटन भी राजनीति की भेंट चढ़ने वाला है. राजनीति होने के कारण आवंटन की प्रक्रिया में धीमी गति से चल रही है. पंचायत समिति सदस्य भी दुकान आवंटन करने की दिशा में कोई चर्चा नहीं कर रहे हैं. बस समिति का फंड था तो निर्माण कर दिया गया. इस संबंध में बीडीओ कुमार एस अभिनव से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि आवंटन की प्रक्रिया चल रही है जल्दी इस पर कार्रवाई की जाएगी.

### सड़क जाम से कराहता रहा शहर, रेंगते रहे वाहन

**धनबाद।** कोयले की राजधानी धनबाद की सड़कों पर जाम कोई नई बात नहीं है. प्रायः हर दिन आवागमन के लिए कई बार सोचना पड़ता है. सप्ताह के पहले दिन शहर का ऐसा ही नजारा था. हर तरफ ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त नजर आई. मुख्य सड़क और इससे जुड़ने वाली अन्य सड़कों पर दिनभर जाम लगा रहा. बैंक मोड़ से पूजा टॉकीज, सिटी सेंटर से सीएमआईआर गेट, रणधीर वर्मा चौक से तिवारी होटल, हीरापुर हरि मंदिर रोड, स्टील गेट आदि जगहों पर सड़क पर रेला नजर आया. दोपहिया, चार पहिया वाहनों के अलावा पैदल चलनेवाले भी रेंगते रहे. ट्रैफिक पुलिस भी जाम के आगे बौनी साबित हुई. जाम के कारण एम्बुलेंस और स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी हुई.

## ईसीएल प्रबंधन पर साजिशन खदान को बंद करने का आरोप



प्रबंधनके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते मजदूर.

**संवाददाता। निरसा**

बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के बैनर तले मजदूरों ने 9 अक्टूबर को ईसीएल मुगमा क्षेत्र के कालीमाटी व मेहताडीह खदान के समक्ष प्रदर्शन किया. मजदूरों का आरोप है कि प्रबंधन योजना के तहत कालीमाटी खदान को बंद करना चाहता हैं. इसलिए खदान में वीटी पंप नहीं चलाया जा रहा है. इसके कारण अवैध खनन का पानी घुसने से कालीमाटी खदान पूरी तरह से बंद हो गया है. अब प्रबंधन बहाना बनाकर कालीमाटी खदान से एसडीएल व यूडीएम मशीन, भारी मोटर पंप समेत उत्पादन के तमाम साजो सामान मेहताडीह में शिफ्ट कर रहा है.

---

### डीलर पर राशन कटौती का आरोप, पंसस ने किया आरोप मुक्त

**लातेहार।** सदर प्रखंड के इचाक पंचायत के डीलर केदार प्रसाद पर कार्डधारियों ने राशन कटौती का आरोप लगाया है. कार्डधारियों का कहना है कि डीलर की ओर से कहा गया है कि राज्य सरकार ने राज्य के सभी डीलरों के कोटे से राशन कटौती की है. इस कारण कार्डधारियों को कम राशन दिया जायेगा. इस संबंध में अधिकारियों से बातचीत की गयी, तो उन्होंने बताया कि ऐसा कोई निर्देश सरकार की ओर से नहीं आया है. इसे लेकर डीलर से स्पष्टीकरण मांगा गया है. दूसरी ओर इचाक पंचायत के पंचायत समिति सदस्य कौशल कुमार रवि ने केदार प्रसाद को क्लिन चिट देते हुए कहा, डीलर द्वारा शत प्रतिशत खाद्यान्न का वितरण किया जाता रहा है. इस संबंध में उन्होंने बीडीओ से पत्राचार किया है. जन वितरण प्रणाली दुकान के सर्तकता समिति सदस्य नीता कुमारी, निशा देवी व सूरजमणि देवी ने भी केदार प्रसाद के राशन वितरण पर संतोष प्रकट किया है.

## 181.85 मीटर पर स्थिर है डैम का जलस्तर, दो गेट हैं खुले



स्कूल जाते ईचागढ़ गांव में विद्यार्थी.

**संवाददाता । चांडिल**

चांडिल डैम का जलस्तर रविवार से 181.85 मीटर पर स्थिर है. जलस्तर बढ़ने के बाद रविवार को सुबह ही दो रेडियल गेटों को डेढ़-डेढ़ मीटर खोल दिया गया है. दो रेडियल गेट को खुला रखने के बाद भी 24 घंटे से अधिक समय से डैम का जलस्तर स्थिर है. पिछले कई दिनों से रूक-रूक कर हुई बारिश के कारण चांडिल डैम का जलस्तर 181.90 मीटर पार कर गया था. इसके बाद डैम के 13 में से 10 रेडियल गेटों को खोला गया था. जलस्तर घटने के बाद डैम के एक रेडियल गेट को छोड़कर सभी गेटों को बंद कर दिया गया था. गेटों को बंद करने के बाद रविवार को डैम का जलस्तर एक बार फिर बढ़ गया. रविवार की सुबह डैम का जलस्तर 181.85 मीटर के पार पहुंचने के बाद दो रेडियल गेटों को डेढ़-डेढ़ मीटर कर खोल दिया गया था. जलस्तर बढ़ने के बाद ईचागढ़ गांव की सड़कें जलमग्न हो गई हैं. वहीं स्कूल भी चारों ओर पानी से घिर गया है. परियोजना प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है.

### वन्य प्राणी सप्ताह के तहत निकाली गई जागरूकता बाइक रैली

**तोपचांची ।** धनबाद वन प्रमंडल की ओर से वन प्राणी सप्ताह कार्यक्रम के तहत सोमवार को बाइक रैली निकाली गयी. रैली राजगंज से शुरू होकर तोपचांची झील पहुंची. इस मौके पर तोपचांची प्रखंड के दुमदुमी पंचायत स्थित अपग्रेड हाई स्कूल दुमदुमी में छात्र-छात्राओं के बीच क्विज व चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. एसीएफ अजय कुमार मंजुल ने कहा कि वन और वन्य जीव पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने में मदद करते हैं. लोग वन व वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति गंभीर नहीं हैं. कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को वन तथा वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति जागरूक करना है. उन्होंने कहा कि मनुष्य की वन के प्रति संवेदनहीनता के कारण वन क्षेत्र घट रहे हैं और आबादी तेजी से बढ़ रही है, जिसके कारण वन्य जीव आबादी वाले इलाकों में आने को विवश हो रहे हैं.

## निगम का अभियान, हटी दर्जनों दुकान

**संवाददाता । धनबाद**

दुर्गापूजा के पहले शहर को साफ-सुथरा बनाने के लिए सोमवार को नगर निगम की टीम ने सहायक नगर आयुक्त संतोषिनी मुर्मू के नेतृत्व में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया. अभियान के तहत रणधीर वर्मा चौक से पुलिस लाइन तक सड़क किनारे फुटपाथ पर फूल, फल, सब्जी, ठेला सहित दर्जनों दुकानों को बलपूर्वक हटा दिया गया. कई दुकानदारों ने टीम के साथ कड़ी नोकझोंक भी की, लेकिन एक नहीं सुनी गई.

फुटपाथ दुकानदारों का कहना था कि निगम आए दिन सिर्फ गरीब लोगों को ही निशाना बनाता है. पहले से कोई अल्टीमेटम नहीं दिया गया. अचानक जेसीबी लेकर टीम दुकान हटाने पहुंच गई. विरोध करने पर बल प्रयोग भी किया गया. जब तक हमें स्थाई दुकान नहीं मिलेगी, हम कहां जाएंगे. फुटपाथ से ही हमारी रोजी-रोटी चलती है. हालांकि उनकी व्यथा को सुननेवाला कोई नहीं था.





**खास बातें**

- मौजूद थे सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल कुमार, अर्जुन राम
- फुटपाथ से दर्जनों दुकानों को बलपूर्वक हटाया

सहायक नगर आयुक्त ने कहा कि फुटपाथ पर कब्जा होने से आवागमन बाधित होता है. त्योहार भी नजदीक आ गया है, जिसमें लोगों की भीड़ सड़क पर नजर आएगी. ऐसे में सड़क से फुटपाथ को हटाना आवश्यक हो गया है. यह कार्रवाई नियमित रूप से आगे भी चलेगी.

---

**शिकायत** पत्र लिखकर एसपी को सीसीटीवी व डीबीआर मशीन वापस लौटाने की मांग

# चैंबर की ओर से लगाया सीसीटीवी गायब

**शेखर शारदेन्दु । बोकारो**

बोकारो-रांची मुख्य मार्ग पर स्थित जैनामोड़ बाजार में जिला प्रशासन ने अपराध पर नियंत्रण के लिए हाइटेक सीसीटीवी लगवाया था, जो गायब हो गया है. उक्त सीसीटीवी व डीबीआर मशीन चैंबर ऑफ कॉमर्स जैनामोड़ की ओर से वर्ष 2016 में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक वाईएस रमेश को खरीदकर सौंपा गया था. इसे जैनामोड़ के व्यवसायी पंकज जायसवाल की छत पर लगाया गया था. सीसीटीवी कैमरा जैनामोड़ में लगा था, लेकिन इसकी डीबीआर मशीन पुलिस अधीक्षक कार्यालय बोकारो में लगी थी, जिससे यह कंट्रोल किया जाता था. बताया जाता है कि तीन साल तक यह सीसीटीवी सही तरीके से काम करती रही. इससे मुख्य सड़क व चौक के आसपास की दुकानों में चोरी, लूट, छिनतई समेत अन्य घटनाएं कम हो गयी थी. इसके बाद अचानक तीनों सीसीटीवी कैमरे गायब हो गए. चैंबर ऑफ कॉमर्स ने इसकी सूचना जरीडीह थाना से लेकर पुलिस अधीक्षक तक को दी, लेकिन न तो जरीडीह थाना ने इसकी खोजबीन की, ना ही प्रशासन ने इस मामले की तहकीकात की.



**नहीं रुक रही हैं चोरी की घटनाएं**

जैनामोड़ में चोरी की घटनाएं घट रही हैं. इसे रोक पाने में जरीडीह पुलिस विफल है. तीन दिन पहले जैनामोड़ बाजार में एक जेवर व्यवसायी की बाइक की डिक्की तोड़कर चोरों ने तीन लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण उड़ा लिए. इससे पहले भी बाजार से बाइक चोरी व दुकानों में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं. इस पर जैनामोड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि अगर सीसीटीवी चोरी नहीं होती तो जैनामोड़ बाजार में हो रही लगातार चोरी की घटनाओं में कमी होती. इस रास्ते से लोहा, कोयला व बालू की तस्करी को रोकने में पुलिस को मदद मिलती.

**चैंबर ने दो बार पुलिस अधीक्षक को लिखा पत्र**

जैनामोड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि सीसीटीवी व डीबीआर मशीन चैंबर की ओर से व्यवसायियों ने चंदा कर दो लाख रुपये में मशीन खरीद कर एसपी को सौंपा था. जब कैमरा गायब हुआ तो चैंबर ने 28 अगस्त 2021 व 14 दिसंबर 2022 को दो बार जिले के एसपी को पत्र लिखकर वापस लौटाने का आग्रह किया लेकिन अब तक इस दिशा में पुलिस ने पहल नहीं की. चैंबर के पदाधिकारियों ने कहा है कि वर्तमान एसपी को भी इस मामले से अवगत कराकर सीसीटीवी व डीबीआर मशीन वापस मांगेंगे.

## परिवहन विभाग ने किया 65.88 करोड़ राजस्व संग्रह

**संवाददाता। जमशेदपुर**

पूर्वी सिंहभूम जिला परिवहन विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के दूसरे तिमाही में लगभग 65 करोड़ 88 लाख 7 हजार 724 रुपये राजस्व संग्रह किया है. जो सरकार द्वारा दिए गए लक्ष्य का औसतन 116.71 प्रतिशत है. बात अगर दूसरी तिमाही के प्रति माह राजस्व संग्रह की करें तो जुलाई माह में 24 करोड़ 11 लाख 54 हजार 98 रुपये अगस्त माह में 19 करोड़ 26 लाख 97 हजार 869 रुपये और सितंबर माह में 22 करोड़ 49 लाख 55 हजार 757 रुपये राजस्व संग्रह किया गया. वहीं सितंबर माह में सड़कों पर ट्रैफिक पुलिस द्वारा हेलमेट एवं सीट बेल्ट चेकिंग के माध्यम से कुल 26 लाख 44 हजार 50 रुपये वसूले गए.



दूसरी तिमाही में कुल 15404 गाड़ियों का निबंधन हुआ. जिसमें दोपहिया वाहन 11059, कार 2462, तीन पहिया (ऑटो) 692, ट्रक 533, बस 79 सहित 579 अन्य वाहनों का निबंधन हुआ. वहीं इस दौरान 19588 ड्राइविंग लाइसेंस निर्गत किए गए हैं. जिसमें 7056 गैर व्यवसायिक लाइसेंस, 348 व्यवसायिक लाइसेंस और 12184 लर्निंग लाइसेंस निर्गत किया गया.

## ब्रीफ खबरें

### सड़क दुर्घटना में पोकलेन ऑपरेटर की मौत

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा थाना क्षेत्र के एनएच 18 पर अंगारीसोल के निकट रविवार रात एक अज्ञात वाहन की टक्कर से खेलाराम सिंह (42) की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. खेलाराम सिंह भूतिया पंचायत अवस्थित घाघरा गांव के रहने वाले थे. जानकारी के अनुसार पोकलेन ऑपरेटर धालभूमगढ़ में काम समाप्त कर अपने गांव लौट रहा था तभी यह दुर्घटना घटी. पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में लेकर सोमवार को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया.

### महिला को सांप ने काटा, अस्पताल में मौत

**बेरमो।** गोमिया प्रखंड के बड़की चिदरी पंचायत अंतर्गत चैलियाटांड़ निवासी भुवनेश्वर महतो की पत्नी अमबिया देवी का सोमवार को इलाज के दौरान निधन हो गया. वह सर्पदंश की शिकार हो गई थी. उसका इलाज रिम्स रांची में चल रहा था. दस दिन तक रिम्स में इलाज चला लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका. सोमवार को उसका निधन हो गया. बता दें कि 29 सितंबर को अंबिया देवी को खेत में घास चुनने गई थी, उसी दौरान विषैले सांप ने काट लिया था.

### आरोपियों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिरसानगर पुलिस ने सोमवार को मारपीट के मामले में फरार आरोपियों के घर इश्तेहार चिपकाया. पुलिस ढोल-नगाड़ों के साथ आरोपियों के घर पहुंची और उनके घर और आस-पास इश्तेहार चिपकाया. पुलिस सबसे पहले मामले के आरोपी जोन नंबर 1बी संडे मार्केट के पास रहने वाले शेष देवा उर्फ पांच भाया उर्फ बाबू उर्फ सचदेवा के घर पहुंची. उसके घर पर इश्तेहार चिपकाने के बाद दूसरे आरोपी अभिषेक कर्मकार के घर पर इश्तेहार चिपकाया.

### वाहन के धक्के से महिला की मौत

**चांडिल।** टाटा-रांची राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर चांडिल थाना क्षेत्र के नारगाडीह और गोलचक्कर के बीच पुलिस ने सड़क किनारे एक अज्ञात महिला की लाश बरामद किया है. मृतक महिला की पहचान नहीं हो सकी है. बताया जा रहा है कि मृतक महिला विक्षिप्त थी और चांडिल गोलचक्कर के आसपास मांग कर खाती थी. संभावना जताई जा रही है कि रविवार की रात अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार धक्का मारा होगा, जिसके कारण उसकी मौत हो गई.

### फरार आरोपी के घर चिपकाया इश्तेहार

**बोकारो।** बालीडीह थाना की पुलिस ने न्यायालय से फरार चल रहे आरोपी आसित मंडल के तुपकाडीह स्थित घर पर न्यायालय से निर्गत इश्तेहार चिपकाया. थाना के एसआई अनुज कुमार ने बताया कि आरोपी आसित मंडल पर वर्ष 2018 में अवैध शराब के कारोबार करने का मामला दर्ज हुआ था. आरोपी के कुंडोरी गांव के घर काफी मात्रा में शराब के साथ कई सामान जब्त हुए थे. उस मामले में आरोपी न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ.

### सड़क दुर्घटना में घायल की मौत

**जमशेदपुर।** बहरागोड़ा से जमशेदपुर लौटने के क्रम में रास्ते में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को स्वास्थ्य मंत्री ने अस्पताल पहुंचाया था. अस्पताल लाने के क्रम में व्यक्ति की मौत हो गई. मृतक के पास से एक ड्राइविंग लाइसेंस मिला है जिसके आधार पर मृतक की पहचान ओडिशा के मयूरभंज निवासी प्रबीर कुमार के रूप में हुई है. मंत्री किसी कार्यक्रम में शामिल होने बहरागोड़ा गए थे. लौटने के क्रम में उन्होंने रास्ते में घायल व्यक्ति को देखा. जिसे एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया.

### सैकड़ों बोरी कोयला सहित 4 बाइक जब्त

**निरसा ।** निरसा थाना अंतर्गत राजा कोलियरी खदान के समीप सोमवार को गुप्त सूचना के आधार पर ईसीएल की सुरक्षाकर्मियों ने छापेमारी कर सैकड़ों बोरी कोयला सहित चार मोटरसाइकिल और एक साइकिल जब्त किया. साथ ही मौके से एक संचालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया. सुरक्षा कर्मियों को राजा कोलियरी खदान के समीप भारी मात्रा में कोयला चोरी कर भट्टा में खपाये जाने की सूचना मिल रही थी. जिसके बाद ये दबिश दी गई.

# खुफिया रिपोर्ट जुटाने के लिए पुलिस अफसरों का बनाया क्लोज कैडर

सौरभ सिंह। रांची

राज्यभर की खुफिया जानकारी जुटाने के लिए राज्य खुफिया शाखा (एसआईबी) में विशेष रूप से सब इंस्पेक्टर रैंक के 24 पुलिस पदाधिकारियों का क्लोज कैडर बनाया गया है. गौरतलब है कि एसआईबी की स्थापना साल 2018 में नक्सली खुफिया जानकारी एकत्र करने के लिए किया गया है. इसमें डीआईजी और एसपी रैंक के अधिकारियों का पद सृजित किया



गया है. एसआईबी के प्रभावी कामकाज के लिए शामिल अधिकारियों के माध्यम से एसपीओ का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया गया है.

### जिसपर खुफिया सूचना जुटाने की जिम्मेवारी, वह है नेतृत्वविहीन

जिस विभाग के पास राज्यभर की खुफिया सूचना जुटाने की जिम्मेवारी है. वो विभाग वर्तमान में नेतृत्वविहीन है. झारखंड पुलिस की आंख और कान मानी जानेवाली स्पेशल ब्रांच (विशेष शाखा) के एडीजी का पद पिछले दो महीने से खाली चल रहा है. पिछले 20 अक्टूबर को एडीजी स्पेशल ब्रांच के पद पर पदस्थापित मुरारी लाल मीणा का तबादला कर दिया गया था. तब से स्पेशल ब्रांच एडीजी का पद खाली चल रहा है.

### एसआईबी की मदद से नक्सलियों पर कसा जा रहा है शिकंजा

एसआईबी की मदद से नक्सलियों पर शिकंजा कसा जा रहा है.

**37 उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया**

इस साल जनवरी से अगस्त 2023 तक सीपीआई माओवादी और स्प्लिंटर समूहों के 19 नक्सलियों का एनकाउंटर किया गया. साथ ही 37 उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण किया और 55 बड़े नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया.

### आओ जानें
## ट्रायल कैदियों की संख्या

| | | | |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 5001 | केरल | 3569 |
| अरुणाचल प्रदेश | 127 | मध्यप्रदेश | 31712 |
| असम | 6495 | महाराष्ट्र | 26171 |
| बिहार | 44187 | मणिपुर | 506 |
| छत्तीसगढ़ | 11963 | मेघालय | 821 |
| गोवा | 419 | मिजोरम | 609 |
| गुजरात | 10195 | नागालैंड | 261 |
| हरियाणा | 14951 | ओडिशा | 15619 |
| हिमाचल प्रदेश | 1574 | पंजाब | 15643 |
| झारखंड | 17103 | राजस्थान | 16930 |
| कर्नाटक | 10577 | सिक्किम | 328 |

### एसपी ने प्रेसवार्ता कर दी जानकारी, जारी है छापामारी अभियान
# साइबर अपराधियों के कॉल सेंटर का खुलासा, 9 गिरफ्तार

संवाददाता। गिरिडीह

साइबर अपराध पर लगाम कसने को जिले की पुलिस पुलिस छापेमारी कर रही है. इसी क्रम में पुलिस ने पचम्बा थाना क्षेत्र के बोड़ो में संचालित साइबर अपराधियों के एक मिनी कॉल सेंटर का खुलासा कर 9 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है. इसकी जानकारी एसपी दीपक कुमार शर्मा ने सोमवार को पपरवाटांड स्थित पुलिस कार्यालय में दी.

प्रेसवार्ता में एसपी ने बताया कि पचम्बा थाना क्षेत्र के बोड़ो में स्थित बलदेव यादव के नवनिर्मित मकान में साइबर अपराधी, अपराध कर रहे हैं. इसी सूचना पर साइबर थाना के पुलिस पदाधिकारी संदीप सुमन के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई. छापेमारी में 9 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया. इस दौरान फर्जी कॉल सेंटर बनाकर साइबर ठगी करने वाले 7 साइबर अपराधी को बलदेव यादव के नवनिर्मित मकान से गिरफ्तार किया गया. बाद में इनकी निशानदेही पर बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले व पैसों की निकासी करने वाले अन्य 2 अपराधियों को मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बनियाडीह व बेंगाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सोनबाद से गिरफ्तार किया गया.

**एसपी चला रहे हैं जागरुकता अभियान :** प्रेसवार्ता में एसपी ने कहा कि साइबर अपराध को रोकने के लिए गिरिडीह पुलिस ने एक होर्डिंग बनाया है.

इस होर्डिंग को विभिन्न चौक चौराहों पर लगाया जाएगा, जिसमें लिखा रहेगा की 'क्या करना है और क्या नहीं करना है' उन्होंने बताया कि इसको लेकर शहर के चौक चौराहों पर फ्लैग और पोस्टर लगाया जाएगा ताकि आम लोग साइबर का शिकार न हो पाएं.



घटनाक्रम की जानकारी देते एसपी व अन्य पुलिसकर्मी.

### मातृत्व लाभ योजना व बिजली बिल के बहाने करते थे ठगी

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि वे साइबर ठगी करने में गर्भवती महिलाओं के मो नं0 पर कॉल कर उन्हें मातृत्व लाभ राशि के रूप में 6300 रूपये दिलाने का झांसा देकर रिमोर्ट एक्सेस ऐप-एप्लेमिक्स, एनी डेस्क, टीम व्यूवर आदि का लिंक भेजकर इंस्टॉल करवा कर ठगी करते हैं. ये लोग रैंडम नम्बरों पर सीरियल कॉलिंग कर बिजली विभाग का फर्जी अधिकारी बनकर बकाया बिजली का भुगतान करने के लिए कहते हैं, अन्यथा बिजली का कनेक्शन काटने का बात कहकर डराते हैं. उसके बाद झांसे में लेकर रिमोर्ट एक्सेस ऐप एप्लेमिक्स, एनी डेस्क, टीम व्यूवर आदि का लिंक भेजकर इंस्टॉल करवा कर ठगी करते हैं.

#### इनकी हुई है गिरफ्तारी, कई सामान बरामद

एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में जमुआ थाना क्षेत्र का बेहराडीह निवासी 20 वर्षीय निलेश कुमार मण्डल, मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के केरहारी का निवासी 19 वर्षीय मोहन कुमार मण्डल, मुफ्फसिल थाना क्षेत्र का सिहोडीह निवासी 19 वर्षीय रूद्र कुमार उर्फ रॉकी, बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बनहती निवासी 19 वर्षीय महेन्द्र सिंह, बेंगाबाद के नईयाडावर निवासी 28 वर्षीय मोतीलाल किस्कू, बेंगाबाद के सोनबाद निवासी 20 वर्षीय नीरज कुमार तुरी, जामताड़ा नारायणपुर के मिरगा निवासी 24 वर्षीय अशोक कुमार, मुफ्फसिल क्षेत्र के बनियाडीह गांधीनगर का 50 वर्षीय नागेश्वर दास व बेंगाबाद सोनबाद निवासी 32 वर्षीय महेन्द्र मण्डल शामिल है. वही गिरफ्तार सभी अपराधी के पास से 16 मोबाइल, 25 सिम, 4 एटीएम, 6 पासबुक, 2 चेकबुक, 3 क्यूआर कोड व 2 बाइक बरामद किया गया है. एसपी ने बताया कि गिरफ्तार सभी अपराधियों ने इस कांड में अपनी संलिप्ता स्वीकार कर ली है.

### दो बाइक की टक्कर में पांच लोग घायल, भर्ती

**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र के दोमुहान मोड़ के समीप सोमवार को दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में पांच लोग घायल हो गए. सूचना मिलने पर समाजसेवी अख्तर अंसारी घटनास्थल पर पहुंचे और 108 एंबुलेंस की सहायता से सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका पहुंचाया. जहां डॉ. कुशाग्र की देखरेख में सभी घायलों का इलाज किया गया. घायलों की पहचान मनोहर सिंह, छोटू सिंह (दोनों ग्राम सैदुप थाना बरवाडीह ) एवं रूपेश सिंह, उदय भुइयां, एवं विपिन भुइयां (तीनों लावागड़ा, हेरहंज) के रूप में हुआ है. घायल मनोहर सिंह ने बताया कि एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर वे लातेहार धनकारा ग्राम से सैदुप, बरवाडीह जा रहे थे. इसी बीच विपरीत दिशा से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर हो गई. प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने छोटू सिंह, सैदुप एवं बिफन भुइयां, लावागड़ा को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल लातेहार रेफर कर दिया.

# लातेहार में दंपती से लूटपाट करने वाला 7 अपराधी धराए

संवाददाता। लातेहार

गत दो अक्टूबर को सदर थाना क्षेत्र में एक दंपती के साथ अपराधियों ने लूटपाट की थी. लूटपाट के सात आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. लूटपाट की घटना सदर थाना क्षेत्र के डीही-मुरूप रोड पर लोटो ग्राम के समीप एक गैस गोदाम के पास हुई थी. दंपती की शिकायत पर इस संबंध में सदर थाना में मामला दर्ज किया गया था.

मामला दर्ज होने के बाद पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर गठित छापामारी दल ने अपराधियों को गिरफ्तार किया. इन अपराधियों ने फोन-पे के माध्यम से अपने खाता में 2400 रूपये भी ट्रांसफर करवाये थे. इसी फोन-पे अकाउंट की मदद से पुलिस ने एक आरोपी अतुल कुमार (गर्ल स्कूल के सामने, मेन रोड, लातेहार) को गिरफ्तार किया. उसकी निशानदेही



पर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी हुई. अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष मिश्र ने प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी.

**पुलिस ने इन्हें दबोचा :** अतुल कुमार की निशानदेही पर पुलिस ने जोहन सिंह (बिनगड़ा, लातेहार), राजू रंजन उरांव (बरैनी, लातेहार), विवेक गोसाई, संजय लोहरा, नंदन भुईयां व सुमित कुमार वर्मा (चारों चंदनडीह, लातेहार को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने इनके पास से एक देसी पिस्तौल, .315 बोर के तीन जिंदा कारतूस, एक बाइक, नाक का बेसर, दो फोन 1150 रुपए नगद व एक एसबीआई का एटीएम बरामद किया है.

# मंदिर में चोरी कांड का मुख्य आरोपी दिल्ली से गिरफ्तार



**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के शिवाला घाट स्थित मंदिर में चोरी कांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी दिलकश रौशन को दिल्ली से गिरफ्तार किया है. पुलिस ने चोरी हुए लड्डू गोपाल की प्रतिमा गढ़वा के फरटिया से बरामद किया है. इससे पूर्व पुलिस ने तीन चोरों को गिरफ्तार किया था, जिनके पास से चांदी की मुकुट बरामद की गई थी. बता दें कि शहर थाना क्षेत्र के शिवाला घाट स्थित मंदिर से बीते 11 सितंबर की रात्रि अज्ञात चोरों ने भगवान कृष्ण के गर्भगृह का ताला तोड़कर अष्टधातु से बनी लड्डू गोपाल की मूर्ति और चांदी के दो मुकुट की चोरी कर ली थी. मंदिर के पुजारी सुनील कुमार चौबे ने शहर थाना में चोरी की प्राथमिकी दर्ज करायी थी. चोरी की घटना को पुलिस कप्तान ने गंभीरता से लेते हुए विश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया था.

### एसपी रैंक के अफसर
### अब सीबीआई में भी दे सकते हैं योगदान

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने आईपीएस कार्यकाल नीति 2010 में संशोधन किया है. इसके तहत अब पांच साल सेवा पूर्ण कर चुके एसपी रैंक के अधिकारी सीबीआई में भी योगदान दे सकते है. इससे संबंधित आदेश केंद्रीय गृह मंत्रालय के द्वारा जारी कर दिये गये है. इस संबंध में मंत्रालय ने झारखंड समेत अन्य राज्यों के मुख्य सचिव और डीजीपी को पत्र लिखा है. मंत्रालय ने आईपीएस कार्यकाल नीति 2010 के तहत पूर्व में आदेश जारी किया था कि पांच साल की सेवा पूर्ण कर चुके एसपी रैंक के अधिकारी सिर्फ एनआईए, रॉ और आईबी में योगदान दे सकते है. लेकिन अब इस आदेश में संशोधन किया गया है. अब पांच साल की सेवा पूर्ण कर एसपी रैंक के अधिकारी एनआईए, रॉ, आईबी के अलावा सीबीआई में भी योगदान दे सकते हैं.

# 48 घंटे बाद भी नहीं मिला अपहृत का सुराग

संवाददाता। बालूमाथ (लातेहार)

बालूमाथ में शनिवार को कक्षा नौ की नाबालिग किशोरी के अपहरण की घटना सामने आयी थी. घटना के 48 घंटे से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पुलिस को अब तक कोई सुराग नहीं मिला है. हालांकि पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने घटना की गंभीरता को देखते हुए स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम गठित की है. इधर, लापता छात्रा के अब तक बरामद नहीं होने से आक्रोशित जनता ने सोमवार को बालूमाथ शहर के सभी प्रतिष्ठान विरोध में बंद रखा है. अपहृत छात्रा के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है. उन्हें इस बात का भय सता रहा है कि किशोरी के साथ कहीं कोई अनहोनी ना हो जाये. वहीं, सामाजिक लोगों के एक प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी शशिरंजन कुमार से मिलकर वस्तुस्थिति से अवगत हुए थे. थाना प्रभारी शशिरंजन कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को किशोरी की शीघ्र बरामद कर लेने का आश्वासन दिया था.

बता दें कि शनिवार को लोगों ने सड़क जाम किया था. इसके बाद रविवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने राष्ट्रीय उच्च पथ-22 को थाना चौक के समीप जाम कर दिया था. रविवार को रात 11:30 बजे पुलिस के समझाने के बाद जाम खोला गया था. इस दौरान सड़क दोनों ओर वाहनों की लंबी जाम लग गयी थी. यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था. छोटे बच्चों का भूख के मारे बुरा हाल था.



**खास बातें**

- अपहृत छात्रा के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है
- पुलिस के समझाने के बाद जाम खोला गया था

### जमशेदपुर : खरकई नदी के किनारे मिला शव

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना अंतर्गत आदित्यपुर पुल के नीचे खरकई नदी के किनारे सोमवार सुबह एक व्यक्ति का शव पाया गया. नदी में नहाने गए लोगों ने शव देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी. इधर, सूचना पाकर बिष्टुपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. शव को पोस्टमार्टम हाउस के शव गृह में रखवा दिया गया है. जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अंजनी कुमार ने बताया कि सोमवार सुबह शव मिलने की सूचना दी गई थी. शव को देखकर प्रतीत होता है कि वह कहीं और से बहकर आया है. आस-पास के लोगों से मृतक के बारे में पूछताछ भी की गई पर किसी ने उसे नहीं पहचाना. मृतक ने सफेद रंग की शर्ट और जींस पहना हुआ है. पानी में रहने के कारण उसका चेहरा फूल गया है. फिलहाल आस-पास के थाना क्षेत्रों से गुमशुदा लोगों की जानकारी ली जा रही है.

# 5 दोस्तों के साथ गया नदी में नहाने, डूबने से 1 की मौत



संवाददाता। सरिया (गिरिडीह)

सरिया थाना क्षेत्र के उर्री नदी में स्नान करने गए 5 किशोर में से एक की डूबकर मौत हो गई, जबकि अन्य चार किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहे. बताया जाता है कि रविवार दोपहर 5 स्कूली छात्र नदी में स्नान करने उतरे थे. लेकिन पानी की गहराई अत्यधिक होने से सभी डूबने लगे. चार छात्र प्रयास कर पानी की धार से किनारे आ गए लेकिन 14 वर्षीय किशोर मोहित कुमार, पिता मोहन मंडल डूब गया. इस घटना की सूचना सरिया पुलिस को देर रात में मिली. रात में ही ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन की लेकिन अंधेरे की वजह से उसे ढूंढना मुश्किल हो गया. सोमवार की अहले सुबह जब ग्रामीण नदी नहाने पहुंचे तब देखा कि बिरनी क्षेत्र के सीमांकन कर्री में किशोर का शव पड़ा था. इसकी जानकारी मिलते ही सरिया थानेदार अनीश पांडेय घटना स्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में ले लिया. अपने बेटे को मृत देखकर पिता मोहन मंडल सहित ग्रामीण रो पड़े. स्थानीय लोगों ने बताया कि 14 वर्षीय मोहित कुमार पढ़ने में काफी तेज था.

### दो भाइयों में मारपीट पांच घायल, दो गंभीर

**गांडेय (गिरिडीह)।** गांडेय थाना क्षेत्र के कारोडीह में सोमवार को दो भाइयों के बीच जमीन मामले को लेकर जमकर मारपीट हो गई. इसमें दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हो गए हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई जाती है. प्रथम पक्ष ने आरोप लगाया है कि नसरूदीन मियां की पत्नी साहिदा, साहिना खातून, रूबेदा खातून, रहीना खातून व रकीना खातून को दूसरे पक्ष के आयूब मियां व अरबाज अंसारी ने लाठी, डंडे, चाकू आदि से मारकर घायल कर दिया. दूसरे पक्ष ने प्रथम पक्ष के नसरूदीन मियां को बंधक बनाकर रखा था. मौके पर गांडेय थाना प्रभारी साकेत प्रताप देव ने घायल महिलाओं को सीएचसी ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद सहिदा बीबी व साहिना खातून को गिरिडीह रेफर कर दिया गया है. घायल साहिना ने कहा की उसके चाचा यकूब मियां, चाची, चचेरा भाई, रुकसाना खातून, सरफराज अंसारी सभी करोडीह निवासी ने उसके परिजनों को मारकर घायल कर दिया है.

**मिला दंड** सफारी गाड़ी में गांजा लेकर बंगाल की ओर से आते तस्कर को पुलिस ने पकड़ा था

# गांजा तस्कर को 12 साल की सजा, डेढ़ लाख जुर्माना

संवाददाता। धनबाद

100 किलो गांजा के साथ पकड़ाए बिहार मधुबनी निवासी धर्मेंद्र यादव को सोमवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा की अदालत ने 12 वर्ष की कठोर कैद एवं डेढ़ लाख रुपये जुर्माना से दंडित किया है. आरोपी फिलवक्त तिहाड़ जेल दिल्ली में बंद है. प्राथमिकी बरवाअड्डा थाना प्रभारी प्रदीप चौधरी की शिकायत पर 4 जनवरी 2016 को दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक थाना प्रभारी को सूचना मिली कि सफारी गाड़ी पर तस्कर गांजा लेकर बंगाल की ओर से आ रहे हैं. सूचना पर भीतिया मोड़ के समीप पुलिस ने डीएसपी मुकेश कुमार के नेतृत्व में चेकिंग लगाई. करीब 1:30 बजे सफारी गाड़ी को आते देखा. गाड़ी चालक ने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया.

परंतु पुलिस ने गाड़ी को रोका व जांच के दौरान गाड़ी के अंदर से 100 किलो गांजा बरामद किया. गांजा 60 पैकेट में रखा हुआ था, जो गोविंदपुर अंचलाधिकारी के सामने बरामद किया गया. अनुसंधान के बाद पुलिस ने धर्मेन्द्र यादव के विरुद्ध 3 जून 2016 को आरोप पत्र दायर किया था. 11 अगस्त 16 को आरोप तय किए जाने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी. लोक अभियोजक अवधेश कुमार ने इस मामले में कुल आठ गवाहों का परीक्षण कराया था.

### नीरज हत्याकांड में हुई सुनवाई

**धनबाद।** पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह समेत चार लोगों की हत्या के मामले में जिला एवं सत्र न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई. आरोपी धनजी सिंह, पंकज सिंह, संजय सिंह, विनोद सिंह, पिंटू सिंह ने आवेदन देकर कहा कि उनके मुकदमे की सुनवाई अन्य आरोपियों से अलग कर दी जाए और सुनवाई जल्द पूरी की जाए. अदालत ने अपर लोक अभियोजक समेत प्रकाश को प्रति उत्तर दायर करने का आदेश दिया है.



### हाइवा लूट मामले में हुई सुनवाई

**धनबाद।** डोमन महतो पर जानलेवा हमला एवं किरण महतो के हाइवा लूट मामले में अदालत में सुनवाई हुई. दोनों मामलों में अभियोजन ने गवाह पेश करने हेतु समय की याचना की. अदालत ने अभियोजन को गवाह पेश करने का आदेश दिया है.

### जंगल में मिला पेड़ से लटकता युवक का शव

**बालूमाथ (लातेहार) ।** पुलिस ने बारियातू थाना क्षेत्र के फूलसु ग्राम निवासी जयदीप सिंह के 22 वर्षीय पुत्र बिट्टू सिंह का शव रविवार को टोंगरी टांड़ में एक पेड़ से लटकता हुआ बरामद किया गया है. उसके गले में फांसी का फंदा था. बताया जाता है कि बिट्टू कोलयरी में लिफ्टिंग का काम करता था. प्रतिदिन अपने घर फूलसु से बाइक से आना-जाना किया करता था. शनिवार की शाम वह फूलसु के चिरिटांड़ खेल मैदान में क्रिकेट खेल रहे दोस्तों से बात करते देखा गया. बारियातू पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया है.

# सुरक्षा कर्मियों ने 20 टन अवैध कोयला जब्त किया



संवाददाता। कथारा (बेरमो)

सीसीएल के कथारा क्षेत्र अंतर्गत जारंगडीह में सुरक्षा कर्मियों ने 20 टन अवैध कोयला जब्त किया है. जारंगडीह के सुरक्षा प्रभारी उमेश्वर प्रसाद ने बताया कि सोमवार को छापेमारी कर 20 टन अवैध कोयला जब्त किया गया. इसी दौरान कोयला ढोने में लगी दस साइकिल भी जब्त किया गया है. जब्त कोयला को ट्रक में लोड कर कोयला यार्ड में जमा करा दिया गया है.

बता दें कि सीसीएल के जारंगडीह साइडिंग और जारंगडीह कांटा घर से आसपास के लोग के साइकिल के माध्यम से कोयला चोरी कर ले जाते हैं. इस अवैध कोयला चोरी को रोकने में सुरक्षा विभाग व स्थानीय पुलिस नाकाम रही है, जबकि बोकारो के पुलिस कप्तान ने कोयला चोरी को रोकने के लिए सभी थाना प्रभारी को सख्त निर्देश दे रखा है.



## राशिफल

**आचार्य प्रणव मिश्रा**

**मेष** — गलत कार्य से कुछ नुकसान हो सकता है. विद्यार्थी वर्ग शोध कार्य व शैक्षणिक गतिविधियों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं. स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद प्राप्त होगा. व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा. नौकरी मे कोई नया विचार क्रियान्वित हो सकता है.

**वृषभ** — समय सामान्य है. कार्य की सफलता के लिए प्रयास अधिक करना पड़ेंगे. गलतफहमी से विवाद हो सकता है. भावनाओं पर अंकुश आवश्यक है. हितशत्रुओं से सावधान रहें. कारोबार ठीक चलेगा.

**मिथुन** — आपके कार्य और प्रभाव से आय में वृद्धि होगी. कोई बड़ा कार्य प्रारंभ करने का मन बनेगा. व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा. निवेश शुभ फल देगा. समय की अनुकूलता का लाभ लें. भरपूर प्रयास करें.

**कर्क** — आय बहुत ही अच्छा होगा. आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी. जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे. आय में वृद्धि होगी. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा.

**सिंह** — किये गए कार्य का लाभ मिलेगा. सुबह से खर्च में वृद्धि होगा. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. भाग्य का सहारा रहेगा. परिवार में खुशी का माहौल रहेगा. चोट व रोग से बचें. किसी बड़ी समस्या से निजात मिल सकती है.

**कन्या** — आय एक समान नही होगा. कर्ज लेना पड़ सकता है. किसी व्यक्ति के उकसावे में नहीं आएं. क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें. स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा.

**तुला** — किसी कार्य को लेकर लापरवाही न करें. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पुरानी लेनदारी वसूली के प्रयास सफल रहेंगे. कारोबार में वृद्धि होगी. जल्दबाजी न करें. इतर का दान करना चाहिए.

**वृश्चिक** — कोई मानसिक पीड़ा हो सकती है. लेन-देन में जल्दबाजी न करें. शत्रुओं का पराभव होगा. आर्थिक नीति में बदलाव हो सकता है. कार्यप्रणाली में सुधार होगा. तत्काल लाभ नहीं मिलेगा. सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी.

**धनु** — समय सामान्य है. सुबह का समय सामान्य होगा. ससुराल से शुभ समाचार मिलेगा. कोर्ट-कचहरी तथा सरकारी मामलों की बाधा दूर होकर स्थिति अनुकूल रहेगी. लाभ के अवसर हाथ आएंगे. पूजा-पाठ आदि पर व्यय होगा.

**मकर** — उत्तेजना पर नियंत्रण रखें. पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है. वाहन व मशीनरी आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें. कारोबार ठीक चलेगा. आय में निश्चितता रहेगी. शनि को खुश रखें. कार्य मे गति आएगी.

**कुंभ** — घर परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा. कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी. आपके कार्य और प्रभाव से आय में वृद्धि होगी. नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा. किये गए कार्य का लाभ होगा.

**मीन** — मौसमी बीमारियों से बचाव की आवश्यकता है. व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा. लंबी यात्रा की योजना बन सकती है. स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं. बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे. जल का दान करें.

## भव्य पंडाल में विराजेंगी मां भवानी

**चौपारण ।** चौपारण बाजार स्थित दुर्गा मंदिर में पूजा समिति की ओर से तैयारियां शुरू है. दुर्गा पूजा समिति की ओर से भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है. जामताड़ा जिले से आए कारीगर दिन-रात पंडाल निर्माण में जुटे हुए हैं. धनबाद के कारीगर मां दुर्गा की प्रतिमा को अंतिम रूप देने में लगे हैं. विद्युत साज- सज्जा के कारीगर चतरा मोड़ के केंदुआ मोड़ से आए हैं. जानकारी के अनुसार दुर्गा पूजा समिति लगभग 100 वर्ष पूर्व से यहां मां भवानी की आराधना करती आ रही है. दुर्गा पूजा पंडाल समिति के सचिव रितेश वर्णवाल ने बताया के इस बार भव्य मेले का भी आयोजन हो रहा है. पूजा पंडाल के निर्माण में लागत लगभग 4.50 लाख रुपए आएगी.

## पड़सी में इस वर्ष नहीं लगेगा मेला

**तांतनगर ।** मंझारी थाना क्षेत्र के पिलका पंचायत अंतर्गत पड़सी में सोमवार को ग्रामीण मुंडा लक्ष्मण बिरुवा की अध्यक्षता में काली पूजा पर गांव में मेला आयोजन को लेकर ग्रामसभा की गई. बैठक में काली पूजा के अवसर पर इस बार मेला का आयोजन नहीं करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया. ग्रामीणों ने कहा कि मेला लगने से कचरे का अंबार लग जाता है. कचरे को खेत में फेंक दिया जाता है. इससे खेत खराब हो जाते हैं. अच्छी फसल की उपज नहीं हो पाती है. साथ ही मेला में प्रतिबंधित हब्बा-डब्बा खेल का आयोजन होता है. इससे लोग गलत राह पर चल पड़ते है.

## गोपबंधु दास की मनाई गई जयंती

**घाटशिला ।** स्वतंत्रता सेनानी सह समाजसेवी उत्कलमणि गोपबंधु दास की जयंती के अवसर पर सोमवार को मऊभंडार स्थित टुमांगडुंगरी उत्कल क्लब में गोपबंधु की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई. मौके पर विधायक प्रतिनिधि जगदीश भकत ने कहा कि महान समाजसेवी गोपबंधु दास का जन्म 9 अक्टूबर 1877 को ओड़िशा में हुआ था. सोमवार को ओडिशा सहित पूरे देश में उत्कल मनी गोपाबंधु दास की जयंती मनाई जा रही है. ओडिशा के विश्वविद्यालय में भी उनकी मूर्ति लगी है. ओडिशा के कई मार्ग का नामकरण उनके नाम पर किया गया है.

# डांडिया सिंगर नवीन पांड्या संग पापरी मचाएंगे धमाल

**संवाददाता। हजारीबाग**

डांडिया के वास्तविक स्वरूप को लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से संस्कार भारती की हजारीबाग इकाई और आरके मार्बल के संयुक्त तत्वावधान में 19 अक्तूबर को स्थानीय मुनका बगीचा में वृंदावन डांडिया नाइट का आयोजन होगा. वृंदावन डांडिया नाइट 2023 के पोस्टर का विमोचन सोमवार को सदर विधायक मनीष जायसवाल के कार्यालय में किया गया.

आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए संस्कार भारती के सचिव विनीत जैन ने बताया कि भारतीय लोक संस्कृति में व्याप्त फूहड़ता को खत्म करने के उद्देश्य से वृंदावन डांडिया नाइट 2023 का आयोजन हजारीबाग में पहली बार किया जा रहा है. वहीं, संयोजक अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि स्थानीय कलाकारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से डांडिया समूह नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन हो रहा है. इसके विजेता को 11,000 रुपए नकद पुरस्कार के साथ मोमेंटो भी दिया जाएगा. इसके अलावा बेस्ट सोलो डांसर, बेस्ट कपल, बेस्ट कॉस्ट्यूम, बेस्ट मेकअप, मिस डांडिया क्वीन के साथ कई आकर्षक पुरस्कार भी हैं. डांडिया नाइट में देश के जाने माने डांडिया सिंगर नवीन पांड्या अपने ग्रुप के साथ आ रहे हैं. वहीं स्टाइल डांस ग्रुप के बेहतरीन परफॉर्मेंस के साथ पापरी भट्टाचार्य के गानों को सुनने एवं देखने का मौका मिलेगा.



**सांस्कृतिक आयोजन**

- राधे-कृष्ण के सुमधुर गीतों पर आधारित होगा कार्यक्रम
- समूह नृत्य के विजेता को मिलेगा 11000 रुपये का पुरस्कार

### डांडिया कार्यक्रम विशुद्ध भारतीय परंपरानुसार होगा

यह डांडिया नाइट विशुद्ध भारतीय परंपरा के अनुसार राधे-कृष्ण सुमधुर गीतों पर आधारित होगा. पोस्टर विमोचन में संस्कार भारती जिला इकाई के अध्यक्ष कुमार केशव, क्षेत्रीय विद्या प्रमुख शंकर चंद्र पाठक, मुख्य प्रायोजक टोनी जैन, विधायक प्रतिनिधि दिनेश सिंह राठौड़, कार्यालय प्रतिनिधि विशेषांक वर्मा, मीडिया प्रतिनिधि रंजन कुमार चौधरी, जिला सह मंत्री राजीव कुमार झा, कोषाध्यक्ष अनिल पांडे, मीडिया प्रभारी प्रमोद व राकेश रंजन, साहित्य प्रमुख अनंत सहित एमडीएम हजारीबाग, नेशनल पब्लिक स्कूल हजारीबाग एवं अन्य लोग उपस्थित थे.

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

- इंडोनेशिया में हिंदू धर्म का औपचारिक नाम क्या है – हिंदू आगम
- अर्थर्ववेद के रचयिता ऋषि अथर्वा पिछले जन्म में कौन से असुर थे – असुर हरिन्य
- चंद्रदेव अपनी किस पत्नी को सम्मान नहीं दे सके जिससे दक्ष प्रजापति क्रोधित हो गए – रोहिणी
- जहां कृष्ण ने अपना देह त्यागा, वह कौन सा तीर्थ स्थान है – भालका तीर्थ
- श्रीमद्भागवत गीता में कितने श्लोक हैं – 720
- अंबाजी माता मंदिर कौन से पर्वत पर स्थित है – अरासुर पर्वत
- भगवान गणेश की पत्नी कौन है – रिद्धि, सिद्धि, बुद्धि
- नकुल की पत्नी करेणुमती के पिता का क्या नाम था – शिशुपाल
- यजुर्वेद के अध्याय की संख्या कितनी है – 40
- बचपन में कार्तिकेय की देखभाल किसने की थी – कृतिका

### दक्षिण भारतीय मंदिर की खंडहरनुमा आकृति का बन रहा पंडाल

# आकार लेने लगा जयराम यूथ क्लब का पूजा पंडाल

**संजीव मेहता । आदित्यपुर**

आदित्यपुर में आकार लेने लगा है राष्ट्रीय स्तर का दुर्गा पूजा पंडाल. हर वर्ष अनोखी कलाकृतियों से देश के श्रद्धालुओं को आकर्षित करने वाला (जयराम यूथ स्पोर्टिंग क्लब) अब प्रवीण सिंह स्मृति सेवा संस्थान का पंडाल निर्माण अंतिम दौर में है. पंडाल के मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने बताया कि 14 अक्टूबर को रंगारंग शोभा यात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा जबकि 15 अक्टूबर को पहली पूजा के दिन समारोह पूर्वक पंडाल का उद्घाटन होगा. बता दें कि इस वर्ष दक्षिण भारतीय मंदिर का खंडहरनुमा आकृति का पंडाल बन रहा है. श्रद्धालुओं को गुफा से होकर माता रानी के दर्शन को आने होंगे. इस बार की विशेषता यह है कि पंडाल के अंदर 4 देवी की मूर्तियां के दर्शन होंगे. पंडाल का निर्माण पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर स्थित मैचेदा के पार्वती डेकोरेटर्स के कारीगर तैयार कर रहे हैं.

**इस वर्ष गोल्डन जुबिली मना रहा है जयराम यूथ स्पोर्टिंग क्लब :** पूर्व विधायक ने बताया कि पंडाल की खास बातें यह है कि पंडाल की सुरक्षा में 50 सीसीटीवी कैमरे लगेंगे जिससे श्रद्धालुओं की सुरक्षा होगी. साथ ही 100 वोलेंटियर्स और ड्रोन कैमरे भी सुरक्षा में तैनात रहेंगे. प्रवीण सेवा संस्थान इस वर्ष गोल्डन जुबिली मना रहा है. इस अवसर पर प्रवीण सेवा संस्थान धूमधाम से दुर्गा पूजा करेगा. क्लब ने पहली बार 1973 में पूजा की शुरुआत की थी. तब कॉलोनी के रहने वाले कन्हैया प्रसाद, समीर मंडल, नवल किशोर, बीएन भक्ता, श्यामल कांत झा और श्री वर्मा ने पूजा की शुरुआत की थी. दक्षिण भारतीय मंदिर का खंडहरनुमा आकृति के पंडाल में पहाड़ों के बीच मां दुर्गा दर्शन देंगी. पंडाल में अलग-अलग बनी पहाड़ी पर 4 मूर्तियां स्थापित की जा रही है.

**पंडाल का उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति सचेत करना है :** पूर्व विधायक ने कहा कि हमारा उद्देश्य पौराणिक धरोहरों को सहेजना और लोगों में पर्यावरण के प्रति सचेत रहने का संदेश देना है. पूजा को सम्पन्न कराने में संरक्षक एके श्रीवास्तव, भगवान सिंह के साथ लाइसेंसी शंकर सिंह, महासचिव सत्य प्रकाश, जितेंद्र मिश्रा, वीरेंद्र सिंह, ऋषि मिश्रा, धनंजय कुमार, संजू, विवेक, धीरज कैरा, सौरभ कुमार, जवाहरलाल सिंह, अनुराग सिंह, पंकज कुमार, पप्पू सिंह, मनबोध शर्मा, शशि शेखर, राजेश कुमार सिंह, व्यवस्थापक संजय कुमार सिंह, मुख्य यजमान अंकुर सिंह, आलोक दुबे, राजा सिंह, चंदन सिंह लगे हुए हैं. पंडाल निर्माण में पार्वती डेकोरेटर्स के प्रोपराइटर अशोक दास, ड्राइंग डिजाइनर शिव कुमार दास आदि शामिल हैं.



**रहेगी सुरक्षा**

- 100 वोलेंटियर्स और ड्रोन कैमरा रहेंगे सुरक्षा में तैयार
- 14 अक्टूबर को रंगारंग शोभा यात्रा कार्यक्रम होगा

## विनीत ने साहित्य के क्षेत्र में चंदवा का नाम किया रौशन

**चंदवा ।** विनीत कुमार को साहित्य लेखन के लिए अखिल भारतीय साहित्य परिषद ने रविवार को रांची स्थित वाईबीएन यूनिवर्सिटी के सभागार में सम्मानित किया गया. झारखंड के उत्कृष्ट लेखकों, साहित्यकारों को उनके साहित्यिक सेवा के लिए सम्मानित किया गया. इसमें चंदवा के लेखक विनीत कुमार को उनकी प्रकाशित 9 पुस्तकों के लिए सम्मान प्रदान किया गया. ज्ञात हो कि इनको नवसृजन सम्मान 2014 नई दिल्ली और दलित साहित्य अकादमी नई दिल्ली द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर नेशनल फेलोशिप अवार्ड 2021 प्रदान किया जा चुका है. अभी वर्तमान में उनकी पुस्तक पुष्पी पर वेब सीरीज फिल्म भी बनने जा रही है.

# तर्पण से दूर होता है पितृ दोषः डॉ. रमेश उपाध्याय

**संवाददाता। आदित्यपुर**

सोमवार को जमशेदपुर के स्वर्णरेखा नदी तट पर धर्मरक्षिणी पौरोहित्य महासंघ के सौजन्य से सामूहिक पितृ तर्पण का आयोजन किया गया. जिनके वंश मे कोई न हो, जिनका कोई श्राद्ध तर्पण न करता हो, दीन हीन, योगी, भिखारी और जो सनातनी विदेश में रहते हैं एवं सभी सनातनियों के पितरों के मोक्ष प्राप्ति के लिए सामूहिक पितृ तर्पण का आयोजन किया गया. संघ के अध्यक्ष पंडित बिपिन झा ने बताया कि यह कार्यक्रम विगत कई वर्षों से किया जा रहा है. ज्योतिष, वास्तु व अध्यात्म विशेषज्ञ डॉ. रमेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि जिनकी जन्म कुण्डली में पितृ दोष हो वो विशेष करके तर्पण व पिंड दान करें. डॉ. उपाध्याय ने बताया कि पितृ पक्ष में श्राद्ध, तर्पण, पिंड दान, ब्राह्मण भोज, दान, गाय, कौआ, चिंटी, मछली, कुत्ता आदि को भोजन कराने से पितर प्रसन्न होते हैं और घर में सुख-शांति व समृद्धि बनी रहती है. तर्पण कार्यक्रम में मुख्य रूप से आचार्य दिलीप पांडे, सत्येंद्र शास्त्री, पं मुन्ना बाबा, पं. परशुराम पान्डेय, पं. पिंट पाण्डेय, अमित पाण्डेय, पं सुधीर झा, मनोहर झा, रमेश पाण्डेय, विश्वेश्वर पाण्डेय आदि अनेक विद्वानों ने भाग लिया.

# अयोध्या से चली शौर्य रथ पहुंचा चंदवा

**संवाददाता। चंदवा**

अयोध्या से चली शौर्य जागरण रथ गुमला होते हुए रविवार की रात चंदवा पहुंची. यहां बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ शौर्य रथ का स्वागत किया. रथ में अयोध्या में बन रहे रामलला के प्रारूप को रखा गया है, जिसे शहर में भ्रमण कराया गया. रथ में सवार रामलला का दर्शन कर श्रद्धालु अपने को धन्य समझ रहे थे. बता दें कि जनवरी में अयोध्या स्थित मंदिर में रामलला की प्रतिमा स्थापित होना है. इसके बाद रामभक्तों के लिए मंदिर के पट खोल दिये जायेंगे. चंदवा बजरंग दल के कौशल कुमार ने कहा कि शौर्य जागरण रथ पूरे भारत वर्ष में जागरुकता लाने के उद्देश्य से चलाई जा रही है. रथ कई क्षेत्रों से भ्रमण करते हुए गुमला से यहां पहुंची है. मौके पर बजरंगदल के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे.



# योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**संवाददाता । चांडिल**

लोगों को शारीरिक रूप से स्वस्थ और निरोगी रखने के लिए पतजंलि योग समिति निःशुल्क योग शिविर का आयोजन कर रही है. इसके तहत चांडिल में भी सात दिवसीय प्रखंड स्तरीय इंटीग्रेटेड योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है. चांडिल के कदमडीह दुर्गा मंदिर प्रांगण में चल रहे योग शिविर में लोगों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने के साथ चुस्त-दुरुस्त रहने के गुर सिखाए जा रहे हैं. पतंजलि योग समिति सरायकेला की ओर से संचालित योग शिविर में योग प्रशिक्षक नीलरतन खां लोगों को योग की बारिकियों से रूबरू करा रहे हैं. सात दिवसीय प्रखंड स्तरीय इंटीग्रेटेड योग शिविर में लोगों को आसन के साथ प्राणायम, सूक्ष्म योग, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, नीति क्रिया समेत अन्य कई विधियों की जानकारी दी जाएगी. इसकी जानकारी देते हुए योग प्रशिक्षक नीलरतन खां ने बताया कि शिविर में दैनिक उपयोगी योग के बारे में लोगों को जानकारी देते हुए योग करने के तरीके और पूरी प्रक्रिया सिखाया जा रहा है. पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में सात दिवसीय निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर में हर उम्र के लोग बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं.

## तुलसीबन में दुर्गा पूजा की तैयारियां जोरों पर

**चाकुलिया ।** चाकुलिया प्रखंड की चालुनिया पंचायत अंतर्गत तुलसीबनी शिवराम आश्रम में दुर्गा पूजा की तैयारियां जोरों पर हैं. यहां पर 1975 में शिवराम बाबा ने ग्रामीणों के सहयोग से दुर्गा पूजा की शुरुआत की थी. उसके बाद से यहां प्रत्येक वर्ष धूमधाम से दुर्गा पूजा आयोजित की जाती है. यह आश्रम खूबसूरत पहाड़ी पर है. आश्रम आस्था का केंद्र है. यहां चारों ओर विभिन्न प्रजाति के पेड़ हैं. आश्रम में मां दुर्गा का भव्य मंदिर भी बना है. मूर्तियों का निर्माण जारी है. पूजा कमेटी के अध्यक्ष ठाकुरदास दियासी, सचिव विजय सोरेन, कोषाध्यक्ष प्रणव बेरा, शिवराम मातृ संघ की अध्यक्ष पूनम मांडी, सचिन भारतीय सोरेन समित सदस्य पूजा की तैयारी में जुटे हैं. आनंद ब्रह्मचारी ने बताया कि इस वर्ष दुर्गा पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है.

**जयंती** — बहरागोड़ा के खांडामौदा में उत्कलमणि पंडित गोपबंधु दास की 146वीं जयंती मनाई गई

# गोपबंधु दास ओडिशा के महान क्रांतिकारी थेः षाड़ंगी

**हिमांगशु करण । बहरागोड़ा**

बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के खांडामौदा में सोमवार को उत्कलमणि पंडित गोपबंधु दास की 146वीं जन्म जयंती मनाई गई. गोपबंधु मूर्ति स्थापना समिति के द्वारा खांडामौदा चौक स्थित उत्कलमणि पंडित गोपबंधु दास के मूर्ति पर पूर्व शिक्षक रामरंजन बेरा के नेतृत्व में माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई. उसके बाद गांव में स्थित गोपबंधु पाठागार प्रांगण में सभा का आयोजन किया गया.

मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर दिनेश कुमार षाड़ंगी व सम्मानीय अतिथि के रूप में बहरागोड़ा महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. बालकृष्ण बेहरा, सभापति अन्नदा प्रसाद महापात्र, विशिष्ट अतिथि सोभानाथ बेसरा, मृत्युंजय माईती, रामरंजन बेरा, लक्ष्मी नारायण जेना मंचासीन थे. सर्वप्रथम गोपबंधु पाठागार में गोपबंधु की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रदांजलि दी गई.

मौके पर गोपबंधु पाठागार के वरिष्ठ सदस्य सह लेखक बंकिम चंद्र पाइकराय के द्वारा लिखित आदिम करम किताब का विमोचन किया गया.

सभा के सम्मानीय अतिथि डॉ बालकृष्ण बेहरा ने ओड़िया प्रेमियों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्कलमणि पंडित गोपबंधु दास एक महान स्वतंत्रता सेनानी, ओड़िया साहित्य के लेखक व कवि थे. ओड़िया साहित्य को पहचान दिलाने में अपना बहुमूल्य योगदान दिया. मुख्य अतिथि डॉक्टर दिनेश कुमार षाड़ंगी ने कहा कि बहरागोड़ा को ओड़िशा के बिछीन्ना अंचल के रूप में जाना जाता है. उत्कलमणि पंडित गोपबंधु दास का ओडिशा निर्माण में अहम योगदान रहा. वे ओडिशा के महान क्रांतिकारी भी थे. उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अद्वितीय योगदान दिया था. मौके पर विद्याधर बेरा, हरिपद पाल, लक्ष्मण गिरी, रतिकांत सीट, मोतीलाल महापात्र, शुखेंदु बेरा, निर्मल मंडल, लक्ष्मी नारायण बेरा, सुधांशु महापात्र, श्यामशुन्दर बारीक, काशीनाथ बेरा, शशांक शेखर पाल, बिनायक गिरी, देवाशीष बेरा,प्रशांत बेरा, तपु बेरा, कुमार प्रेमचांद समेत गोपबंधु मूर्ति स्थापना समिति एवं गोपबंधु पाठागार के कई सदस्य उपस्थित थे.



**दी श्रद्धांजलि**

- गोपबंधु की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रदांजलि दी
- गोपबंधु दास ओड़िया साहित्य के महान कवि थे


**विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस 10 अक्टूबर, 2023**

भारत सरकार
**केन्द्रीय मनशिचकित्सा संस्थान**
कांके, राँची,–834006, झारखण्ड, भारत
दूरभाषः 0651–2450822, 2451115, 2450448

सत्यमेव जयते

**24 घंटे आकस्मिक सेवा उपलब्ध**

**सी.आई.पी. में उपलब्ध सेवाओं/सुविधाओं का विवरण**
**निदेशक, सी.आई.पी. द्वारा जनहित में जारी**

**बाह्यरोगी सुविधाएं/सेवाएं**
- प्रतिदिन निःशुल्क बाह्यरोगी सेवाएं
- निरीक्षण/आकस्मिक सेवा वार्ड
- अलग व्यस्क एवं बाल बाह्य रोग विभाग
- साइकोसोशल विभाग
- कैन्टीन एवं जनउपयोगी सेवाएं
- ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन (ओ.आर.एस.)
- टेली परामर्श व्हाट्सअप नं: 9334915057, कृपया व्हाट्सअप पर डॉक्टर के पर्चे की फोटो भेजें (कृपया वेबसाइट पर अधिक विवरण देखें)
  हेल्पलाइन नं.: 9334915046, 9334915047, 9334915048, 9334915049, 9334915050, 9334915051, 9334915052, 9334915053, 9334915054, 9334915056, 9334915058, 9334915060, 9334915062, 9334915063
  दूरभाष सख्या: 0651-2451115, 0651-2451116, 0651-2451119
- विडियो परामर्शः अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट देखें।
- टेली–मानस सेवाः निःशुल्क 24x7 मानसिक स्वास्थ्य परामर्श/काउंसलिंग। टोल फ्री नम्बरः 14416 या 1800–89–14416
- साइको सोशल परामर्श सेवाः मरीजों एवं उनकी देखरेख करने वालों के लिए।

**विशेष क्लीनिक**
- सोमवार : मूड डिसऑडर्स क्लिनिक, न्यूरोलॉजिकल डिसऑडर्स क्लिनिक, पोस्ट–कोविड क्लिनिक
- मंगलवार : निद्रा डिसऑडर्स क्लिनिक, मेमोरी डिसऑडर्स क्लिनिक
- बुधवार : क्रोनिक सिजोफ्रेनिया क्लिनिक, साइकोडर्माटोलॉजिकल डिसऑर्डर क्लिनिक, धूम्रपान निरोधक क्लिनिक, नशाविमुक्ति क्लिनिक, मेटाबोलिक डिसऑर्डर क्लिनिक, बिहेवियर एडिक्शन क्लिनिक और साइकोसेक्सुअल डिसऑर्डर क्लिनिक
- गुरूवार : मिर्गी क्लिनिक, मूवमेंट डिसऑडर्स क्लिनिक एवं क्रोनिकल पेन क्लिनिक
- शुक्रवार : वृद्धावस्था मानसिक स्वास्थ्य क्लिनिक
- शनिवार : सिरदर्द डिसऑडर्स क्लिनिक, व्यक्तित्व डिसऑडर्स क्लिनिक, तंबाकू समाप्ति क्लिनिक, ड्रग डी–एडिक्शन क्लिनिक, मेटाबोलिक डिसऑर्डर क्लिनिक, बिहेवियर एडिक्शन क्लिनिक
- प्रतिदिन : बाल मनोचिकित्सा, ओ.सी.डी.

**अंतंवासीय रोगीयों के लिए सुविधाएं**
- सभी बेड शुल्क के साथ
- उच्च वर्ग के लिए विशेष वार्ड
- महिलाओं के लिए अलग वार्ड
- परिवार के लिए कॉटेज की सुविधा

**बाल एवं किशोरावस्था संबंधित मानसिक रोग**
- मरीज परिजनों के साथ भरती किए जाते हैं।

**नशाविमुक्ति केन्द्र व विभाग**
- डीटोक्सीफिकेशन एवं पुर्नवास
- शराब व नशाविमुक्ति के लिए उच्चतकनीकी इकाई

**व्यावसायिक चिकित्सा विभाग**
- पुर्नवास/शेल्टर्ड कार्यशाला
- पुनर्निवेशन मनश्चिकित्सा
- शारीरिक पुर्नवास
- टोकन इकोनोमी

**सामुदायिक पहुँच कार्यक्रम**
- बेस्ट बोकारो (घाटो)
- हजारीबाग
- चन्दनक्यारी, बोकारो
- दीपशिखा, आईसी.डी. एवं एम.एच.
- विद्यालय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम
- आस्था सेल दीपाटोली कैंट एवं सैनिक अस्पताल–नामकुम

**सामुदायिक जागरूकता कार्यक्रम**
- राष्ट्रीय एवं प्रादेशिक अखबारों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी विवरण
- कार्यशालाओं का आयोजन
- सी.आई.पी. वेबसाइट पर मानसिक बिमारियों संबंधित लेख

**स्नातकोत्तर शिक्षण**
- एम.डी. (मनोचिकित्सा)
- पी.एच.डी. एवं एम.फिल. (नैदानिक मनोविज्ञान)
- एम.फिल. (साईक्याट्रिक सोशल वर्क)
- साईक्याट्रिक नर्सिंग में डिप्लोमा

**पैथोलॉजी एवं बॉयोकेमिस्ट्री विभाग**
- हीमेटोलॉजी व बायोकेमिस्ट्री ऑटो एनालाइजर
- एच.पी.एल.सी. एवं थिन लेअर क्रोमैटोग्राफी
- मल्टीफन्कशनल एलिजा रीडर एवं आइन–स्पेफिक ऐसे सिस्टम
- बेक्टेक यूनिक
- केमी ल्यूमिसेंस ऐसे
- –80 डिग्री फ्रीजर

**कार्डियोफिजियोलॉजी विभाग**
- कम्प्यूटीकृत ई.सी.जी.
- ट्रेडमिल टेस्ट

**सेन्टर फॉर कोग्निटिव न्यूरोसाइंसेज**
- नैदानिक एवं विडियो ई.ई.जी. (32–64 चैनल) एवं ई.सी.जी.
- कम्प्यूटीकृत उच्च वर्गीय ई.ई.जी (64–, 128–, 192–, 256– चैनल)
- कोगनेटिव इवेंट रिलेटेड/इवोक्ड पोटेंशियल (40–, 128– चैनल)
- देश की सबसे विकसित ट्रांसक्रेनियल मैग्नेटिक और डाईरेक्ट करंट स्टिमुलेशन लैब
- निद्रा प्रयोगशाला
- टी.एम.एस. – ई.ई.जी. सुविधा
- क्वाड्री पल्स स्टीमूलेशन
- फंक्शनल नियर–इंफ्रारेड स्पेक्ट्रोस्कॉपी (एफएनआईआरएस)

**सेन्टर फॉर न्यूरोईमेजिंग एवं रेडियोलॉजिकल साइंसेज**
- नैदानिक एक्सरे एवं अल्ट्रासाउंड
- क्रेनियल एवं कलर डॉप्लर
- मल्टीस्लाइस सी.टी. स्कैन (पूरे शरीर का)
- 3टी–फंक्शनल एम.आर.आई. स्कैन
- एम.आर.आई. ब्रेन (रू. 2000/–लगभग) एवं एम.आर.आई. होल बॉडी स्क्रीनिंग (रू. 3000/– लगभग)

**उच्च तकनीकी कम्प्यूटर विभाग**
- सम्पूर्ण संस्थान का कम्प्यूटरीकरण एवं वाई–फाई की सुविधा
- वेबसाइट
- 100 Mbps एन.के.एन. 200 Mbps बी.एस.एन.एल. एवं रेलटेल लीज लाइन
- कलर फोटोकापीयर एवं प्रिंटर, स्लाइड मेकर, डिजीटल फोटोग्राफी
- उच्च तकनीकी, डूअल प्रोसेसर, 64 बिट, 24 GHz, ऑप्ट्रान सर्वर

**पुस्तकालय**
- मेडिकल लाईब्रेरी एवं मरीजों के लिए वाचनालय एवं पुस्तकालय
- रेप्रोग्राफी एवं माइक्रोफिल्मिंग
- आनलाईन लिट्रेचर सर्च/RFID आधारित तकनीक
- स्वचालित पुस्तक सर्कुलेशन सिस्टम
- एस.ए.एन. स्टोरेज सिस्टम (40 TB)

**स्वचालित रसोई एवं मिनरल वार्टर सप्लाई**
- स्वचालित गैस एवं वाष्पचालित चूल्हा
- स्वचालित आटा गूंथने एवं रोटी बनाने की मशीन
- पल्वराइजर

**40 Kg इन्सिनरेटर (जैविक कचरा प्रबंधन हेतु)**

**बाहर के मरीजों के लिए भी सरकारी दर पर जाँच की सुविधा उपलब्ध है।**

क्या आप किसी मनोवैज्ञानिक समस्या से ग्रस्त हैं ?
यदि हाँ, तो मदद के लिए कृप्या सी.आई.पी. हेल्पलाइन पर संपर्क करें।
TOLL-FREE NO. 1800-345-1849 (24X7), सी.आई.पी. हेल्पलाईन नं. : 0651-2451116 (24X7)
ई–मेल : director@cipranchi.nic.in, वेबसाईट : www.cipranchi.nic.in

# शक के घेरे में एजेंसियां

**01 |** चुनाव के नजदीक आते ही देशभर में बढ़ गई हैं जांच एजेंसियों की कार्रवाई

**02 |** सरकार इसे भ्रष्टाचार के खिलाफ देशभर में हो रही कार्रवाई बता रही है

**03 |** विपक्षी नेता कह रहे हैं कि मोदी सरकार चुनावी फायदे के लिए बदले की भावना से यह कार्रवाई कर रही है

**04 |** भाजपा के भ्रष्ट नेताओं के ठिकानों पर छापेमारी नहीं होने से लोग हैरत में हैं



**2024 के चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियां तैयारियों में जुट गई है. बैठकें हो रही हैं, रणनीतियां तैयार की जा रही हैं कि कैसे अपनी जीत मुकम्मल की जाए. इस बीच सीबीआई, ईडी और आयकर विभाग जैसी जांच एजेंसियों की सक्रियता भी बढ़ गई है. देशभर में छापे मारे जा रहे हैं. भ्रष्ट नेताओं के विरुद्ध ईडी,सीबीआई की कार्रवाई शुरू हो गई है. इसमें गौर करने वाली बात यह है कि जो छापे पड़ रहे हैं उनमें विपक्ष के नेताओं की संख्या ज्यादा है. ऐसे में लोग कहने लगे हैं कि एजेंसियां जिस प्रकार से केवल गैर भाजपाई नेताओं को निशाना बना रही है, इससे लगता है कि जांच एजेंसियां केंद्र के इशारे पर काम कर रही है. सवाल है कि क्या भाजपा से जुड़े जितने भी नेता हैं, दूध के धुले हैं. यदि नहीं तो भाजपाइयों के यहां छापे क्यों नहीं पड़ रहे हैं. इससे इस बात को बल मिल रहा है कि केंद्रीय एजेंसियां दबाव में काम कर रही हैं. इन जांच एजेंसियों पर जनता का काफी भरोसा करती है. वे चाहते हैं कि इनकी साख बनी रहे, इसलिये बिना भेदभाव किए वह अपना काम करे . इन कार्रवाइयों को सत्ताधारी दल के नेता भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई बता रहे हैं, जबकि विपक्ष सहित कुछ लोगों का कहना है कि केंद्र की मोदी सरकार सिर्फ अपने विरोधियों को सबक सिखाने के उद्देश्य से इन जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही हैं. इस मामले में हर वर्ग के लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया सामने आ रही हैं. शुभम संदेश की टीम ने इस मामले में लोगों से बात की है. पेश है रिपोर्ट.**

केन्द्र के दबाव में जांच एजेंसियों पर भेदभावपूर्ण कार्रवाई करने का आरोप

## सब पर हो कार्रवाई

# जनता का भरोसा न तोड़ें जांच एजेंसियां

**गिरिडीह**

### जांच एजेंसियों पर पक्षपात का आरोप लगाना गलतः रंजीत



गावां प्रखंड के छात्र रंजीत कुमार वर्णवाल ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियों पर पक्षपात का आरोप लगाना गलत है. जांच एजेंसियां भ्रष्टाचार के आरोप में जिन्हें भी पकड़ती है वे एजेंसी व सत्ता पक्ष पर आरोप लगाते हैं. किसी के खिलाफ भ्रष्टाचार का प्रमाण मिलने के बाद ही जांच एजेंसियां कार्रवाई करती हैं. आरोपियों को इससे घबराना नहीं चाहिए, बल्कि अगर वे सही हैं तो एजेंसियों को सहयोग करना चाहिए. जांच एजेंसियों को सहयोग नहीं करने वाले को जनता संदेह भरी नजरों से देखने लगती है. अगर उन्हें लगता है कि उनके विरुद्ध गलत कार्रवाई की जा रही है तो कोर्ट का दरवाजा भी खुला है. उन्हें वहां जाना चाहिए.

### भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई जरूरी है : संतोष कुमार



बेंगाबाद के प्रतियोगी परीक्षार्थी संतोष कुमार ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई सही है. भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने को इन जांच एजेंसियों को निष्पक्ष व ईमानदारी पूर्वक काम करने की जरूरत है. भ्रष्टाचार में शामिल राजनेता व अधिकारी चाहे किसी भी डाल के हों, उन पर कार्रवाई होनी ही चाहिए, ताकि आने वाले समय में लोग भ्रष्टाचार में शामिल होने की साहस न कर सकें. केंद्र सरकार को जांच एजेंसियों को स्वतंत्र रूप से काम करने की इजाजत देनी चाहिए.

### जांच में सहयोग करना चाहिए : मुकेश कुमार



तिसरी प्रखंड के मुकेश कुमार ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से कम कर रही हैं, उस पर सरकार के दबाव में काम करने का आरोप निराधार और गलत है. जांच एजेंसियां अपने तरीके से काम करती हैं. इसके दायरे में आने वाले अधिकारियों और नेताओं को उनका पूरा सहयोग करना चाहिए, तभी सच्चाई सामने आ सकेगी. भ्रष्टाचार के आरोप में घिरे राजनेता व अधिकारी जांच एजेंसियों और सरकार के खिलाफ आरोप लगाने की बजाय जांच एजेंसियों को सहयोग करें.

### जांच एजेंसियों की कार्रवाई जरूरी है : निखिल कुमार



जमुआ के छात्र निखिल कुमार गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियों पर विपक्षी दलों की ओर से लगाया गया पक्षपात का आरोप बिल्कुल गलत है. देश में सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स विभाग स्वतंत्र रूप से काम करती है. केंद्र सरकार के अधीन होने के बावजूद इन एजेंसियों पर सरकार का कोई दबाव नहीं होता है. जो भ्रष्टाचार में शामिल नहीं है उन्हें जांच एजेंसियों से डरने की जरूरत नहीं है. गलत करने वाले राजनेता और अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए, चाहे वह सत्ता पक्ष या विपक्ष के क्यों न हों.

### जांच एजेंसियों को स्वतंत्र छोड़ना होगा : हर्ष कुमार



डुमरी प्रखंड के बीटेक छात्र हर्ष कुमार सिन्हा का कहना है कि केंद्रीय जांच एजेंसी पर हमेशा उंगली उठती रही है. कहीं न कहीं पक्षपात रूप से काम करने के कारण ही आरोप प्रत्यारोप का दौर चलता है. साल 2013 में पूर्व सुप्रीम कोर्ट के जज आरएम लोढ़ा ने केंद्रीय जांच ब्यूरो को पिंजरे में बंद तोता कहा था. इससे स्पष्ट है कि केंद्रीय जांच एजेंसियां भी कहीं न कहीं सत्ता के इशारे पर काम करती है. देश के लोकतंत्र को बचाए रखने के लिए केंद्रीय जांच एजेंसियों को स्वतंत्र छोड़ना होगा.

**रांची**

### सत्ता पक्ष के भ्रष्ट नेताओं पर भी हो कार्रवाई : मोनी



तोपचांची- गोमो निवासी,सामाजिक क्षेत्र की प्रबुद्ध महिला कार्यकर्ता मोनी देवी का कहना है कि केंद्रीय जांच एजेंसियां भ्रष्टाचार में शामिल नेताओं के ठिकाने पर सीबीआई की छापामारी में कई की पोल खोल कर रख दी है. इससे पूर्व की सरकारों ने प्रभावी तरीका से स्वतंत्र जांच एजेंसियों को काम करने नहीं दिया है,लेकिन उसे विपक्ष पर कार्रवाई के साथ-साथ सत्ता पक्ष के भ्रष्ट नेताओं और अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जानी चाहिए.

### अन्य मामलों में भी कार्रवाई होनी चाहिएः अजीत कुमार



ऑल इंडिया जन आंदोलन संघर्ष नया मोर्चा झारखंड के प्रदेश सचिव अजीत कुमार का कहना है कि इस समय देश में राजनीति से जुड़े लोगों से हटकर भी बहुत सारी गंभीर समस्याएं हैं. सरकार को उस पर भी ध्यान देना चाहिए. गंभीर मुद्दा सहारा इंडिया का है. जिसमें भारत की सारी जांच एजेंसीया जांच कर चुकी है, लेकिन किसी ने अपनी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की है. यह रिपोर्ट सार्वजनिक होनी चाहिए.

**हजारीबाग**

### एजेंसियों पर दबाव बनाना सही नहीं है : कुमारी निधि



नूरा निवासी कुमारी निधि कहती हैं कि जांच एजेंसियों पर दबाव बनाना सही नहीं है. अक्सर यह आरोप लगता है कि सरकार विपक्षियों के खिलाफ इन जाचं एजेंसियों का इस्तेमाल करती है. जांच एजेंसियों को स्वतंत्र रहने देना चाहिए. जांच एजेंसियों का राजनीतिक दुरुपयोग नहीं होना चाहिए. यह तभी संभव है जब सरकार के नियंत्रण में जांच एजेंसियां काम नहीं करे. सरकार को भी चाहिए कि इन केन्द्रीय जांच एजेंसियों को स्वतंत्र रुप से काम करने दें. ताकि वह अपनी जिम्मेदारी सही तरीके से निभा सके. इन एजेंसियों का काम काफी महत्वपूर्ण है. इन्हें अपना काम सही तरीके से निभाना चाहिए.

### हस्तक्षेप से प्रभावित होती है जांच : किरण कुमारी



दीपूगढ़ा निवासी किरण कुमारी कहती हैं कि सत्ता के हस्तक्षेप से जांच प्रभावित होती है. स्वविवेक, सही तरीके और निष्पक्ष भाव से एजेंसियों को काम करने की जरूरत है. वह सीबीआई हो या ईडी, इनकम टैक्स डिपार्टमेंट हो या फिर अन्य गठित जांच एजेंसियां. अगर सत्ता पक्ष इसका दुरुपयोग करेगा, तो जनता का विश्वास इन एजेंसियों से भी उठ जाएगा. अब तक लोगों में यकीन है कि इन एजेंसियों को जांच की जिम्मेदारी मिलेगी, तो उन्हें न्याय मिलेगा.

### स्वविवेक से काम करने देना चाहिए : मेघाली सेनगुप्ता



शिक्षिका मेघाली सेनगुप्ता कहती हैं कि जांच एजेंसियों को स्वविवेक से काम करने देना चाहिए. सभी को पता है कि जांच एजेंसियां निष्पक्ष जांच नहीं करती हैं. सब कुछ सत्ता पक्ष के इशारे पर होता है. अगर यही हाल रहा, तो वह दिन दूर नहीं, जब वास्तविक न्याय लोगों से कोसों दूर चली जाएगी. ऐसे में न्याय की उम्मीद नहीं रह जाएगी. उस पर दबाव बनाने से जांच प्रभावित होना तय है. इसलिए बेहतर है कि सरका को इसे स्वतंत्र रुप से काम करने देना चाहिए.

### एजेंसियों को पूरी तरह छूट देनी चाहिए : राजरानी



सेवानिवृत्त शिक्षिका राजरानी सिन्हा का कहना है कि जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होती है. बदले की भावना से काम किया जाता है. सत्ता पक्ष विपक्षियों के खिलाफ जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करती है. ऐसे में पहले से लोगों को जांच के परिणाम की भनक हो जाती है कि क्या खुलासा होने वाला है. निष्पक्ष जांच के लिए सरकारी को इन जांच एजेंसियों को पूरी तरह छूट देनी चाहिए. नियंत्रण के नाम पर जांच एजेंसियों पर दबाव बनाकर किसी के खिलाफ इस्तेमाल करना कहीं से उचित नहीं है.

### दुर्भावना से जांच करना सही नहीं : प्रियंका सिंह



दीपूगढ़ा हाउसिंग कॉलोनी निवासी प्रियंका सिंह का कहना है कि सिर्फ दिखावे के लिए जांच एजेंसियां काम करती हैं. सत्ता पक्ष के प्रभाव में आकर दुर्भावना से जांच की जाती है. वह वही रिजल्ट देती है, जो केंद्र सरकार चाहती है. ऐसे में विपक्षियों में भय का वातावरण तैयार किया जाता है कि अगर वह सत्ता पक्ष के खिलाफ हुए, तो सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स की जांच बैठा दी जाएगी. इससे देश का हित नहीं होने वाला है.



**जमशेदपुर**

### निष्पक्ष कार्रवाई करनी चाहिए : संतोषी कुमारी



ग्रेजुएट कॉलेज की छात्रा संतोषी कुमारी का कहना है कि सरकारी जांच एजेंसियों को एकपक्षीय कार्रवाई नहीं करनी चाहिए, क्योंकि अंततः न्यायालय में जांच एजेंसियों के अधिकारियों को ही जबाव देना होगा. झारखंड की बात करें तो पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा सरकार में रहते हुए किए घोटालों के सारे सबूत पेश किए गए, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. वहीं दूसरी ओर विपक्ष के नेताओं के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है. चुनाव के समय इस प्रकार की कार्रवाई से कहीं न कहीं इन सरकारी एजेंसियों की विश्वनीयता पर सवाल खड़े होते हैं. सरकारी एजेंसी को सबूत के आधार पर निष्पक्ष होकर कार्रवाई करनी चाहिए.

### नियमानुसार ही कार्रवाई होती है : अनिता मंडल



ग्रेजुएट कॉलेज की छात्रा अनिता मंडल का कहना है कि केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा नियमानुसार ही कार्रवाई की जाती है. भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई होती है. इसका राजनीतिक दलों द्वारा राजनीतिकरण किया जा रहा है. पूर्व की सरकारों में भी केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा कार्रवाई होती रही है. तब भी जांच एजेंसियों पर सवाल उठाए जाते थे. क्या सवाल के डर से जांच एजेंसी कार्रवाई न करे? तो फिर भ्रष्टाचार पर अंकुश कैसे लग पाएगा. केंद्रीय जांच एजेंसी सबूत के आधार पर कार्रवाई करती है.

### बदले की भावना से हो रही है कार्रवाई : बबीता



एआईडीएसओ की सदस्य एवं को-ऑपरेटिव कॉलेज की छात्रा बबीता सोरेन का कहना है कि केंद्रीय जांच एजेंसी केंद्र सरकार के निर्देश पर विपक्ष के नेताओं के खिलाफ बदले की भावना से कार्रवाई कर रही है. केवल विपक्ष के नेताओं को ही टारगेट किया जा रहा है. इससे स्पष्ट है कि केंद्र सरकार विपक्ष की एकता से घबरा कर चुनाव के ठीक पहले नेताओं को परेशान करने के लिए कार्रवाई कर रही है. अडानी मामले में केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं किया जाना यह बताने के लिए काफी है कि सरकार किस उद्देश्य से इन जांच एजेंसियों का उपयोग कर रही है.

### कार्रवाई नियमित कार्यशैली का हिस्सा : अभिषेक कुमार



एके सिंह कॉलेज जपला के द्वितीय सोमेस्टर विज्ञान के छात्र अभिषेक कुमार मेहता का कहना है कि वर्तमान में सीबीआई,प्रवर्तन निदेशालय,आयकर विभाग जैसी एजेंसियां जो काम कर रही है वह नियमित कार्यशैली का हिस्सा है. देश की अर्थव्यवस्था में दिनोदिन वृद्धि हो रही है और भ्रष्टाचार में भी बढ़ोतरी हो रही है. देश में पूर्व से ही मनी लाऊंड्रिंग का बोलबाला रहा है. वैसे में केंद्र सरकार की एजेंसियां सीबीआई ,परिवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग अगर जांच कर रहा रही है तो वह कोई गलत नहीं है. ये केंद्रीय एजेंसियां देश की अर्थव्यवस्था से जुड़ी हुई कार्यों पर कड़ी नजर रखती है.

**हुसैनाबाद**

### जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं : रिंकी कुमारी



एके सिंह कॉलेज जपला की भूगोल विभाग की छात्रा रिंकी कुमारी का कहना है कि जांच एजेंसियां अपना काम कर रही है. ईडी ने झारखंड के मुख्यमंत्री को कई बार नोटिस दिया है, फिर भी ईडी के समक्ष वे पेश नहीं हो रहे हैं. इससे संदेह जाहिर होता है कि कहीं न कहीं कुछ गलत तो नहीं है. मेरा यह कहना है कि परिवर्तन निदेशालय, सीबीआई आयकर विभाग जो जांच कर भ्रष्टाचार में शामिल लोगों पर शिकंजा कस रही है. इससे जाहिर होता है कि केंद्रीय एजेंसियों पर राजनीतिक दबाव नहीं है.

### राजनीतिक दबाव में नहीं हो रही है कार्रवाई : प्रीति



एके सिंह कॉलेज जपला के द्वितीय सेमेस्टर की विज्ञान संकाय की छात्र प्रीति कुमारी का कहना है कि देश में राजनीतिक दलों द्वारा शॉर्टकट अपना कर देश की जनता के रुपए लूट रहे हैं .उन लोगों पर सीबीआई, परिवर्तन निदेशालय जो कार्रवाई कर रही है, वह गलत नहीं है. देश की अर्थव्यवस्था पर निगरानी रखना इनके कार्यों में है. अर्थव्यवस्था पर निगरानी रखना कोई गलत नहीं है. इसलिए एजेंसियां जांच कर रही है. यह किसी राजनीतिक दबाव में नहीं किया जा रहा है.

**किरीबुरु**

### सीबीआई व ईडी की छापामारी जारी रहनी चाहिए : रीमा सिंह



किरीबुरु निवासी गृहिणी रीमा सिंह ने कहा कि सरकारी विभागों में कार्यरत अधिकारियों और कर्मचारियों में भ्रष्टाचार खून में हीमोग्लोबिन की तरह रच-बस गया है. एक कलर्क, रोजगार सेवक स्तर के पदाधिकारी भ्रष्टाचार के बल पर करोड़ों रुपये के मकान और अरबों की संपत्ति जमा कर ले रहे हैं. भ्रष्टाचार में लिप्त ऐसे पदाधिकारियों, कर्मचारियों और नेताओं के यहां निरंतर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), सीबीआई आदि एजेंसियों की छापमारी निरंतर जारी रहनी चाहिए. छापेमारी में पक्षपात नहीं होना चहिए. भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों को बर्खास्त कर उन्हें जेल में डालने के अलावे भ्रष्टाचारी नेताओं को आजीवन चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगना चाहिए.

**बहरागोड़ा**

### जांच एजेंसियों का सहयोग करना चाहिए : चिरंजीव कुमार



बहरागोड़ा निवासी विद्यार्थी चिरंजीव कुमार ने बताया कि ईडी व सीबीआई जैसी जांच एजेंसियों को आम जनता से लेकर सरकार तक को सहयोग करना चाहिए, जिससे कि देश में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया जा सके. देश में हो रहा भ्रष्टाचार वित्तीय व्यवस्था को दीमक की तरह खोखला करता जा रहा है, इसलिए इस पर कड़ी जांच होनी चाहिए. भ्रष्टाचारियों को न्यायालय में सजा दिलाने में जांच एजेंसियों का महत्वपूर्ण योगदान रहता है, इसलिए इन एजेंसियों को स्वतंत्र रूप से काम करने के लिए सहायता करनी चाहिए. साथ ही इन एजेंसियों के जिम्मेदारी काफी अधिक होती है. इन्हें निष्पक्ष रुप से काम करना चाहिए.

### जांच एजेंसियों का कार्य निष्पक्ष होना चाहिए : अभिजीत बाग



बहरागोड़ा निवासी अभिजीत बाग ने बताया कि भ्रष्टाचार करने वाले लोगों के ऊपर जांच निष्पक्ष रूप से करना चाहिए न कि डर के साये में रहकर जांच करनी है. देश की सभी जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से काम कर रही हैं. इस पर पक्षपात का आरोप लगाना पूरी तरह से गलत है, क्योंकि न्यायालय सभी तथ्यों को बारीकी से देखकर ही अपना फैसला देती है. यदि जांच एजेंसियां सत्ता पक्ष के दबाव में काम करेगी तो देश का लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा.

### केवल खानापूर्ति न करे जांच एजेंसियांः तापस पात्र



बहरागोड़ा निवासी विद्यार्थी तापस पात्र का कहना है कि जांच एजेंसी डर के साये या बदले की भावना से या सिर्फ खानापूर्ति के लिए अपना काम न करे. इसके लिए सरकार को एजेंसी को पूरी तरह से छूट देनी चाहिए. इससे वह दूध का दूध और पानी का पानी कर सके. असली भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसने में मदद कर पायें.दूसरी ओर सरकार को भी चाहिए कि उसे स्वतंत्र रुप से काम करने दे. इससे एजेंसियों की साख भी बनी रहेगी.

**साहिबगंज**

### जांच एजेंसियों को निष्पक्ष रहना होगा : विनोद मूर्मू



साहिबगंज कॉलेज के पीजी सेमेस्टर 2 के छात्र विनोद मुर्मू का कहना है कि जांच एजेंसियों की पक्षपात पूर्ण कार्यशैली लोकतंत्र के लिए हानिकारक है. जांच एजेंसियों को सत्ता पक्ष व विपक्ष को एक ही नजर से देखना चाहिए. जांच एजेंसी पर देश की जनता को बहुत भरोसा है. इस भरोसे को बनाए रखने के लिए जांच एजेंसी को स्वतंत्र रूप से काम करना चाहिए. जांच एजेंसियां सत्ता पक्ष के इशारे पर काम करे तो देश का लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा. आमतौर पर विपक्ष आरोप लगाता ही रहता है.

### केन्द्र के कहने पर की जाती है छापेमारी : विकास मुर्मू



साहिबगंज कॉलेज के बीए फाइनल इयर के छात्र विकास मुर्मू ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसी केंद्र सरकार के कहने पर विपक्ष पर ईडी का छापा डलवाती रहती है केंद्र सरकार के इशारे पर जांच एजेंसियां इंडिया गठबंधन के नेताओं को बेवजह परेशान कर रही है. केवल विपक्षी दल के नेताओं को परेशान करना कहीं ना कहीं केंद्र सरकार की मंशा को दर्शाता है. विपक्ष को इसकी मांग करनी चाहिए कि देश के किसी भी जांच एजेंसी पर सत्ताधारी दल का कोई लगाम नहीं हो. जांच एजेंसियां स्वतंत्र काम करे.

### केन्द्र की कठपुतली हैं जांच एजेंसियां : बरजेन मरांडी



साहिबगंज कॉलेज के बीए सेमेस्टर 6 के छात्र बरजेन मरांडी ने कहा कि केंद्र सरकार ने सीबीआई, ईडी व इनकम टैक्स जैसी एजेंसियों को कठपुतली बना दिया है. ये एजेंसियां जिस प्रकार से केवल गैर भाजपाई नेताओं को निशाना बना रही है, इससे पता चलता है कि ये एजेंसियां केंद्र की कठपुतली की तरह काम कर रही है. सवाल है कि क्या भाजपा से जितने नेता जुड़े हैं, वे सभी दूध के धुले हैं, यदि नहीं तो भाजपाइयों के यहां छापा क्यों नहीं पड़ रहे हैं.



**चाईबासा**

### आरोप-प्रत्यारोप राजनीति का हिस्सा है : दमयंती गोप



कोल्हन विश्वविद्यालय की छात्रा दमयंती गोप ने कहा कि केन्द्रीय एजेंसी को अपना काम करने देना चाहिए. आरोप प्रत्यारोप तो राजनीति का एक हिस्सा है. एजेंसी को लक्ष्य से या किसी बहकावे में काम नहीं करना चाहिए. एजेंसी का नाम और काम तो ठीक है. लेकिन किसी सरकार विशेष के इशारे पर करता है तब वह गलत है. एजेंसी को स्वतंत्र होकर काम करना चाहिए. जिससे परिणाम भी देश हित जनता हित में आयेगा. भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र देश है. इसकी गरिमा को बचाए रखना यहां के राजनीतिक पार्टियों का धर्म है. चुनाव करने के पश्चात ही कोई राजनेता किसी का प्रतिनिधि करता है. उसका सम्मान करना चाहिए.

### विरोध करने वालों के विरुद्ध छापाः नेहा निषाद



कोल्हान विश्वविद्यालय की छात्रा नेहा निषाद का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल में सबसे अधिक विपक्ष के लोगों को ही ईडी का छापा पड़ा है. जिसके कारण अब लोगों को सोचने को मजबूर कर दिया है, आखिर वैसे लोगों पर ही दबाव बनाया जा रहा है जो भाजपा का विरोध कर रहे हैं. बीजेपी का विरोध करने वाले लोगों विरुद्ध जबरन जांच एजेंसियों के पदाधिकारी घर जाकर छापेमारी कर रहे हैं. जो गलत है.

**धनबाद**

### सवाल उठाने वाले लोग हैं गलत : निर्भय कुमार



झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी कोयलांचल एकेडमी के डिप्लोमा इन योगा के विद्यार्थी निर्भय कुमार शुक्ला ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं. छापेमारी के दौरान जब्त अरबों रुपये और फर्जी दस्तावेज इस बात के सबूत हैं कि एजेंसियां अपना काम ठीक तरीके से कर रही हैं. जांच एजेंसियों पर सवाल उठाने वाले वही लोग हैं, जो गलत करने वालों का साथ देना चाहते हैं. केंद्र सरकार पर निराधार आरोप लगाया जा रहा है.

### छापों में पकड़े जा रहे भ्रष्टाचारी : मो. मजहर



झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी कोयलांचल एकेडमी के पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन रूरल डेवलपमेंट के छात्र मो. मजहर अंसारी ने कहा कि सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स डिपार्टमेंट जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों पर हर सरकार में आरोप लगते रहे हैं. कांग्रेस सरकार में कभी सुप्रीम कोर्ट ने भी सीबीआई को केंद्र के पिंजरे का तोता कहा था. वर्तमान सरकार पर भी यही आरोप लग रहे हैं. पर छापेमारी में गलत लोग पकड़े जा रहे हैं.

### गलत कार्रवाई हो रही है तो कोर्ट जाएं : सोनाली प्रकाश



झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी कोयलांचल एकेडमी के डिप्लोमा इन नर्सिंग टीचर ट्रेनिंग की छात्रा सोनाली प्रकाश ने कहा कि केंद्र में चाहे बीजेपी की सरकार हो या कांग्रेस की, सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स पर दबाव में काम करने का आरोप लगता रहा है. लेकिन छापेमारी में बरामद हो रहे अरबों रुपये और दस्तावेज बताते हैं कि कहीं न कहीं दाल में कुछ काला है. रही बात सही या गलत की तो सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खुला हुआ है.

### गलत करने वाले सलाखों के पीछे जा रहे हैं : सीमा



झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी कोयलांचल एकेडमी की डिप्लोमा इन नर्सिंग टीचर ट्रेनिंग की छात्रा सीमा कुमारी प्रसाद ने बताया कि झारखंड से लेकर पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल तक जिस प्रकार से केंद्रीय जांच एजेंसियों की छापेमारी हो रही है, कुछ तो गलत है. एजेंसियों पर यदि दबाव में काम करने का आरोप भी लग रहे हैं तो लगने दीजिए. कम से कम गलत करने वाले सलाखों के पीछे तो जा रहे हैं.

**आदित्यपुर**

### एजेंसियों का दुरूपयोग नहीं होना चाहिए : सुजाता



आदित्यपुर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता सह गृहिणी सुजाता सिंह कहती हैं कि हाल के दिनों में जिस तरह से देश में ईडी और सीबीआई ने भ्रष्टाचार के विरुद्ध कार्रवाई शुरू की है, वह जायज है. लेकिन हमारी मांग है कि वह सरकार के इशारे पर नहीं, बल्कि स्वतंत्र रूप से इसकी जांच करे. चूंकि ईडी और सीबीआई जैसी एजेंसियों पर देशवासियों को काफी भरोसा है. ईडी और सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग नहीं होना चाहिए.

### एजेंसियों की साख पर उठ रही है उंगली : निशा



आदित्यपुर निवासी गृहिणी निशा सिंह कहती हैं कि सीबीआई और ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसियों पर पूरा देश आंख मूंदकर भरोसा करता है. इनकी कार्रवाई पर विश्वास करता है, लेकिन वर्तमान में देश में कुछ लोगों के विरुद्ध की गई कार्रवाई से इनके विश्वास पर उंगलियां उठ रही हैं. इससे केंद्र सरकार की भी छवि खराब हो रही है.

**लातेहार**

### कार्यों में हस्तक्षेप करना उचित नहींः शिवम पांडेय



आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय के कक्षा 11 वीं का छात्र शिवम पांडेय ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियों के केंद्र सरकार के अधीन होती हैं. उनके कार्यों में किसी प्रकार के हस्तक्षेप की गुंजाइश नहीं है, केंद्रीय जांच एजेंसियां स्वतंत्र रूप से काम करती हैं. उनके कामों में दखलअंदाजी अगर हो तो यह उचित नहीं है.

### जांच एजेंसियों पर पूरा भरोसा हैः सिद्धनाथ राज



प्लस टू उच्च विद्यालय के कक्षा 11 वीं का छात्र सिद्धनाथ राज गुप्ता ने कहा कि उन्हें केंद्रीय जांच एजेंसियों पर काफी भरोसा है. हमने देखा है कि अक्सर लोग किसी घटना की सीबीआई से कराने की मांग करते हैं. इसका मतलब है कि ये एजेंसियां स्वतंत्र रूप से काम करती हैं और लोगों का उन पर भरोसा है.

**चक्रधरपुर**

### केन्द्र के निर्देश पर करती हैं काम : इतवारी लागुरी



चक्रधरपुर निवासी गृहिणी इतवारी लागुरी ने कहा कि केन्द्र सरकार के निर्देश पर ही जांच एजेंसियां काम करती हैं. जांच एजेंसियों को कार्य में स्वतंत्रता मिलनी चाहिए. एजेंसी के जरिए केन्द्र सरकार विपक्ष के राजनीतिक दल के नेताओं पर दबाव डालती है. सत्ता पक्ष के नेताओं के यहां जांच नहीं की जाती.

### काम करने में नहीं मिलती है आजादी : मनीषा देवी



चक्रधरपुर निवासी मनीषा देवी ने कहा कि जांच एजेंसियों को कार्य में स्वतंत्रता नहीं मिलती है. इस कारण निष्पक्ष रुप से जांच नहीं होती. केन्द्र सरकार जिनकी सूची एजेंसियों को थमाती है, उनके यहां भी जांच होती है. केन्द्र सरकार के इशारे पर ही जांच एजेंसियां काम करती हैं. ईडी, आयकर विभाग की अधिकतर छापेमारी विपक्ष के नेताओं के यहां ही होती है.

**घाटशिला**

### एजेंसियों पर आरोप लगाना नई बात नहीं : बबीता कुमारी

घाटशिला कॉलेज की छात्रा बबीता कुमारी कहती हैं कि जांच एजेंसियों पर आरोप लगना कोई नई बात नहीं है. शुरू से ऐसा होता आया है. जब भी केंद्रीय जांच एजेंसी किसी पर आरोप लगाती है तो राजनीतिक दबाव का हवाला दिया जाता है. होना ऐसा चाहिए कि आरोपियों को जांच एजेंसी के सवालों का जवाब देना चाहिए .

### काम में नहीं होनी चाहिए दखलअंदाजी : सोनाली

घाटशिला कॉलेज की छात्रा सोनाली मुर्मू ने कहा कि विपक्ष का आरोप सही है. केंद्रीय जांच एजेंसी इनकम टैक्स, सीबीआई, ईडी या अन्य जांच एजेंसी का दुरुपयोग कर रही है. केंद्रीय जांच एजेंसी के काम में किसी प्रकार की दखलअंदाजी किसी को नहीं करनी चाहिए. उसे स्वतंत्र रूप से ही कार्य करने का अवसर देना चाहिए.

**पाठक इस विषय पर आज दें अपनी राय**

क्या केंद्रीय एजेंसियां राजनीतिक दबाव में काम करती हैं . सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग जैसी जांच एजेंसियां राजनीतिक दलों के नेताओं पर शिकंजा कस रहीं हैं . विपक्ष के नेता जहां इसे सत्ता पक्ष द्वारा विपक्ष को केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से परेशान करनेवाली कार्रवाई बता रहे हैं, वहीं सत्ता पक्ष ने उनके आरोपों को निराधार बताते हुए केंद्रीय एजेंसियों के स्वतंत्र रूप से काम करने की बात कही है .

**नोट**

पाठक 50 से 75 शब्दों में अपनी राय नाम, रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो के साथ वाट्स एप नंबर 8102917469 पर भेजें . आपकी राय 11 अक्टूबर के अंक में प्रकाशित की जाएगी .

डिजाइनिंग : विकास कुमार

## ब्रीफ खबरें

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

**साहिबगंज।** उधवा प्रखंड राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तर बेगमगंज पंचायत अंतर्गत तिरंगा मोड़ में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी. मिली जानकारी के अनुसार बेगमगंज तिरंगा मोड़ निवासी बटोरन मंडल के पुत्र चाड़ु मंडल 24 वर्ष ने 9 अक्टूबर को अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक चाड़ु मंडल अपने मां मिनोति देवी के साथ घर में था. बताया जा रहा है कि युवक का अपनी मां के साथ किसी बात को लेकर अक्सर झगड़ा होता रहता था. करीब एक महीने पूर्व भी पारिवारिक विवाद को लेकर मां-बेटे ने पुलिस में शिकायत की थी.

### हाइवा के धक्के से जख्मी बाइक सवार की मौत

**बोकारो।** चास मुफस्सिल थाना इलाके के अलकुशा मोड़ से इलेक्ट्रो स्टील वेदांता कंपनी जाने वाली सड़क पर हाइवा की चपेट में आकर बीते 5 अक्टूबर की शाम को बाइक सवार चंद्र मोहन महतो (55) गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे. जिनकी इलाज के दौरान बीजीएच में सोमवार की सुबह मौत हो गई. सेक्टर-4 पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौप दिया है. घटना के दिन मृतक अपनी बेटी के ससुराल कुंबाटांड से अपने गांव धनबाद के महुदा पाथरगड़िया के लिए बाइक से निकला था. कंपनी जाने वाली सड़क पर लालडीह गांव के पास अनियंत्रित हाइवा ने बाइक सहित चपेट में लेकर जख्मी कर दिया था.

### उर्स मेला की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**बेंगाबाद।** बेंगाबाद के चपुआडीह पंचायत के बच्चा नावाडीह स्थित हजरत खलील शाह बाबा के मजार पर उर्स मेला को लेकर सोमवार को बैठक हुई. बैठक में मुखिया मो शमीम, मजार कमेटी के लोगों के अलावा इलाके के प्रबुद्ध लोग शामिल हुए. बैठक में मजार के 38 वें उर्स मुबारक को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गई. धूम धाम से उर्स मनाने का निर्णय लिया गया. बताया गया कि हजरत खलील शाह बाबा का 38 वा उर्स मुबारक 26 अक्टूबर से शुरू होगा. इस तीन दिवसीय आयोजन में 26, 27 व 28 अक्टूबर को अलग-अलग कार्यक्रमों का आयोजन होगा.

### घर में चोरी करने वाले दो मजदूर गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की मानगो पुलिस ने घर शिफ्ट करने के दौरान गहनों की चोरी करने के मामले में दो चोरों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में दाईगुटू निवासी राहुल मांडी और सीतारामडेरा निवासी सुरज कुमार साव शामिल है. आरोपियों की निशानदेही में पुलिस ने चोरी किया गया सोने का चेन और सोने की अंगुठी बरामद की है. इस संबंध में मो अली अकबर ने थाना में शिकायत की थी. उसने बताया था कि आजादनगर रोड नंबर एक से घर शिफ्ट करने के दौरान उनके घर से गहनों की चोरी कर ली थी.

### ऑटो-ट्रैक्टर की टक्कर में चालक हुआ घायल

**गांवा (गिरिडीह)।** गावां थाना क्षेत्र के खोटमनाय पेट्रोल पंप के पास ऑटो और ट्रैक्टर की टक्कर में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. घटना सोमवार की शाम साढ़े छह बजे की है. जानकारी के अनुसार सेरूआ निवासी विशेश्वर राउत उम्र 55 साल गावां बाजार से अपनी ऑटो को लेकर घर की ओर जा रहे थे. इसी बीच तिसरी की ओर से मिक्सर मशीन लेकर आ रही ट्रैक्टर से आमने-सामने जोरदार की टक्कर हो गई. घटना के बाद ट्रैक्टर चालक भागने में सफल रहा. वहीं ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. जिसे गावां अस्पताल में भर्ती कराया गया था.

### बसपा के काशीराम की मनाई गई पुण्यतिथि

**चाईबासा।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) ने सोमवार को चाईबासा मुख्यालय जुबली पार्क में काशीराम की पुण्यतिथि मनाई. इसमें सर्वप्रथम मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड प्रदेश सचिव सह जोनल प्रभारी आरयू दास ने काशीराम की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी. इसके बाद सिंहभूम जिला प्रभारी तुरी सुंडी, जिला अध्यक्ष जेम्स हेम्ब्रम, जिला प्रभारी नरेश राम, परदेसी लाल मुंडा ने भी माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी. इसके बाद सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि दी. समारोह में आरयू दास ने काशीराम की जीवनी पर प्रकाश डाला.

---

**जन्मदिन पर विशेष : टाटा समूह को बचाने के लिए बेशकीमती जुबिली डायमंड को कर दिया था कुर्बान**

# त्याग व परोपकार की प्रतिमूर्ति थीं लेडी मेहरबाई टाटा

**धर्मेंद्र कुमार। जमशेदपुर**



परिवार के साथ लेडी मेहरबाई टाटा.

जेरबाई भाभा और एच जे भाभा, मैसूर राज्य के इंस्पेक्टर-जनरल ऑफ एजुकेशन की पुत्री लेडी मेहरबाई टाटा का जन्म 10 अक्टूबर, 1879 को एक पारसी परिवार में हुआ था. उन्होंने 16 साल की उम्र में अपनी मैट्रिक की परीक्षा पास की, जिसके बाद उन्होंने अपने पिता के मार्गदर्शन में अंग्रेजी और लैटिन भाषा का अध्ययन किया और विज्ञान कक्षाओं के लिए कॉलेज में दाखिला लिया. एक पारसी और एक भारतीय के रूप में उन्होंने अपनी गौरवपूर्ण विरासत को कायम रखते हुए, अपने पिता से सीखे गए पश्चिमी उदारवादी आदर्शों को अपनाया. 14 फरवरी, 1898 को दोराबजी टाटा के साथ उनका विवाह हुआ. 1910 में जब ब्रिटिश भारत में उद्योग के प्रति योगदान के लिए दोराबजी टाटा को नाइट की उपाधि दी गई, तब से उन्हें लेडी मेहरबाई टाटा के नाम से पुकारा जाने लगा.

**खास बातें**

- लेडी मेहरबाई ने पश्चिमी उदारवादी आदर्शों को अपनाया
- 14 फरवरी, 1898 को दोराबजी टाटा के साथ हुआ विवाह

### अपने निःस्वार्थ बलिदान के लिए याद की जाती हैं

लेडी मेहरबाई टाटा ने टाटा समूह को बचाने के लिए इस बेशकीमती जुबिली डायमंड को कुर्बान कर दिया था. औद्योगीकरण और राष्ट्र-निर्माण में सर दोराबजी और लेडी मेहरबाई के निःस्वार्थ बलिदान के प्रति एक श्रद्धांजलि के रूप में वर्ष 2020 में जमशेदपुर में स्थित सर दोराबजी टाटा पार्क को नए सिरे से डिजाइन किया और यहां लेडी मेहरबाई टाटा की एक प्रतिमा के साथ ही टाटा स्ट्रक्चरा ट्यूब्लर स्टील सेक्शन से निर्मित 34 फीट ऊंचा जुबिली डायमंड स्थापित किया गया है.

### ल्यूकेमिया के कारण हुई थी उनकी मौत

बीमारी के अंतिम समय के दौरान, ल्यूकेमिया से पीड़ित मेहरबाई टाटा को नॉर्थ वेल्स के रूथिन में एक नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया था, जहां 18 जून, 1931 को उनका निधन हो गया. लेडी मेहरबाई टाटा के निधन के कुछ समय बाद, सर टाटा ने अपनी व्यक्तिगत संपत्ति का अधिकांश हिस्सा भारत की सबसे बड़ी जनकल्याणकारी संस्था, सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के नाम कर दिया था. इसमें विभिन्न टाटा एंटरप्राइजेज के शेयर, जमीन और उनकी पत्नी मेहरबाई के जेवरात तक शामिल थे.

---

## आओ जानें

### सामान्य ज्ञान

हमजैन साहित्य के अनुसार कितने जैन तीर्थंकरों को पारसनाथ की पहाड़ी से मोक्ष की प्राप्ति हुई थी ?– 20

सम्मेद शिखरजी पहाड़ी झारखंड के किस जिले में स्थित है ?– गिरीडीह

किस इतिहासकार के अनुसार झारखंड क्षेत्र चन्द्रगुप्त मौर्य के साम्राज्य में शामिल था ? – आर. रामशास्त्री

अशोक के किस शिलालेख में झारखंड क्षेत्र का उल्लेख है ? – 13 वें

किस साहित्य में झारखंड क्षेत्र के लिए कुकुरदेश शब्द का प्रयोग किया गया है ? – अर्थशास्त्र

झारखंड राज्य किस क्षेत्र से इंडोसीथियम सिक्के प्राप्त हुए हैं ? – चाईबासा

किस गुप्त शासक ने झारखंड क्षेत्र में अपना विजय अभियान चलाया था ? – समुद्रगुप्त

ह्वेनसांग के अनुसार किसने संपूर्ण झारखंड क्षेत्र पर अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया था ? – शशांक

---

**झारखंड राज्य आवास बोर्ड के चेयरमैन व सदस्यों का बढ़ेगा वेतन**

# हरमू में बनेगा तीन सितारा होटल





बैठक के दौरान चेयरमैन संजय लाल पासवान व अन्य अधिकारीगण.

**विशेष संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष एवं सदस्यों का वेतन बढ़ेगा. इससे जुड़े प्रस्ताव पर सोमवार को हुई बोर्ड की बैठक में निर्णय लिया गया. प्रस्ताव बनाकर विभाग को भेजा जाएगा. इसके बाद विभाग इसे मंजूरी प्रदान करेगा. इसके अतिरिक्त हरमू स्थित भूखंड संख्या-11 पर व्यवसायिक उपयोग के लिए तीन सितारा होटल सहित शॉपिंग कांप्लेक्स निर्माण होगा. इससे जुड़े प्रस्ताव पर चर्चा के उपरांत इसे अनुमोदित कर दिया गया. अब इसको लेकर जल्द ही निर्णय लिया जाएगा. सोमवार को हुई बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन संजय लाल पासवान ने किया. बैठक में सचिव वित्त विभाग, सचिव नगर विकास विभाग, एमडी आवास बोर्ड, अभियंता प्रमुख पेयजल विभाग सहित सदस्य अभिलाश साहू, गुलाम अहमद गोकुल, नीतिन अग्रवाल, पवन महतो सहित कई उपस्थित थे.

**इन प्रस्तावों पर चर्चा के बाद दी गई मंजूरी**

- झारखंड राजय आवास बोर्ड दुमका प्रमंडल कैंप रांची का स्थानांतरण दुमका में करने का निर्णय .
- झारखंड राजय आवास बोर्ड, रांची के लिए आवासीय सुविधा के लिए हरमू और अरगोड़ा में अतिथिशाला सह निरीक्षण भवन के तौर पर आवास चिन्हितकर उपलब्ध कराने का निर्णय.
- सारले हजारीबाग स्थित कार्यालय सह निरीक्षण भवन के विकास कार्य अंतर्गत ग्रिल और कोलास्पिबल गेट निर्माण के लिए 4,11,911 रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति.
- हरमू रांची के उच्च आय वर्गीय फ्लैट (ब्लॉक-2) पटेल पार्क निकट वार्ड संख्या 26 में चाहरदिवारी निर्माण के लिए 12,82,283 लाख रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति.
- हरमू स्थित झारखंड राज्य आवास बोर्ड स्टॉफ क्वार्टर के बगल में उच्च आय वर्गीय फ्लैट (ब्लॉक-7) जी प्लस 2 हरमू आवासीय कॉलानी में चाहरदिवारी का निर्माण के लिए 1,52,45,451 रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति.
- झारखंड राज्य आवास बोर्ड रांची हरमू के निम्न वर्गीय फ्लैट (ब्लॉक-ए) हरमू आवासीय कॉलानी में निचले तल्ले पर ग्रिल और गेट निर्माण के लिए 4,85,759 रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति.
- हरमू रांची स्थित सहजानंद चौक के निकट भूखंड संख्या-15 हरमू आवासीय कॉलानी में चाहरदिवारी निर्माण के लिए 22,09,636 रूपए की स्वीकृति.
- झारखंड राज्य आवास बोर्ड हरमू आवासीय कॉलानी में निर्मित फ्लैट (ब्लॉक-8,9 और 10) के निकट चाहरदिवासी निर्माण के लिए 15,16,757 रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति.
- झारखंड राज्य आवास बोर्ड मुख्यालय में में अध्यक्ष कक्ष के बगल में अल्मुनियम पार्टिशन के तहत अतिथि कक्ष निर्माण के लिए 57,680 रूपए की प्रशासनिक स्वीकृति.
- हरमू रांची स्थित प्रबंध निदेशक आवास सहायक अभियंता आवास संया-2 के चाहरदिवारी निर्माण के लिए 19,46,692 रूपए की स्वीकृति.
- अरगोड़ा चौक पर व्यवसायिक योजना का निर्माण होगा.
- हरमू मैदान का क्षतिग्रस्त चाहरदिवारी का जीर्णोद्धार किया जाएगा.
- हरमू स्थित उच्च आय वर्गीय भूखंड संख्या 23 का पूर्ण रिपोर्ट मंगवाकर आगे की कारवाई की जाएगी.

### दुर्गा पूजा में उपभोक्ताओं को मिलेगी निर्बाध बिजली

**धनबाद।** बिजली विभाग की बैठक सोमवार 9 अक्टूबर को महाप्रबंधक हरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई. बैठक में दुर्गा पूजा के दौरान निर्बाध रूप से बिजली आपूर्ति का निर्णय लिया गया. इसके अलावा अक्टूबर महीने में 40 करोड़ रुपये राजस्व वसूली का लक्ष्य तय किया गया है. इसके बैठक में कई अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हुई. पूजा से पहले में पूर्व सूचना के तहत मेंटेनेस कार्य निपटा लिया जाएगा. दस हजार से ज्यादा के बकायेदारों का कनेक्शन काटा जाएगा. जिन उपभोक्ताओं का पचास हजार से ज्यादा का बकाया है, उनकी लाइन सबसे पहले काटी जाएगी. बिजली चोरी के खिलाफ अभियान में कम से कम 50 केस के साथ ही 100 सर्टिफिकेट केस भी करने का लक्ष्य रखा गया है. शत प्रतिशत बिलिंग करना सुनिश्चित किया गया है.

# योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने किया कमाल



**संवाददाता। चाईबासा**

चतुर्थ झारखंड स्टेट योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का आयोजन 7 व 8 अक्टूबर को जमशेदपुर के श्रीनाथ यूनिवर्सिटी में किया गया, जिसमें पश्चिमी सिंहभूम जिले के 13 खिलाड़ियों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की.

जूनियर गर्ल्स 14 से 18 साल की आयु वर्ग में आयुषी कुमारी वा गीत वेगाड़ की जोड़ी को सिल्वर मेडल प्राप्त हुआ, अनामिका कुमारी राम को सीनियर गर्ल्स बालिका ग्रुप 18 से 28 आयु वर्ग के आर्टिस्टिक सालो में ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ, वही सीनियर ग्रुप 18 से 28 साल के आयु वर्ग में करण प्रजापति व रेंजर्स सिंह सरदार की जोड़ी को आर्टिस्टिक एवं रिदमिक जोड़ी में गोल्ड मेडल प्राप्त किया इस तरह से पश्चिमी सिंहभूम जिले को 4 गोल्ड, 2 सिल्वर मेडल एवं एक ब्रॉन्ज मेडल प्राप्त हुआ.

# डीड राइटर पर हमला, गंभीर रूप से जख्मी

**संवाददाता। गोविंदपुर**



गोविंदपुर रजिस्ट्री ऑफिस परिसर में सोमवार को कुछ लोगों ने जमकर हंगामा करते हुए सरकारी काम में बाधा डाला. उत्पातियों ने डीड राइटर मो. रिजवान अंसारी की बुरी तरह पिटाई कर घायल कर दिया. इससे पूरे रजिस्ट्री ऑफिस परिसर में अफरा-तफरी मच गई. लोग इधर-उधर भागने लगे. घटना को लेकर रिजवान अंसारी ने गोविंदपुर थाना में जानलेवा हमला करने व डेढ़ लाख रुपये का मुद्रांक और सोने का चेन और मोबाइल छीन लेने का आवेदन दिया है. उन्होंने कहा है कि सोमवार को अवर निबंधन कार्यालय गोविंदपुर में कार्य करने के दौरान शाम 4:00 बजे कई महिलाओं और पुरुषों ने आकर उन पर हमला कर दिया और ईट-पत्थर मारकर घायल कर दिया. इस बीच रजिस्ट्री ऑफिस के प्रधान सहायक समेत अन्य कर्मचारियों ने बीच बचाव किया. जिसके बाद हंगामा करने वाले लोग निकल भागे. उन्होंने लिखित शिकायत में बशीरुद्दीन अंसारी, पिता स्व रूपचांद मियां, शहाबुद्दीन अंसारी, पिता वसीरूद्दीन अंसारी, बशीरुद्दीन अंसारी का दामाद इदरीस अंसारी, बशीरुद्दीन अंसारी की पत्नी, मुख्तार अंसारी, अख्तर अंसारी पिता सरफुद्दीन अंसारी, सरफुद्दीन अंसारी पिता स्व मातवर मियां व अन्य सभी जो गांव गहिरा, गोविंदपुर के रहने वाले हैं, को आरोपी बनाया है. उन्होंने गोविंदपुर पुलिस को इसकी सूचना दी. पुलिस ने इलाज के लिए उन्हें सीएचसी गोविंदपुर भेजा, जहां से उन्हें धनबाद भेज दिया है. इस संबंध में पुलिस इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस कार्रवाई करेगी.

# उत्पाद विभाग ने किया मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

**संवाददाता। धनबाद**



धनबाद उत्पाद विभाग ने सोमवार 9 अक्टूबर को बलियापुर थाना क्षेत्र के गुल्लूडीह बस्ती में मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद की. शराब फैक्ट्री खाली मकान में संचालित की जा रही थी. हालांकि किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है.

उत्पाद विभाग के प्रभारी जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सहायक आयुक्त को गुप्त सूचना मिली थी. उसी सूचना के आधार पर बलियापुर थाना क्षेत्र के गुल्लूडीह बस्ती में छापेमारी की गई. एक खाली मकान में अवैध डुप्लीकेट शराब बनाने मिनी फैक्ट्री चल रही थी. उत्पाद विभाग की टीम ने पहुंची व 495 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की. बरामद अवैध शराब विभिन्न ब्रांडों के बोतल में भरी हुई है. शराब बनाने के काम आनेवाली 175 लीटर अवैध स्प्रिट भी जब्त की गई है. 500 लीटर रंगीन शराब भी बरामद की गई है.

**खास बातें**

- भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद, गिरफ्तारी नहीं
- शराब फैक्ट्री खाली मकान में की जा रही थी संचालित

**विधायिका प्रशिक्षण पाठशाला का किया गया आयोजन**

# झारखंड के लिए उलगुलान करने का संकल्प

**संवाददाता। धनबाद**




झारखंडी खतियानी मोर्चा के बैनर तले 2024 के लोकसभा व विधानसभा चुनाव में राजनीतिक विकल्प के लिए विधायिका प्रशिक्षण पाठशाला का आयोजन सोमवार को धनबाद के गांधी सेवा सदन में किया गया.

प्रशिक्षक के रूप में झारखंडी खतियानी मोर्चा के संयोजक पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा मौजूद थे. प्रशिक्षण में अभ्यर्थियों को चुनाव जीतने की अचूक रणनीति के साथ जनता से सीधे जुड़ने व जाति, धर्म से ऊपर उठकर माय, माटी मातृ भाषा और वीर शहीदों के सपनों के झारखंड के लिए उलगुलान करने का संकल्प लिया गया. सूर्य सिंह बेसरा ने कहा कि बिरसा मुंडा जयंती सह राज्य स्थापना दिवस पर 15 नवंबर को वीर शहीदों के सम्मान के लिए उनके परिवार की ओर से राज्यपाल भवन में धरना व ज्ञापन सौंपा जाएगा. दिसम्बर में विकल्प यात्रा निकाली जाएगी, जो सिदो कान्हु के पैतृक गांव भोगनाडीह से प्रारंभ होगी व 25 दिसंबर को शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस पर जमशेदपुर में संपन्न होगी. 30 दिसंबर को मोराबादी मैदान में विशाल विकल्प महासभा होगी. पाठशाला में झारखंड यूथ एसोसिएशन के संयोजक इमाम सफी, जेएमएम उलगुलान के खेदन महतो, जेपी वालिया, झारखंड पीपुल्स पार्टी के अशोक अग्रवाल आजाद, प्रकाश कुमार महतो,विवेक रंजन महतो, फारूक अंसारी, मनोज कुमार,ओम प्रकाश, माधवेन्द्र मेहता आदि मौजूद थे.

# कोल इंडिया वरिष्ठ नागरिक संगठन का होगा विस्तार

**संवाददाता। धनबाद**

कोल इंडिया वरिष्ठ नागरिक संघ के विस्तार की तैयारी चल रही है. सोमवार को देवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में संघ की बैठक हुई, जिसमें सर्वसम्मति से तय किया गया कि संगठन का विस्तार कोल इंडिया स्तर पर होगा. यूनियन का प्रारूप तैयार कर रजिस्ट्रार के पास पंजीयन के लिए जमा किया. संगठन में चीमन कुमार, अमरेंद्र चौधरी, हरिपदो रवानी, सरवन कुमार, देवेंद्र कुमार, एके दुबे, रामचंद्र पासवान, बीपी चौधरी, यूसी मिश्रा व आरएस चौधरी को शामिल किया गया है, जो संघ के संयोजक विंदेश्वरी प्रसाद को सहयोग करेंगे. बैठक में निर्णय लिया गया कि सीएमपीएफ की ओर से पीपीओ के लिए जारी पत्र भरने में काफी कठिनाई हो रही है तो उसे सुविधाजनक बनाने का प्रयास किया जाएगा.

**खास बातें**

- सीएमडी से वार्ता कर कराएंगे समस्याओं का निदान
- देवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई संघ की बैठक

पेज 1 का शेष...

### पसोपेश में वन अधिकार समितियां, क्या मिलेगा वन पट्टा...!

**सामुदायिक पट्टा देने का नाम पर थमाया जा रहा है झुनझुना**

सामुदायिक पट्टे के नाम पर नौकरशाह लोगों को झुनझुना थमा देते हैं. जिसका उदाहरण लातेहार में देखा जा सकता है. जिले में वन अधिकार के एक ही कानून के आधार पर 2 अलग – अलग सामुदायिक पट्टे निर्गत किये गये हैं. 2016–17 डोंकी गांव अंतर्गत बरियातू को अधिनियम की धारा 3 (1) (ग) के आधार पर और धारा 2 (झ) में परिभाषित और नियम 2012 के धारा 2(घ) में वर्णित गौण वन उत्पादों का स्वामित्व, उन्हें संग्रह करने के लिए पहुंच, उनका उपयोग और व्ययन (खर्च करने का अधिकार) का हक दिया गया. लेकिन वहीं 2020 – 21 में 39 ग्राम सभाओं को निर्गत सामुदायिक पट्टों में स्वामित्व अर्थात मालिकाना हक के अधिकार को गौण कर दिया गया. जिसके कारण ग्राम सभाओं ने ऐसे उद्देश्यहीन पट्टे को लेने से इनकार कर दिया है.

**दिए जाने हैं वन अधिकार कानून में सामुदायिक अधिकार**

(क) अधिनियम की धारा 3 (1) (ख) के आधार पर छोटे काष्ट और जलावन लकड़ी घरेलू उपयोग के लिए संग्रह करने और स्वयं उपयोग करने का हक.

(ख) अधिनियम की धारा 3 (1) (ग) के आधार पर और धारा 2 (झ) में परिभाषित और नियम 2012 की धारा2 (घ) में वर्णित गौण वन उत्पादों का स्वामित्व, उन्हें संग्रह करने के लिए पहुंच, उनका उपयोग और व्ययन का हक.

(ग) अधिनियम की धारा 3 (1) (घ) के आधार पर जल श्रोतों के (जैसे तालाब, नाला, नदी, जलाशय) उत्पाद जैसे मछली, केकड़ा इत्यादि और अजीविका के लिए और घरेलू जानवरों के लिए जल के उपयोग का हक.

(घ) अधिनियम की धारा 3 (1) (घ) के अंतर्गत घरेलू जानवरों को चराने का हक.

(ङ)अधिनियम की धारा 3 (1) (ट) के अंतर्गत जैव विविधता तक पहुंच का अधिकार और जैव विविधता और सांस्कृतिक विविधता से संबंधित बौद्धिक संपदा और पारंपरिक ज्ञान का हक.

(च) अधिनियम की धारा 3 (1) (ढ) के अंतर्गत अन्य अधिकारों जैसे स्थानीय समुदाय परंपरा से उपयोग करते आ रहे सड़क, पगडंडी, घरेलू उपयोग के लिए मिट्टी का संग्रहण, पूजा स्थल और अन्य पवित्र स्थल, श्मशान घाट, खेल मैदान का हक.

---

**अभियान** **शहर के दक्षिणी भाग सरकंडा को जाने वाली सड़क से हटाया गया अतिक्रमण**

# गोड्डा बनेगा अतिक्रमण मुक्त शहर, चला बुलडोजर

**संवाददाता। गोड्डा**



अतिक्रमण हटाने में जुटा जेसीबी.

शहर को साफ-सुथरा व अतिक्रमण मुक्त बनाने को लेकर शहर के दक्षिणी भाग सरकंडा को जाने वाली सड़क के दोनों ओर किए गए अतिक्रमण पर प्रशासन का बुलडोजर चला.

जिला प्रशासन व नगर परिषद की संयुक्त टीम पिछले एक पखवाड़ा से अतिक्रमणकारियों के खिलाफ अभियान चला रही है. इसके पूर्व माइकिंग करवा कर सभी दुकानदारों को यह चेतावनी दी गई थी कि वे अपने हिस्से का अतिक्रमण हटा लें, अन्यथा प्रशासन तोड़ देगा. इसकी भरपाई भी संबंधित पक्षकार से की जाएगी, मगर इस घोषणा का अतिक्रमणकारियों पर कोई असर नहीं पड़ा. नतीजन प्रशासन की ओर से अभियान चलाकर सड़क को खाली करवाया जा रहा है. हालांकि अतिक्रमण हटाओ अभियान में प्रशासन पर आरोप भी लगाए जा रहे हैं. लोगों की शिकायत है कि प्रशासन पक्षपात पूर्ण रवैया अपना रहा है. सामने वाले की पहुंच और चेहरा देखकर काम किया जा रहा है.

**खास बातें**

- अतिक्रमण हटाओ अभियान में प्रशासन पर लगे आरोप
- लोगों ने कहा : चेहरा देख कर किया जा रहा है काम

### नगर पालिका के पास अपना कोई नक्शा ही नहीं

सड़क किनारे सरकार की कितनी जमीन पर अतिक्रमण हैं, इसका कोई पेपर नगर परिषद के पास नहीं है. अनुमान के आधार पर ही सरकारी जमीन मानकर तोड़फोड़ की जा रही है. नक्शा नहीं होने की वजह से किस जमीन पर अतिक्रमण है और किस पर नही, इसका खुलासा नहीं हो पाता है. अतिक्रमण हटाने वाले कर्मियों की इच्छा के अनुसार कहीं पर ज्यादा कहीं पर कम तोड़ दिया जाता है. इससे लोगों में आक्रोश है.

▼ ब्रीफ खबरें

## कंटेनर-ऑटो में टक्कर छात्रा की मौत, 4 घायल

**गया ।** गया में तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी. इस घटना में कोचिंग जा रही ऑटो सवार एक छात्रा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. वहीं, चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया है. वहीं, छात्रा की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है. घटना बाराचट्टी नेशनल हाईवे 2 की है. बताया जा रहा है कि नेशनल हाईवे 2 पर एक तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक ने काहूदाग लाइन होटल के समीप एक ऑटो में टक्कर मार दी. इस घटना में ऑटो सवार एक छात्रा की मौत हो गई.

## स्कूल संचालक की गोली मारकर हत्या

**वैशाली ।** वैशाली जिले बिदुपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक स्कूल संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी. मृतक की पहचान ज्योति कुमार के रूप में की गई है, जो मझौली निवासी गेंदालाल चौधरी के पुत्र बताए गए हैं. घटना जिले के हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र के बलवा क्वारी की है, जहां ज्योति कुमार उर्फ सुधीर कुमार एक निजी स्कूल का संचालन करते थे और वही उनका रहना होता था. स्थानीय लोगों ने बताया कि सुधीर कुमार जब सो रहे थे तब खिड़की खुली हुई थी. खिड़की के रास्ते ही घर में घुसकर अपराधियों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी.

## गोदाम में लगी आग लाखों का नुकसान

**पटना ।** पटना के अगमकुआं थाना क्षेत्र में रविवार देर रात कबाड़ गोदाम में अचानक आग लग जाने से पूरे इलाके में हड़कं मच गया. आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है. वहीं स्थानीय लोगों ने आग की लपटों को देख फायर बिग्रेड को टीम को सूचना दी. आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की चार बड़ी और एक छोटी गाड़ी घटनास्थल पर पहुंच गई. जहां फायर ब्रिगेड कर्मचारियों ने काफी मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया. वहीं मौके पर मौजूद फायर अधिकारी इंद्रजीत ने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है.

# 20 साइबर अपराधी गिरफ्तार, 25 फोन बरामद

संवाददाता । नवादा



### चलाया अभियान

- पुलिस बोली-बड़ी सफलता है, सख्त कार्रवाई होगी
- गोसपुर के बगीचा में सभी अपराधी ठगी कर रहे थे

नवादा दूसरा जामताड़ा बन रहा है. साइबर अपराध के खिलाफ नवादा पुलिस के द्वारा चलाए जा रहे अभियान में लकी ड्रॉ के नाम पर सोमवार को पैसे की ठगी करने वाले 20 साइबर अपराधी को 25 मोबाइल फोन, 115 पन्ने कस्टमर डाटा, 22 हिसाब वाला नोटबुक और कई अन्य अभियोगी साक्ष्यों के साथ गिरफ्तार किया गया. नवादा जिले के वारसलीगंज थाने में गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गोसपुर के बगीचा में एवं ग्राम टाटी मीर बिगहा के बघार (खाली स्थान) में कुछ साइबर अपराधियों द्वारा साइबर संबंधी अपराध किया जा रहा है. उक्त सूचना के सत्यापन एवं गिरफ्तारी के लिए नवादा पुलिस की एक विशेष टीम घटनास्थल पर पहुंची. जहां से साइबर अपराध में संलिप्त 20 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया. उल्लेखनीय है कि इन अपराधियों द्वारा भोले भाले जनता को प्रलोभन दिया जाता था कि आपका नाम लकी ड्रा में निकला है जिसकी इनामी राशि 7 लाख 80 हजार रुपये है.सुरक्षा के दृष्टिकोण से 1,999 रुपये रजिस्ट्रेशन के रूप में जमा करना होगा. इस तरह के झांसा में लेकर पैसे की ठगी की जाती थी.

पुलिस ने इन 20 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर साइबर अपराध में संलिप्त सभी अपराधियों के खिलाफ एक सख्त संदेश जारी किया है. वारसलीगंज के थाना प्रभारी ने बताया कि अपराधियों की यह गिरफ्तारी पुलिस की एक बड़ी सफलता है. इलाके पर में व्यापक पैमाने पर साइबर अपराध में युवा जुड़े हुए हैं. जिनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है. उन्होंने आम नागरिकों से भी साइबर अपराध में लिप्त युवाओं के विरुद्ध सूचना देने की अपील की है.

## पटना में तेज रफ्तार कार नहर में गिरी, एक की मौत, 3 लापता

**पटना ।** तेज रफ्तार बेकाबू कार नहर में जा गिरी. इस घटना में एक की मौत हो गई, वहीं तीन लोग लापता बताए जा रहे हैं. घटना जानीपुर थाना क्षेत्र के गाजाचक मोहम्मदपुर हनुमान मंदिर के पास की है. स्थानीय लोगों ने बताया कि कार पूरी तरह नहर में समा गई थी. पुलिस को सूचना दी गई. इसके बाद पुलिस ने क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला. इस दौरान कार सवार एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है, वहीं तीन लोग लापता हैं. लापता लोगों की तलाश गोताखोरों की मदद से की जा रही है. मृतक की पहचान नौबतपुर थाना क्षेत्र के परसा नगमा निवासी राहुल कुमार के रूप में की गई है. शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है.

## आओ जानें

### आइए जानते हैं बिहार के नदियों के बारे में

- बिहार के सीतामढ़ी जिले में समस्तीपुर-नरकटियागंज रेल लाइन पर स्थित ढेंग रेलवे स्टेशन के 2.5 किलोमीटर उत्तर में भारत में प्रवेश करती है.
- इस नदी की कुल लम्बाई 394 किलोमीटर है. नेपाल में इस नदी का कुल जल ग्रहण क्षेत्र 7884 वर्ग किलोमीटर है.
- ढेंग और बैरगनियां स्टेशन को जोड़ने वाली रेल लाइन पर बने पुल संख्या 89, 90, 91, 91ए और 91बी से होकर यह नदी दक्षिण दिशा में चलती है.
- 5 किलोमीटर दक्षिण चल कर बागमती शिवहर जिले के बखार चंडिहा और अदौरी गांव की सीमा में आती है.
- बिहार के तराई क्षेत्रों में प्रवेश करने के बाद यह नदी बाढ़ के दिनों में अक्सर अपना प्रवाह मार्ग बदल लेती है.
- इस नदी में बाढ़ के कारण बिहार के सीतामढ़ी, मुजफ्फपुर, दरभंगा और मधुबनी ज़िलों में काफ़ी क्षति पहुंचाती है.

### पटना पहुंचे सीपीएम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीताराम येचुरी, बोले-

# देश में पूरी तरह से है मजबूत विपक्षी दलों का गठबंधन

संवाददाता । पटना



सीपीएम के राष्ट्रीय महासचिव सीताराम येचुरी सोमवार को पटना पहुंचे. पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने दावा किया कि पूरे देश में विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया पूरी तरह से मजबूत है. कहीं से भी किसी भी तरह की दिक्कत नहीं हो रही है. वहीं सीट शेयरिंग के सवाल पर सीताराम येचुरी कन्नी काट गए और कहा कि ये सब बातचीत चलती रहेगी.

येचुरी ने कहा कि बिहार में जो जातीय गणना की गई है उससे सब कुछ साफ हो गया है. हम तो चाहते ही थे कि जाति आधारित गणना हो. साथ ही येचुरी ने बीजेपी पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि आखिर बीजेपी देश भर में जातीय जनगणना क्यों नहीं करा रही है? वहीं उन्होंने आरोप लगाया कि लगातार केंद्र में बैठी हुई सरकार विपक्षी नेताओं को परेशान करने की काम कर रही है. जांच एजेंसियां सीबीआई और ईडी का लगातार दुरुपयोग किया जा रहा है. इंडिया गठबंधन के नेताओं को जिस तरह से परेशान किया जा रहा है, वह देश की जनता देख रही है. निश्चित तौर पर केंद्र में बैठी हुई मोदी सरकार जो कर रही है, ऐसा पहले कभी देश में नहीं हुआ था. देश में विपक्षी दलों के बने हुए गठबंधन को जनता का साथ है. भले ही भाजपा के लोग कुछ भी कर लें लेकिन अब उन्हें धीरे-धीरे पता चल रहा है कि जनता की मांग पर ही हम लोगों ने एकजुटता बनाई है. यह एकजुटता लगातार जारी रहेगी और जो मोदी सरकार को गद्दी से उतारने का उद्देश्य है, उसे हम लोग जरूर पूरा करेंगे.

भाजपा के लोग भले ही कुछ भी कह लें लेकिन सच्चाई यही है कि जनता अब उनके साथ नहीं है. देश को बचाने के लिए हम सब साथ आए हैं. इससे पहले सीताराम येचुरी 20 सितंबर 2023 को बिहार आए थे. उस दौरान उन्होंने महिला आरक्षण को लेकर केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधा था. सोमवार को सीताराम येचुरी का बिहार के समस्तीपुर और दरभंगा में कार्यक्रम है. सीताराम येचुरी आम सभा को संबोधित करेंगे.

## जीतन राम मांझी बोले- सुधाकर की दिमागी हालत ठीक नहीं

**गया ।** पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह के विवादित बयान पर सियासत तेज हो गई है. सोमवार को पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने सुधाकर सिंह के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जनतंत्र में अलोकतांत्रिक व्यवहार नहीं होना चाहिए. लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करना अधिकार है. पूर्व कृषि मंत्री सुधाकर सिंह की दिमागी हालत ठीक नहीं है. महात्मा गांधी ने भी लोकतांत्रिक तरीके से देश को आजाद कराया था. उस वक्त किसी के मुंह पर थूकने की बात नहीं आई थी. कई क्रांतियां हुईं. यह ओछी बात है. हमें भी मालूम है कि नीतीश कुमार के राज में पदाधिकारी बेलगाम हो गए हैं. जब हम साथ में थे तो कहा करते थे कि यहां पदाधिकारी मंत्री या विधायक की बातों को नहीं सुनते हैं. सिर्फ आपकी (नीतीश कुमार) बातों को सुनते हैं. यही कारण है कि भ्रष्टाचार और घूसखोरी बढ़ी है.

# समस्तीपुर में बिजली कटने से गुस्साए लोगों ने किया कर्मचारी को किडनैप

संवाददाता । समस्तीपुर

समस्तीपुर में बिजली कटने से नाराज लोगों ने एक बिजली कर्मचारी का अपहरण कर लिया. उसकी आंखों पर पट्टी बांधकर साथ ले गए और रातभर एक अंधेरे कमरे में बंद रखा. सोमवार सुबह 9 बजे आंखों में पट्टी बांधकर ही उसे स्कूल के पास छोड़ दिया. इस दौरान अगवा हुए पावर हाउस के स्विच बोर्ड ऑपरेटर राजेश कुमार दास के साथ कोई बदसलूकी नहीं की गई.

इधर, बिजली कर्मी के अपहरण से गुस्साए कर्मचारियों ने तीनों फीडर की लाइन काट दी. हालांकि कर्मचारी गड़बड़ी का हवाला देकर बिजली काटने की बात कह रहे हैं. जिससे 10 हजार की आबादी रातभर अंधेरे में रही. सुबह कर्मचारी राजेश के लौटने के बाद बिजली सप्लाई शुरू की गई. पूरा मामला शहर के चंदवारी (लगुनिया) का है.

घटना की सूचना नगर थाने को दी गई. मौके पर पहुंच पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया. अगवा बिजली कर्मी एसबीओ राजेश कुमार दास ने बताया कि उसे कहां रखा गया था, इसकी जानकारी नहीं है. स्कूल के पास से मेरी आंखों पर पट्टी बांध दी गई थी. उनलोगों ने मेरे साथ बदसलूकी नहीं की. कमरे में बंद रखा था. कहा- जबतक बिजली नहीं आ जाती तब तक यहीं बंद रहोगे. फिर सोमवार सुबह मुझे स्कूल के पास लाकर छोड़ दिया गया.

बताया जाता है कि चंदवारी स्थित पावर हाउस में तीन फीडर हैं. रविवार रात 11 बजे ग्रामीण फीडर में समस्या आई थी. इसके कारण इस फीडर की बिजली कटी हुई थी. बिजली कटने से नाराज 20-25 की संख्या में आए लोगों ने पावर हाउस में हंगामा मचाया और दोनों टाउन फीडर की बिजली काट दी. इस दौरान राजेश कुमार ने इसका विरोध किया तो लोग राजेश उठाकर अपने साथ ले गए.

## प्रतिबंधित दवा व ब्राउन सुगर समेत 5 धराए

**पूर्वी चंपारण ।** नेपाल के मकवानपुर जिला पुलिस ने आठ लाख नेपाली रुपये, प्रतिबंधित नशीली दवा व ब्राउन सुगर के साथ पांच लोगों को सोमवार को गिरफ्तार किया है. नेपाल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर मकवानपुर जिले के मनहरी गांवपालिका वार्ड नंबर 06 में पुलिस ने छापेमारी की. इस दौरान विकास मोक्तान, रामबहादुर, जीत बहादुर चापागोई, रामचन्द्र गोले और दलबहादुर मोक्तान को गिरफ्तार किया है.

# छपरा में गल्ला व्यवसायी की गोली मारकर हत्या

**छपरा ।** एकमा बाजार में अपराधियों ने एक व्यक्ति को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया है. घटना रविवार के देर शाम का है. जब व्यापारी अपना दुकान बंद कर वापस अपने घर जा रहे थे. तभी एक बाइक पर दो की संख्या में अपराधियों ने उनके ऊपर दनादन गोली चलाते हुए फरार हो गए. मृतक की पहचान एकमा थाना क्षेत्र के ब्लॉक रोड निवासी राजेश कुमार (60) पिता राम चन्द्र प्रसाद के रूप में हुई है. मृतक गल्ला व्यवसाय का व्यापार करते थे. घटना के बाद एकमा में अफरातफरी का माहौल हो गया. हत्या के कारणों का खुलासा नही हो सका है. घटना के बाद एकमा सहित छपरा जिला के व्यवसायी में आक्रोश हैं.

जिसको लेकर एकमा के व्यवसायी दुकान को बंद करने का आह्वान किया है. सोमवार को एकमा बाजार पूर्ण रूप से बंद रहा.

## कारोबार

## शक्ति पंप्स को मिला 149.71 करोड़ का ठेका

**नयी दिल्ली ।** शक्ति पंप्स को प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजना के तहत 149.71 करोड़ रुपये का ठेका मिला है. कंपनी की ओर से सोमवार को जारी बयान के अनुसार, यह सरकारी योजना के प्रावधान 'सी' के तहत पहला ठेका है. वॉटर पंप कंपनी ने बयान में कहा, शक्ति पंप्स पीएम-कुसुम योजना के प्रावधान 'सी' के तहत अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड से 149.71 करोड़ रुपये का वाणिज्यिक ठेका मिलने की घोषणा करती है. पीएम-कुसुम की शुरुआत 2019 में की गई थी.

## नानी विरानी विंड एनर्जी अपनी हिस्सेदारी बेचेगी

**नयी दिल्ली ।** आईनॉक्स ग्रीन एनर्जी सर्विसेज नानी विरानी विंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी. नानी विरानी गुजरात में 50 मेगावाट का परिचालन वाला पवन फार्म है. आईजीईएसएल की मूल कंपनी आईनॉक्स विंड लिमिटेड (आईडब्ल्यूएल) ने सोमवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा, आईनॉक्स ग्रीन एनर्जी सर्विसेज (आईजीईएसएल) ने नानी विरानी विंड एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड एसपीवी में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी के विनिवेश के लिए एक करार पर हस्ताक्षर किए हैं.आईजीईएसएल ने शुद्ध रूप से कर्ज-मुक्त कंपनी बनने का लक्ष्य हासिल कर लिया है.

## त्योहारी सीजन के साथ वाहनों की मांग में उछाल

**नयी दिल्ली ।** त्योहारी सीजन की शुरुआत के साथ देश में वाहनों की बिक्री में जोरदार उछाल आया है. सितंबर माह में देशभर में वाहन बिक्री में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई है. वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने सोमवार को बताया कि कुल मिलाकर सितंबर में वाहनों के पंजीकरण का आंकड़ा 18,82,071 इकाई पर पहुंच गया. सितंबर, 2022 में यह 15,63,735 इकाई रहा था. फाडा के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा कि आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि सितंबर में वाहन बिक्री में बढ़ोतरी व्यापक रही है.

### भारतीय कंपनियों का इजरायल में और उनका भारत में निवेश है

# जंग ने भारत की चिंता बढ़ा दी है

### भारत-इजरायल का कारोबार 10 बिलियन डॉलर है

एजेंसी । नई दिल्ली



### पड़ेगा असर

- 40000 से ज्यादा भारतीय इजराइल में काम करते हैं
- 300 इजराइली कंपनियों का भारत में निवेश है

इसमें कोई संदेह नहीं कि युद्ध से किसी का भला नहीं होता है. इसके बाद भी दुनिया में कहीं न कहीं दो देशों या दो गुटों के बीच जंग जारी है. अब नई जंग इजरायल और हमास के बीच छिड़ चुकी है. इसका अंत कब होगा, नहीं कहा जा सकता है, लेकिन इसका असर उन देशों पर पड़ सकता है जिसका संबंध इजरायल से है. इसमें भारत भी है. भारत और इजरायल के बीच सिर्फ राजनैतिक रिश्ते ही मजबूत नहीं है, बल्कि दोनों के बीच कारोबारी रिश्तों में भी मजबूती है. अगर युद्ध होता है तो जाहिर है कि कारोबार और अर्थव्यवस्था पर असर पड़ेगा. इस युद्ध ने भारत की चिंता को बढ़ा दिया है. एक तरफ भारत को अपने उन नागरिकों की चिंता है, जो इजरायल में फंसे हुए हैं तो वहीं कारोबार पर पड़ने वाले असर को लेकर भी टेंशन बनी हुई है.

भारत और इजराइल दोनों लंबे समय से एक दूसरे के राजनैतिक और व्यापारिक दोस्त रहे हैं. अगर युद्ध भड़का तो इसपर असर पड़ेगा. इजराइल और भारत के रिश्ते काफी मजबूत हैं. इजरायल के लिए भारत एशिया में तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है. भारत और इजरायल के बीच अरबों डॉलर का कारोबार होता है. सिर्फ सामानों का आदान-प्रदान ही नहीं बड़ी संख्या में भारतीय इजरायल में रहते हैं, वहां काम करते हैं. वहां की इकॉनमी में अपना सहयोग देते हैं. आंकड़ों के मुताबिक 40,000 से ज्यादा भारतीय इस समय इजराइल के अलग-अलग इलाकों में काम करते हैं. अगर जंग हुई तो ये सब प्रभावित होंगे.

भारतीय कंपनियों का इजरायल में और इजराइली कंपनियों का भारत में निवेश है. 300 से अधिक इजराइली कंपनियों ने भारत में निवेश किया हुआ है. भारतीय प्रोडक्ट्स में इजराइली कंपनियों का निवेश करीब 27 करोड़ डॉलर से अधिक का है. अगर दोनों देशों के बीच एक्सपोर्ट-इंपोर्ट को देखें तो वित्त वर्ष 2022-23 में भारत ने इजरायल से 1400 से अधिक तरह से आइटम्स इंपोर्ट किया है. इसमें मोती, हीरे-ज्वैलरी, फर्टिलाइजर्स, इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट और क्रूड ऑयल शामिल है. सिर्फ इंपोर्ट 2.32 अरब डॉलर का है. वहीं एक्सपोर्ट की बात करें तो भारत इजरायल को 3500 से अधिक आइटम्स एक्सपोर्ट करता है. वित्त वर्ष 2022-23 में एक्सपोर्ट 8.45 अरब डॉलर रहा. भारत हीरे, ज्वैलरी, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग सामान की सप्लाई करता है. यानी दोनों देशों में बीच करीब 10 अरब डॉलर का कारोबार हुआ है.

**इजरायल में गौतम अडाणी का बड़ा निवेश है :** भारत के साथ इजरायल का कारोबार 10 बिलियन डॉलर से थोड़ा ज्यादा है. वित्त वर्ष 2023 में इजरायल को निर्यात 8.5 बिलियन डॉलर और आयात 2.3 बिलियन डॉलर है. इजराइल से हथियार खरीदने वाले देशों में सबसे बड़ा खरीदार भारत है. इजराइल-हमास युद्ध का असर भारत पर भी पड़ेगा. एक्सपोर्ट-इंपोर्ट तो प्रभावित होंगे ही. कच्चे तेलों की सप्लाई भी बाधित हो सकती है.



**कोलकाता ।** आदिश्वर ऑटो राइड इंडिया के एमडी विकास झाबख सोमवार को कोलकाता में बेनेली टीआरके 502एक्स और कीवे एसआर250 बाइक के लॉन्च के दौरान पोज देते हुए.

## एसबीआई से कर्ज लेने पर मिलेगी विशेष छूट

**मुंबई ।** एसबीआई कर्ज लेने वालों के लिए जोखिम स्तर के आकलन पर काम कर रहा है, जहां वह हरित पहल के लिए विशेष छूट देता है. चेयरमैन दिनेश खारा ने सोमवार को यहां यह बात कही. उन्होंने कहा कि बैंक जलवायु जोखिमों को कम करने और टिकाऊ वित्तपोषण के लिए अपने 33 लाख करोड़ के पोर्टफोलियो के कार्बन पदचिह्न को माप रहा है.

# सस्ते घरों की हिस्सेदारी घटकर 18% हुई : एनारॉक

एजेंसी । नयी दिल्ली



बिल्डर अब 40 लाख रुपये या इससे कम कीमत के मकानों की पेशकश में कमी ला रहे हैं. एनारॉक की रिपोर्ट से यह जानकारी मिली है. आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में देश के सात प्रमुख शहरों में नए घरों की पेशकश में सस्ते या किफायती मकानों का हिस्सा घटकर मात्र 18 प्रतिशत रह गया है. जुलाई-सितंबर 2018 में कुल नए मकानों की पेशकश में सस्ते घरों की हिस्सेदारी 42 प्रतिशत थी.

एनारॉक के सात प्रमुख शहरों पर आंकड़ों के अनुसार, जुलाई-सितंबर 2023 के दौरान नए घरों की कुल आपूर्ति 1,16,220 इकाई रही. इसमें सस्ते या किफायती घरों का हिस्सा 20,920 इकाई या 18 प्रतिशत रहा. जुलाई-सितंबर 2018 में नए घरों की कुल आपूर्ति 52,120 इकाई थी, जिनमें से 21,900 (42 प्रतिशत) किफायती घर थे. वित्त वर्ष 2019 की तीसरी तिमाही में नई आपूर्ति में सस्ते घरों की हिस्सेदारी 41 प्रतिशत थी, जो 2021 की तीसरी तिमाही में घटकर 24 प्रतिशत रह गई.

एनारॉक की रिपोर्ट में सात शहरों...दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे के आंकड़ों को शामिल किया गया है. माना जा रहा है कि बिल्डर अब अधिक मुनाफा कमाने के लिए लक्जरी आवासीय परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं. सस्ते मकानों में मुनाफे का मार्जिन भी कम रहता है. इसके अलावा जमीन की ऊंची लागत की वजह से आज किफायती आवासीय परियोजनाएं बिल्डरों के लिए आर्थिक रूप से व्यावहारिक नहीं रह गई हैं.

एनारॉक ने कहा कि जहां कुल नई आपूर्ति में किफायती घरों की हिस्सेदारी कम हो रही है, वहीं 1.5 करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाले लक्जरी घरों की हिस्सेदारी तेजी से बढ़ रही है. वास्तव में पिछले पांच साल में यह तीन गुना हो गई है. शीर्ष सात शहरों में जुलाई-सितंबर में पेश की गई 1,16,220 इकाइयों में से 27 प्रतिशत (31,180 इकाइयां) लक्जरी श्रेणी में थीं. एनारॉक ने कहा, यह पिछले पांच साल में लक्जरी मकानों की आपूर्ति का सबसे ऊंचा आंकड़ा है. वित्त वर्ष 2018 की तीसरी तिमाही में लक्जरी घरों की कुल आपूर्ति में हिस्सेदारी सिर्फ नौ प्रतिशत थी.

### युद्ध का असर रिपोर्ट के अनुसार आईटी क्षेत्र में मासिक आधार पर भर्तियों में करीब 6% की हुई वृद्धि

# दफ्तर में काम करने वालों की भर्तियों में 8.6% की गिरावट

एजेंसी । मुंबई



### रिपोर्ट जारी

- सितंबर में दफ्तर में काम के लिए 2,835 भर्तियां की गईं
- पिछले साल समान अवधि में 3103 की भर्ती की गई थी

सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (बीपीओ)/आईटीईएस और एफएमसीजी क्षेत्रों में नकारात्मक रुझान के बीच सितंबर में दफ्तर में काम करने वालों की भर्तियों में सालाना आधार पर 8.6 प्रतिशत गिरावट आई है. सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही गई. हालांकि, मासिक आधार पर भर्तियों में करीब छह प्रतिशत की वृद्धि हुई है. नौकरीडॉटकॉम के मासिक नौकरी जॉबसीक इंडेक्स के अनुसार, सितंबर में दफ्तर में काम के लिए 2,835 भर्तियां की गईं, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 8.6 प्रतिशत कम है. पिछले साल समान अवधि में 3,103 लोगों की भर्ती की गई थी. नौकरी जॉबस्पीक एक मासिक सूचकांक है जो भारतीय नौकरी बाजार की स्थिति और नौकरीडॉटकॉम के 'बायोडाटा डेटाबेस' पर कंपनियों द्वारा सूचीबद्ध की गई नई नौकरियों तथा नौकरी से संबंधित खोजों के आधार पर भर्ती गतिविधियों को दर्शाता है. सर्वेक्षण के अनुसार, आईटी क्षेत्र को वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है और पिछले कुछ महीनों में नियुक्तियों की संख्या में कमी देखी गई है. साथ ही बीपीओ/आईटीईएस और एफएमसीजी ने भी इस अवधि में क्रमशः 25 प्रतिशत और 23 प्रतिशत की नकारात्मक वृद्धि दर्ज की. नौकरीडॉटकॉम के मुख्य कारोबार अधिकारी पवन गोयल ने कहा, हालांकि, आईटी क्षेत्र पर प्रभाव जारी है, बैंकिंग क्षेत्र में मजबूत वृद्धि अच्छी खबर है. समग्र सूचकांक का क्रमिक रूप से छह प्रतिशत बढ़ना क्षेत्रीय विविधता पर आधारित भारतीय नौकरी बाजार के जुझारूपन को रेखांकित करता है.

रिपोर्ट में कहा गया कि आतिथ्य और यात्रा उद्योग में अधिकतम वृद्धि देखी गई, क्योंकि परिवारों और अकेले सफर करने वालों ने मानसून के मौसम में काफी यात्राएं कीं. इस बीच, रिपोर्ट में पाया गया कि छोटे शहर सितंबर, 2023 में रोजगार सृजन के मामले में महानगरों से आगे रहे. वडोदरा, अहमदाबाद और जयपुर शहरों में सितंबर में पिछले साल के इसी महीने की तुलना में भर्तियों में क्रमशः चार प्रतिशत, तीन प्रतिशत और दो प्रतिशत की वृद्धि देखी गई.

# एक और नया युद्ध

ऐसा लगता है कि दुनिया में युद्धों का कोई अंत नहीं है. रूस यूक्रेन युद्ध की विभीषिका का अभी अंत भी नहीं हुआ है कि पश्चिम एशिया में फिलिस्तीनी हमास और इजराइल के बीच जंग शुरू हो गया है. अब तक हजारों लोग या तो मारे जा चुके हैं या मौत का इंतजार कर रहे हैं. गंगाहमास ने फिलिस्तीन के कुछ सैनिकों को कब्जे में ले लिया है. अमेरिका ने इजराइल के पक्ष में हथियार और बेड़ा रवाना कर दिया है. पश्चिम एशिया में कुछ समय से जारी शांति का टूटना जाहिर करता है कि बुनियादी मसलों को टाला नहीं जाना चाहिए. आस्लो और कैंप डेविड में हुए समझौतों का उल्लंघन समस्या का एक बड़ा कारण है. इस समय फिलिस्तीन का नेतृत्व विभाजित है. चरमपंथी हमास का उभरना बताता है कि यासिर अराफात ने दुनिया भर में जो सहानुभूति और समर्थन की दीवार फिलिस्तीन के पक्ष में खड़ा किया था वह दरकने लगी है. ईरान और कतर को छोड़ कर शेष पश्चिमी एशियायी देशों की प्रतिक्रिया बेहद सधी हुई है. इन सभी देशों ने फिलिस्तीन का तो समर्थन किया है, लेकिन हमास का नहीं. भारत ने इजराइल के साथ खड़ा होने का एलान किया है. जाहिर है कि पिछले 76 सालों से चली आ रही पश्चिम एशिया की विदेश नीति में इसे बदलाव की तरह दुनिया देख रही है. पश्चिम एशिया में इजराइल के साथ बेहतर संबंध बनाने के दो सालों से चल रहे अमेरिकी प्रयासों को इससे धक्का लग सकता है. सउदी अरब वह देश है, जो अब भी फिलिस्तीन के साथ खड़ा हैं. यह युद्ध कब तक चलेगा कहा नहीं जा सकता, लेकिन विश्व जनसुदाय को चाहिए कि वह युद्ध को रोकने के लिए दबाव बनाए. अंततः युद्ध में दोनों पक्ष में मासूम नागरिक ही शिकार होते हैं. इसके साथ ही फिलिस्तीन इजराइल विवाद का स्थायी हल निकलना चाहिए. इजराइल को भी फिलिस्तीन के अधिकारों को मानते हुए उन स्थानों से कब्जा छोड़ना चाहिए, जिस पर वह कैंप भी शामिल है, जो डेविड समझौते के समय सहमत हुआ था. जिस तरह दुनिया ध्रुवो में तेजी से बंट रही है, उसके खतरे हैं और समय रहते विश्व शांति की दिशा में बड़ी पहल की जरूरत है. फिलिस्तीन और वहां के लोगों ने जो भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हासिल किया, वह यासिर अराफ़ात और पीएलओ की सफल एडवोकेसी की वजह से ही. आज न तो इजराइल और न ही फलिस्तीन के पास ऐसा नेतृत्व है, जो सब्र के साथ समस्याओं के निदान की दिशा में आगे बढ़े. ऐसे में दुनिया के अन्य देशों का दायित्व बढ़ जाता है कि वह युद्ध रोकने का दबाव बनाये और बुनियादी मसलों को हल करे. यूक्रेन युद्ध को भी खत्म किए जाने की जरूरत है. इस हकीकत को तो नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए कि पश्चिमी देशों ने ही मुस्लिम ब्रदरहुड और हमास को आगे बढ़ाया. अब उनका ही दायित्व है कि युद्ध की विभीषिका से दुनिया को राहत दिलाएं.

> पश्चिम एशिया में इजराइल के साथ बेहतर संबंध बनाने के दो सालों से चल रहे अमेरिकी प्रयासों को इससे धक्का लग सकता है. विश्व जनसुदाय को चाहिए कि वह युद्ध को रोकने के लिए दबाव बनाए.

## सुभाषित

**यथा हि पथिकः कश्चित् छायामाश्रित्य तिष्ठति।**
**विश्रम्य च पुनर्गच्छेत् तद्वद् भूतसमागमः ॥**

जिस प्रकार यात्रा करनेवाला पथिक थोड़े समय वृक्ष के नीचे विश्राम करने के बाद आगे निकल जाता है. उसी समान अपने जीवन में अन्य मनुष्य थोड़े समय के लिए उस वृक्ष की तरह छांव देते हैं और फिर उनका साथ छूट जाता है.

# वैश्विक अर्थव्यवस्था में जातीय सियासत

**नीतीश कुमार ने एक संदेश देने का प्रयास किया है कि 2024 के चुनाव के लिए वह अपने पुराने विकास के एजेंडे पर नहीं, बल्कि ताजा पार्टनर लालू प्रसाद यादव के पुराने सफल जात-पात एजेंडे पर फिलहाल अपनी बिसात बिछा चुके हैं. दिलचस्प संयोग यह है कि बिहार के डांडी से यात्रा निकालकर गांधीजी ने भारत की राजनीति में अंग्रेजों की नींव हिला दी थी और उनके आंदोलन को जाति –धर्म और क्षेत्र से ऊपर उठकर लोगों का समर्थन मिला था.**



• देश-काल



सुनील बादल

भेदभाव रहित समतामूलक समाज के प्रवर्तक महात्मा गांधी के जन्मदिन 2 अक्तूबर को बिहार की जातीय जनगणना की रिपोर्ट सार्वजनिक कर समाजवादी पृष्ठभूमि से आए लगातार पार्टियां बदलने के कारण पल्टू चाचा के नाम से मशहूर बिहार के सबसे लंबे कार्यकाल तक मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक संदेश देने का प्रयास किया है कि 2024 के चुनाव के लिए वह अपने पुराने विकास के एजेंडे पर नहीं, बल्कि ताजा पार्टनर लालू प्रसाद यादव के पुराने सफल जात-पात एजेंडे पर फिलहाल अपनी बिसात बिछा चुके हैं. दिलचस्प संयोग यह है कि बिहार के डांडी से यात्रा निकालकर गांधीजी ने भारत की राजनीति में अंग्रेजों की नींव हिला दी थी और उनके आंदोलन को जाति –धर्म और क्षेत्र से ऊपर उठकर लोगों का समर्थन मिला था और उनके वर्तमान पार्टनर चारा घोटाले में सजायाफ्ता लालू प्रसाद ने जाति आधारित समता के नाम पर अपने परिवार और अपनी जाति के दबंग लोगों को राजनीति में उतार कर बिहार की दुर्दशा की थी, जिसके बाद उनके विरोध में नीतीश कुमार आए और बिहार को जातीय जकड़न से दूर अपने विकास के एजेंडे से बदलकर रख दिया और सुशासन बाबू के नाम से मशहूर हुए. उनके इस नए बदले हुए रूप से राजद प्रमुख लालू यादव की बांछें खिल गई हैं, क्योंकि अब उनकी पुरानी मांग पूरी होने के आसार दिखने लगे हैं, जब उनका पुराना एमवाइ गठजोड़ यादव(14.26) और मुस्लिम (17.70) सरकारी आंकड़ों में दिखने लगा है और अत्यंत पिछड़ा वर्ग (36.01) को तोड़कर अजेय लग रहे नरेंद्र मोदी के अभेद्य हिंदू (81.99) वोट को जातीय आधार पर हिस्सेदारी देने का लालच देकर तोड़ा जा सकता है . हालांकि राज्य सभा में ठाकुर का कुआं कविता मामले को तूल देकर राजपूत नेताओं ने एक मुद्दा बनाने का प्रयास किया है, ताकि नीतीश से नाराज राजपूत वोटरों ने जो पिछली बार के चुनाव में लालू यादव का ही समर्थन किया था, अब शायद लालू यादव से दूरी बना लें और मोलभाव किया जा सके. प्रधानमंत्री बनने की आस लगाए नीतीश कुमार अपनी कुटिल राजनीतिक चालों के लिए जाने जाते हैं और बीच-बीच में कुछ ऐसा किया भी कि चर्चा तेज हो गई थी कि वे फिर भाजपा का दामन थाम लेंगे. जातीय जनगणना के आंकड़ों से जोखिम भी है, क्योंकि मुस्लिम (17.70) एकमुश्त वोट देकर खेल की दिशा बदल सकते हैं और खुद मुख्यमंत्री की कुर्सी की दावेदारी कर सकते हैं, जिससे लालू यादव बचाव की मुद्रा में आ सकते हैं . यदि भाजपा उनके ही आजमाए महिला आरक्षण को भुनाने में कामयाब हो गई तो वे बिना देर किए किए उनके खेमे में जाकर फिर मुख्यमंत्री या बड़े पद के लिए मोलभाव कर सकते हैं. इस तरह केस मुक़द्दमे में उलझे लालू यादव को पार्टी की ताकत बढ़ाने का अवसर नहीं मिलेगा और नीतीश कुमार के दोनों हाथों में लड्डू वाली स्थिति होगी. चतुर खिलाड़ी लालू यादव इसे अच्छी तरह समझते हैं, पर उन्हें विपक्षी गठबंधन इंडिया से भी उम्मीदें हैं कि वह यूपी,एमपी जैसे बड़े राज्यों में इसे उछालकर भाजपा की जड़ें खोद सकता है. इन सभी के बीच पेंच भी है कि बिहार सदैव से राजनैतिक रूप से परिपक्व रहा है और युवा भारत भी अब इस बात को समझ रहा है कि तेजी से हो रहे निजीकरण के दौर में सरकारी नौकरियां कितनी बची हैं कि उसमें उसे रोजगार मिलेगा? दूसरे ओबीसी समाज में बड़ा वर्ग व्यवसाय से जुड़ा है, जिसे सरकारी नौकरी का झुनझुना नहीं व्यवसाय के अनुकूल माहौल और बाजार चाहिए, जिसकी झलक मोदी दिखा चुके हैं . मोदी जब राज्यों में चुनाव प्रचार में उतरेंगे तो कांग्रेस के पुराने राजपाट में आइआरडीपी जैसी फ्लॉप योजनाओं का उदाहरण देकर उसे बैकफुट में लाने का प्रयास करेंगे. हालांकि इसके और भी पहलू हैं. जातीय जनगणना को आधार बनाकर ओबीसी समाज भाजपा पर भी दबाव बना सकता है कि इसे महिला आरक्षण के लिए होने वाले परिसीमन और जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर उनकी राष्ट्रीय भागीदारी तय करे. उनके साथ अन्य वर्ग भी ऐसा कर सकते हैं, जिससे हिंदू वोट बिखरेंगे और सभी को यह लगेगा कि सरकारी नौकरी मतलब पावर सभी को चाहिए, जबकि असलियत यह है कि राजनीतिक पहुंच से शक्तिशाली या संपन्न पिछड़ा या आरक्षित वर्ग अपने समुदाय के उन गरीबों का हक मारेगा, जिसे सचमुच इसकी अवश्यकता है. जातीय आरक्षण से इस प्रकार एक और संभ्रांत वर्ग तैयार होगा, जो सिर्फ किसी जाति विशेष में जन्म लेने के कारण नेतृत्व से लेकर नौकरी तक में सुविधाजनक हिस्सेदारी लेगा, जबकि आर्थिक आधार पर आरक्षण की मांग सदियों पुरानी है, क्योंकि सैंकड़ों वर्ष पहले के राजे रजवाड़े या उनके मंत्री कारिंदे इस आधार पर सार्वजनिक धन से संचालित सुविधाओं या अवसर से इस आधार पर वंचित किए जा रहे हैं कि उनके पुरखों की जाति संपन्न थी और शक्तिशाली थी. संविधान की रचना इस मूल भावना के साथ की गई है, जिसमें समतामूलक, बिना भेदभाव के समान अवसर के सिद्धांत निरोपित हैं और न्यायालयों में ऐसे मामले भी जाते रहते हैं, जिसमें सिर्फ राजनैतिक लाभ के लिए असीमित आरक्षण नहीं दिया जा सकता. इसकी 50 प्रतिशत की सीमा भी तय की गई है. आज भारत की पहचान 140 करोड़ की आबादी वाले सबसे बड़े बाजार ही नहीं, एक शक्तिशाली देश के रूप में बन रही है, जिसमें विकसित देशों की तरह पेशेवर युवाओं की आवश्यकता है, न कि संदिग्ध, दागी और सत्तालोलुप नेताओं की. अब अगले चुनाव के परिणाम तक यह तय हो जाएगा कि भारत को विकसित देशों की तरह वैश्विक अर्थव्यवस्था का नेतृत्व करना है या जाति, धर्म, क्षेत्रीयता के आधार पर विवादों को उभार कर पड़ोसी देशों की तरह विश्व बैंक और आइएमएफ के आगे कटोरा फैलाने की कवायद ?

• बोधि-वृक्ष डॉ. सत्यकेतु संजय



## लक्ष्मण और मेघनाद

लंका के युद्ध के कुछ वर्षों बाद एक बार अगस्त्य मुनि अयोध्या आए. श्रीराम ने उनकी अभ्यर्थना की और आसन दिया. राजसभा में श्रीराम अपने भ्राता भरत, शत्रुघ्न और देवी सीता के साथ उपस्थित थे. बात करते-करते लंका युद्ध का प्रसंग आया. भरत ने बताया कि उनके भ्राता श्रीराम ने कैसे रावण और कुंभकर्ण जैसे प्रचंड वीरों का वध किया और लक्ष्मण ने भी इंद्रजीत और अतिकाय जैसे शक्तिशाली असुरों को मारा. अगस्त्य मुनि बोले - ₹हे भरत! रावण और कुंभकर्ण निःसंदेह प्रचंड वीर थे, किन्तु इन सबसे बड़ा वीर तो मेघनाद ही था. उसने अंतरिक्ष में स्थित होकर इंद्र से युद्ध किया था और उन्हें पराजित कर लंका ले आया था. तब स्वयं ब्रह्मा ने इंद्रजीत से दान के रूप में इंद्र को मांगा तब जाकर इंद्र मुक्त हुए थे. लक्ष्मण ने उसका वध किया, इसलिए वे सबसे बड़े योद्धा हुए और यह भी सत्य है कि इस पूरे संसार में मेघनाद को लक्ष्मण के अतिरिक्त कोई और मार भी नहीं सकता था, यहां तक कि स्वयं श्रीराम भी नहीं.₹ भरत को बड़ा आश्चर्य हुआ लेकिन भाई की वीरता की प्रशंसा से वह खुश थे. उन्होंने श्रीराम से पूछा कि क्या यह बात सत्य है और जब राम ने इसकी पुष्टि की तो भी भरत के मन में जिज्ञासा पैदा हुई कि आखिर अगस्त्य मुनि ऐसा क्यों कह रहे हैं कि इंद्रजीत का वध रावण से ज्यादा मुश्किल था? उन्होंने पूछा ₹हे महर्षि! अगर आप और भैया ऐसा कह रहे हैं तो ये बात अवश्य ही सत्य होगी और मुझे इस बात की प्रसन्नता भी है कि मेरा भाई विश्व का सर्वश्रेष्ठ योद्धा है किन्तु फिर भी मैं जानना चाहता हूं कि आखिर ऐसा क्या रहस्य है कि मेघनाद को लक्ष्मण के अतिरिक्त कोई और नहीं मार सकता था?₹ अगस्त्य मुनि ने कहा - ₹हे भरत! मेघनाद ही विश्व का एकलौता ऐसा योद्धा था, जिसके पास विश्व के समस्त दिव्यास्त्र थे. उसके पास तीनों महास्त्र- ब्रह्मा का ब्रह्मास्त्र, नारायण का नारायणास्त्र एवं महादेव का पाशुपात्यास्त्र भी था और उसे यह वरदान था कि उसके रथ पर रहते हुए कोई उसे परास्त नहीं कर सकता था. इसी कारण वह अजेय था. उस समय संसार में केवल वही एक योद्धा था, जिसने अतिमहारथी योद्धा का स्तर प्राप्त किया था.

# सौरमंडल के कुछ ग्रहों पर जीवन की खोज

• विज्ञान

मुकुल व्यास

बिपृथ्वी से परे जीवन की खोज के लिए खगोल वैज्ञानिकों का मुख्य फोकस मंगल पर ही रहता है, लेकिन हमारे सौरमंडल में और भी कई स्थान पर जीवन होने की संभावना रखते हैं. इनमें बृहस्पति का बर्फीला चंद्रमा यूरोपा काफी समय से वैज्ञानिकों का ध्यान आकृष्ट कर रहा है. सत्तर के दशक के उत्तरार्द्ध में नासा के वॉयेजर यानों ने यूरोपा के बगल से गुजरते हुए उसके कई फोटो भेजे थे. वैज्ञानिकों ने इस पिंड का गहराई से अध्ययन किया है और इसकी अनेक विशेषताओं का पता लगाया है. इस चंद्रमा की सतह पर गहरी धारियां हैं, जिनके आधार पर यह अटकल लगाई गई कि सतह के नीचे तरल जल का समुद्र मौजूद है. इस समुद्र की गहराई 60 से 150 किलोमीटर तक हो सकती है. यदि बर्फीली सतह के नीचे सचमुच तरल जल मौजूद है तो यूरोपा पर मौजूद पानी की मात्रा पृथ्वी के सारे समुद्रों में जमा कुल पानी से कई गुणा अधिक हो सकती है.अब नासा के जेम्स वेब टेलीस्कोप ने यूरोपा पर जीवन के संभावित संकेत ढूंढ़े हैं. वहां स्थानीय रूप से उत्पन्न कार्बन डाइऑक्साइड की उपस्थिति का पता चला है. इससे यह संकेत मिलता है कि यूरोपा का बर्फ से ढका महासागर जीवन योग्य हो सकता है. इससे यह संभावना भी बढ़ गई है कि ठंडे जल संसार में जीवन हो सकता है.यूरोपा पृथ्वी के चंद्रमा से थोड़ा छोटा है. वैज्ञानिकों का खयाल है कि यूरोपा की बर्फीली चादर की मोटाई 10 से 15 किलोमीटर तक है. इस परत के नीचे खारे पानी का महासागर है. तरल पानी की उपस्थिति यूरोपा को पारलौकिक जीवन में रुचि रखने वाले वैज्ञानिकों के लिए अन्वेषण की एक दिलचस्प ऑब्जेक्ट बनाती है. लेकिन अभी तक किसी ने यह नहीं दिखाया था कि यूरोपा के समुद्र में उचित अणु, विशेष रूप से कार्बन मौजूद है जो पृथ्वी पर जीवन की मूलभूत निर्माण इकाई है. जेम्स वेब टेलीस्कोप द्वारा की गई नई खोज दिलचस्प है, क्योंकि ऐसा लगता है कि यह कार्बन डाइऑक्साइड किसी उल्कापिंड या क्षुद्रग्रह द्वारा नहीं लाई गई है. खगोल वैज्ञानिकों को कार्बन डाइऑक्साइड का स्रोत यूरोपा के तारा रेजियो नामक क्षेत्र में दिखाई दिया है, जो भूवैज्ञानिक रूप से एक युवा क्षेत्र दिखाई देता है. इससे पता चलता है कि गैस यूरोपा चंद्रमा के भीतर ही बनी होगी. अमेरिका में कॉर्नेल यूनिवर्सिटी की ग्रह-वैज्ञानिक सामंथा ट्रंबो ने कहा, हबल स्पेस टेलीस्कोप के पिछले अवलोकन में तारा रेजियो में समुद्र जनित नमक के सबूत मिले थे. अब हम देख रहे हैं कि कार्बन डाइऑक्साइड भी वहां भारी मात्रा में केंद्रित है. हमें लगता है कि इसका मतलब यह है कि कार्बन की उत्पत्ति संभवतः यूरोपा के आंतरिक महासागर में हुई है. साइंस पत्रिका में यूरोपा के अवलोकनों पर दो पत्र प्रकाशित हुए हैं. इनमें से एक पत्र की मुख्य लेखक ट्रंबो हैं. यह जेम्स वेब की ताकत का ही नतीजा है कि शोधकर्ताओं को यूरोपा के बारे में नए विवरणों को समझने में केवल कुछ मिनट लगे. शोधकर्ताओं को यूरोपा पर क्रिस्टलीय और अनाकार कार्बन डाइऑक्साइड दोनों के संकेत मिले. उन्होंने यूरोपा के उस क्षेत्र में गैस की उच्च सांद्रता देखी, जिसे खगोलशास्त्री 'अराजक क्षेत्र' कहते हैं. इस क्षेत्र में सतह की परत बाधित हो गई है. यहां संभवतः ऊपरी परत और आंतरिक महासागर के बीच सामग्री की आवाजाही हो रही है. चूंकि कार्बन डाइऑक्साइड यूरोपा की सतह पर लंबे समय तक स्थिर नहीं रहती, शोधकर्ताओं का मानना है कि कार्बन अपेक्षाकृत हाल ही में समुद्र से आया है. 2022 की रिसर्च के अनुसार, यूरोपा की सतह औसतन लगभग 6 करोड़ वर्ष पुरानी है, जैसा कि बर्फ पर बने कुछ गड्ढों से अनुमान लगाया गया है. अराजकता वाला इलाका आम तौर पर औसत से छोटा है.वैसे हमारे ब्रह्मांड में ऐसे ग्रहों की संख्या अनगिनत है, जिनका कोई मेजबान तारा नहीं है, लेकिन ऐसे ग्रहों के आसपास कई चंद्रमा हैं. वैज्ञानिकों का खयाल है कि इन चंद्रमाओं पर वायुमंडल हो सकता है. खगोल भौतिकविदों ने हिसाब लगाया है कि ऐसे चंद्रमाओं पर समुचित मात्रा में पानी की मौजूदगी हो सकती है. इतना पानी जीवन के निर्माण और जीवन के पनपने के लिए पर्याप्त होगा. पानी का तरल रूप जीवन के लिए अमृत है. इसी वजह से पृथ्वी पर जीवन संभव हुआ. हमारे ग्रह पर समस्त जैविक प्रणालियों के निरंतर अस्तित्व के लिए इसकी मौजूदगी अनिवार्य है. यही वजह है कि वैज्ञानिक ब्रह्मांड के दूसरे ठोस खगोलीय पिंडों में पानी की मौजूदगी के प्रमाण खोजते रहते हैं. अभी तक पृथ्वी के अलावा दूसरे ग्रहों पर तरल जल की उपस्थिति का प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं मिला है.

> यूरोपा की बर्फीली चादर की मोटाई 10 से 15 किलोमीटर तक है. इस परत के नीचे खारे पानी का महासागर है. तरल पानी की उपस्थिति यूरोपा को पारलौकिक जीवन में रुचि रखने वाले वैज्ञानिकों के लिए अन्वेषण की एक दिलचस्प ऑब्जेक्ट बनाती है. लेकिन अभी तक किसी ने यह नहीं दिखाया था कि यूरोपा के समुद्र में उचित अणु, विशेष रूप से कार्बन मौजूद है.

# नयी तकनीक और पिछड़ती हुई भाषा

• सामयिकी

प्रमोद रंजन

सोशल मीडिया, आर्टिफिशियल इंटलीजेंस आदि को लेकर भारतीय समाज में कुछ ऐसा स्वागत का भाव है, जैसे यह कोई ईश्वरीय देन है. पश्चिम में जहां इसके खतरों पर जोरदार बहस हो रही है, वहीं भारतीय वर्नाक्युलर बुद्धिजीवी इसे गंभीर विमर्श के लायक भी नहीं समझ रहे. विशेषकर हिंदी में तो स्थिति बहुत ही बुरी है.सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि इस नई तकनीक का आना वैसा ही नहीं है, जैसे कि किसी शक्तिशाली ट्रैक्टर इंजन, किसी जूसर, किसी मिक्सर ग्राइंडर का आना था. इसका प्रभाव प्रिंटिंग-टेक्नोलॉजी, टीवी प्रसारण की तकनीक के आगमन से भी बहुत अलग और गहरा है. पहले वाली चीजें हमारे जीवन को अधिकांश मामलों में सिर्फ बाहर से छूती थीं और प्रकारांतर से आग के आविष्कार, चक्के के आविष्कार, अस्त्र-शस्त्र के आविष्कार की अगली कड़ी भर थे. उनमें कोई बड़ा मूलभूत अंतर नहीं था. मौजूदा स्थिति की तुलना उन आविष्कारों से नहीं की जा सकती. औद्योगिक क्रांति के दौर में जो मशीनें आईं, उन्होंने सिर्फ शारीरिक श्रम में हाथ बंटाया था, लेकिन इक्कीसवीं सदी में 'बुद्धिमत्ता क्रांति' हुई है, जिसमें मशीनें हमारी बौद्धिक सहयोगी के रूप में सामने आ रही हैं. वे हमारी सृजनशीलता में भी सक्रिय भूमिका निभाने जा रही हैं. पिछले कुछ दशकों से जिस प्रकार की तकनीक का उत्तरोत्तर विकास हो रहा है, उसने मनुष्यता के विकास-क्रम को एक महान छलांग दे दी है. एक ऐसी छलांग जहां से पिछला सिरा बिल्कुल छूट जाता है और हम स्वयं को एक नई जमीन पर देखते हैं. हां, हम हैं अभी भी जमीन पर ही. दर्शन में कमोवेश इसे ही एंथ्रोपोसीन (नव मानवाक्रांत कल्प), ट्रांस ह्यूमनिज्म (मानवेत्तर काल) और पोस्ट ह्यूमनिज्म (उत्तर-मानववाद) कहा जा रहा है. कृत्रिम बुद्धिमत्ता का क्रमिक विकास तकनीक के प्रभाव को बहुत जटिल, बहुआयामी बनाता जा रहा है. अब यह सिर्फ मनुष्य के बाहर नहीं है, बल्कि उसके भीतर भी है. उसमें मनुष्य के मन, विचार और दृष्टिकोण को परिवर्तित करने की क्षमता है. मौजूदा तकनीक से संबंधित इन बातों को गंभीर विमर्श के दायरे में लाए बिना हम जो कुछ करेंगे, वह निरर्थक होगा. इस समय हिंदी के बौद्धिक जिन विषयों पर बहुत गंभीर होकर विमर्श कर रहे हैं, उन सबसे कई गुणा अधिक महत्वपूर्ण, प्रासंगिक और दूरगामी महत्व का विषय का यह है. कुछ शाश्वत विषय इसके अपवाद हो सकते हैं, लेकिन उनपर नया काम सदियों में कोई एक होता है. आज तकनीक पर कामचलताऊ ढ़ंग से लिखने-बोलने से काम नहीं चलेगा, जैसा कि हिंदी बुद्धिजीवी अभी कर रहे हैं. बल्कि इस बारे में हल्की-फुल्की भाषा में सामग्री पढ़ने की चाह रखने से भी बाज आना चाहिए. चलताऊ भाषा में आप नए उपकरणों की गुणवत्ता की, उनके उपयोग आदि की जानकारी ले-दे सकते हैं. किसी स्मार्ट उपकरण समीक्षाएं पढ़कर उसे खरीदने या न खरीदने का फैसला कर सकते हैं. लेकिन उन उपकरणों के व्यक्ति के शरीर, उसकी चेतना, उसके अवचेतन पर पड़ने वाले प्रभावों को उसी कामचलताऊ भाषा में चिह्नित नहीं कर सकते. उसे कैसे सार्वजनिक निगरानी में लाया जाए, किस दिशा में उसका विकास हो, किन दिशाओं में उन्हें न आगे बढ़ने दिया जाना चाहिए; इन मुद्दों पर विमर्श करने के लिए एक विशिष्ट, विभिन्न पारिभाषिक शब्दों से युक्त भाषा की आवश्यकता है. आज तकनीक पर बात करने के लिए ऐसे नए शब्दों का भी उपयोग करना होता है, जिनके अभी अर्थ तक पूरी तरह स्थिर नहीं हुए हैं. हिंदी के लेखक-पाठक के लिए यह स्थिति अधिक श्रम की मांग करने वाली और थकाऊ हो सकती है, लेकिन तकनीक पर सरलीकृत सामग्री की चाह रखने से हमें स्वयं को बचाना ही होगा. हम जटिल ज्ञान और भावों को व्यक्तिगत करने के लिए एक विशिष्ट प्रकार की भाषा का उपयोग साहित्यिक आलोचना और समाजशास्त्रीय विमर्शों में करते आए हैं. तकनीक को विमर्श के दायरे में लेने के लिए विमर्श की वह पुरानी भाषा उपयोगी होगी, लेकिन हमें बहुत विकसित करना होगा. नई शब्दावलियों, नए मुहावरों और अभिव्यक्ति की नए प्रकार की शैलियों की तलाश करनी होगी, उसे बरतना और निरंतर नया सृजित करते रहना होगा. अंग्रेजी में यह काम हो रहा है. ऐसा कर पाना उनके लिए आसान है, क्योंकि इन सब चीजों की खोज उसी भाषा को बरतने वाले लोग कर रहे हैं. चीजों के जन्म की प्रक्रिया के साथ ही उससे संबंधित शब्द और अभिव्यक्तियां भी स्वतः बनने लगती हैं.

> पिछले कुछ दशकों से जिस प्रकार की तकनीक का उत्तरोत्तर विकास हो रहा है, उसने मनुष्यता के विकास–क्रम को एक महान छलांग दे दी है. एक ऐसी छलांग जहां से पिछला सिरा बिल्कुल छूट जाता है और हम स्वयं को एक नई जमीन पर देखते हैं. हां, हम हैं अभी भी जमीन पर ही.

## मीडिया में अन्यत्र

# स्थायी जो जाए जीत का जुनून

यह सुखद ही है कि भारत ने एशियाड के 72 साल के इतिहास में पहली बार पदकों का सैकड़ा पार किया. जीत की प्रतिबद्धता लिये खिलाड़ियों ने कुल 107 पदक जीतकर भारत को एशिया के 45 देशों में चौथे नंबर पर पहुंचा दिया. निस्संदेह, अब देश खिलाड़ियों से उम्मीद रखेगा कि आने वाले वर्षों में यह नंबर और ऊंचाइयों की तक जाए. जिस तरह आखिरी दिन भारतीय खिलाड़ियों की प्रतिभा ने स्वर्णिम आभा बिखेरते हुए छह स्वर्ण पदक हासिल किये, उससे अंत भला तो सब भला की कहावत चरितार्थ हुई. भारतीय खिलाड़ियों ने 14वें दिन छह स्वर्ण समेत 12 पदक जीते. यह सुखद ही है कि इस बार हांगझोऊ में बेटियों ने अपना दमखम दिखाया. पहला व सौवां पदक बेटियों ने ही जीता. जो हमारे समाज में बेटियों की इस प्रतिष्ठा को स्थापित करता है कि बेटियां कहां बेटों से कम होती हैं. लेकिन यह विडंबना ही है कि देश में एशियाड में सोना,चांदी व कांस्य पदक विजेताओं को लेकर वैसा जुनून पैदा नहीं हुआ. जैसा एक छोटे क्रिकेट मैच के लिये हो जाता है. वहीं मीडिया कवरेज में भी सुधार की जरूरत है. दरअसल, क्रिकेट में बाजार की इतनी बड़ी भूमिका रहती है कि शेष खेलों को आर्थिक मदद व तरजीह नहीं मिल पाती. जबकि एशियाड में भारत की धरती में फले-फूले खेलों की पताका लहरायी है. हमने परंपरागत हाकी और कबड्डी में स्वर्ण पदक जीतकर देश की प्रतिष्ठा को कायम रखा है. वैसे एथलीटों व निशानेबाजों ने भी खूब कमाल किया.सौभाग्य की बात है कि एशियाड व अन्य खेलों में आम घरों व संघर्षों की तपिश में तपे खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं. अकसर सुनने को मिलता है कि एक सिक्योरिटी गार्ड या श्रमिक की बेटी ने सोने का तमगा जीता. वास्तव में इसे इन बच्चों की बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जाना चाहिए. संसाधनों के अभाव व अच्छी डाइट न मिलने के बावजूद वे देश का सिर गर्व से ऊंचा करते हैं. विडंबना यह भी है कि जब कोई गुदड़ी का लाल अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में पदक जीतकर लाता है तो तब हम उसे पलक-पांवड़ों पर बैठा लेते हैं. लेकिन उसके बाद हम उसे भूल जाते हैं. अकसर खबरें आती हैं कि एशियाड पदक विजेता फलां जगह में मजदूरी कर रहा था, सब्जी बेच रहा था और जरूरतों के लिए मोहताज है.



(द ट्रिब्यून)

## शब्द चर्चा — डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### जबान/जवान

**मालिक** ने बरसों पहले अपने जवान नौकर को जबान दिया था कि जिस दिन तुम्हें पैसे की जरूरत होगी, मैं तुम्हारी मदद करूंगा, लेकिन आज जब उसे जरूरत पड़ी तो अपनी जबान से मुकर गये. इस वाक्य में एक जैसे लगनेवाले दो शब्दों जबान और जवान का प्रयोग हुआ है. जबान शब्द अरबी मूल का भी है और फारसी मूल का भी. दोनों में मौलिक अंतर यह है कि अरबी मूल के जबान के ज अक्षर में नुक्ता नहीं होता, जबकि फारसी मूल के जबान के ज में नुक्ता लगा होता है. अरबी मूल का जबान संज्ञा पुल्लिंग होता है, जिसका मतलब है कायर, डरपोक. वहीं फारसी मूल का जबान शब्द संज्ञा स्त्रीलिंग है और इसके कई अभिधात्मक, लक्षणात्मक और व्यंजनात्मक अर्थ होते हैं. फारसी वाले जबान का मतलब है मुंह के अंदर का वह अंग, जिसमें स्वाद महसूस करने की शक्ति होती है, जीभ, जिह्वा, रसना. इसका मतलब भाषा, बोली, वाणी, बात भी है, जिसके माध्यम से मनुष्य अपने भावों और विचारों को भाषण या लेखन के माध्यम से अभिव्यक्त करता है. जैसे उर्दू जबान, हिंदी जबान. जबान का मतलब वचन, प्रण, वादा और इकरार भी होता है. जैसे मैंने जबान दिया है. अरबी में कलम की नोंक या तीर या खंजर की नोंक को भी जबान ही कहा जाता है. जबान देना, जबान पर चढ़ना आदि इससे बने मुहावरे हैं. जो जबान पर चढ़ जाता है, उसे जबानी कहा जाता है. कुछ ऐसे ही अर्थ जवान शब्द के भी होते हैं. जवान भी फारसी मूल का ही विशेषण शब्द है. इसका अर्थ होता है युवा, तरुण, जो अपने पूर्ण विकास या यौवन पर हो, जैसे उत्सव के दिनों में रात जवान हो जाती है, बलवान, बहादुर, वीर, संज्ञा पुल्लिंग के रूप में पुरुष, युवा व्यक्ति, सिपाही, सैनिक. जवानी इसी जवान शब्द से बना संज्ञा स्त्रीलिंग शब्द है, जिसका मतलब है युवावस्था, तरुणाई, यौवन, सुंदरता, लावण्य, मस्ती, युवावस्था का जोश, उत्साह.

# अधिकारी की जय हो

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश

बिना अधिकारी के मंत्री की क्या मजाल कि एक फाइल भी तैयार करके आगे बढ़ा दे! जब मंत्री पदभार ग्रहण करता है, तब अधिकारी उसे अपने कंधे का सहारा देकर मंत्रालय की कुर्सी पर बिठाता है. झुक कर प्रणाम करता है और कहता है "माई बाप! आप जो आदेश करेंगे, हमारा काम उसका पालन सुनिश्चित करना है." मंत्री इतनी चमचामय भाषा को सुनकर अपने आपको डोंगा समझने लगता है और इस तरह अधिकारी चमचागिरी करके मंत्री रूपी डोंगे के भीतर तक अपनी पहुँच बना लेता है. मंत्रियों की टोपी का रंग नीला, पीला, हरा, लाल बदलता रहता है, लेकिन अधिकारी का पूरा शरीर गिरगिटिया रंग का होता है. जो मंत्री की टोपी का रंग होता है, वैसा ही अधिकारी के पूरे शरीर का रंग हो जाता है. पार्टी में दस-बीस साल तक धरना–प्रदर्शन–जिंदाबाद–मुर्दाबाद कहने वाला कार्यकर्ता भी अधिकारी के मुकाबले में नौटंकी नहीं कर सकता. कार्यकर्ता ज्यादा से ज्यादा टोपी पहन लेगा, लेकिन अधिकारी का तो पूरा शरीर ही टोपी के रंग में रंगा होता है. अधिकारी मंत्री को यह विश्वास दिला देता है कि हम आपकी विचारधारा के सच्चे समर्थक हैं और हम आपकी पार्टी को अगले चुनाव में विजय अवश्य दिलाएंगे. मंत्री को क्या पता कि कानून कैसे बनता है? वह तो केवल फाइल के ऊपर लोक-लुभावने नारे का स्टिकर चिपकाने में रुचि रखता है. भीतर की सारी सामग्री अधिकारी बनाता है. मंत्री के सामने मंत्री के मनवांछित स्टिकर के साथ फाइल प्रस्तुत करता है. इसलिए फाइलों में स्टिकर बदल जाते हैं, नारे नए गढ़े जाते हैं, महापुरुषों के चित्रों में फेरबदल हो जाती है, लेकिन सभी नियमों का प्रारूप अधिकारियों की मनमानी को पुष्ट करने वाला ही बनता है. अधिकारी अपने बुद्धि चातुर्य से कानून का ऐसा मकड़ी का जाल बनाते हैं कि जनता रूपी ग्राहक उनके पास शरण लेने के लिए आने पर मजबूर हो जाता है और फिर उनकी मनमानियों का शिकार बन ही जाता है. मंत्रियों को तो केवल उस झंडे से मतलब है जो अधिनियम की फाइल के ऊपर लहरा रहा होता है. अधिकारी घाट-घाट का पानी पिए हुए होता है. उसे मालूम है कि यह झंडे -नारे सब बेकार की चीजें हैं. इन में क्या रखा है? असली चीज है अधिनियम की ड्राफ्टिंग अर्थात प्रारूप को बनाना. उसमें ऐसे प्रावधानों को प्रविष्ट कर देना कि लोग अफसरशाही से तौबा-तौबा कर लें. अधिकारियों की तानाशाही और उनकी मनमानी के सम्मुख दंडवत प्रणाम करने में ही अपनी ख़ैरियत समझें. परिणाम यह होता है कि मंत्री जी समझते हैं कि रामराज्य आ गया, समाजवाद आ गया.



# रफ्तार टेक्नो

## तकनीक बना वरदान

# ये है नए जमाने के भरोसेमंद हेल्पर

त्योहारों का मौसम दस्तक दे रहा है. सभी खरीदारी के मूड में हैं. इसके लिए जानकारी जुटाई जा रही. काम वाली सहायिकाओं की उपलब्धता पहले की तरह अब सहज नहीं. आए दिन उनकी गैर-हाजिरी जिंदगी की रफ्तार में अचानक ब्रेक सी लगा देती है. ऐसे में वैक्यूम क्लीनर, डिशवॉशर जैसे उपकरण हाल के दिनों में लोगों की जरुरत में शुमार है. खासतौर पर महिलाओं के लिए राहत भरा उपकरण है. सवाल है कि कौन सा वैक्यूम क्लीनर खरीदना बेहतर रहेगा. आइए, आज इसी पर करें चर्चा. साथ ही इनका उपयोग करने वाले और विक्रेता के अनुभव से हों रू-ब-रू...



### रोबोट और हैंडहेल्ड वैक्यूम क्लीनर्स

बाजार में रोबोट और हैंडहेल्ड, दोनों तरह के वैक्यूम क्लीनर्स उपलब्ध हैं. इन दोनों तरह के वैक्यूम क्लीनर्स के बीच सबसे बड़ा अंतर इन्हें इस्तेमाल करने के तरीके का है. रोबोट वैक्यूम क्लीनर जहां खुद ही काम करता है, वहीं हैंडहेल्ड वैक्यूम क्लीनर को खुद अपने हाथों से ऑपरेट करना पड़ता है. जाहिर है कि रोबोट क्लीनर इस्तेमाल करना ज्यादा आसान है. वहीं, हैंडहेल्ड वैक्यूम क्लीनर्स ज्यादा अच्छी क्लीनिंग ऑफर करते हैं क्योंकि कंप्यूटर की जगह इसे खुद आप हैंडल करते हैं.

### कौन क्या काम करेगा

रोबोट क्लीनर्स केवल फ्लोर क्लीनिंग करता है, वहीं हैंडहेल्ड क्लीनर से सोफा आदि फर्नीचर, टेबल, दीवार, गाड़ी, खिड़कियां, पर्दे आदि की सफाई के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है. अधिकतर रोबोट वैक्यूम क्लीनर्स फ्लोर पर वैक्यूम करने के साथ-साथ ही पोछा भी लगा लेते हैं. हैंडहेल्ड वैक्यूम क्लीनर के साथ फर्श पर पोछा करने का सुख नहीं ले सकते हैं.

### रोबोट वैक्यूम क्लीनर की यह खासियत

रोबोट वैक्यूम क्लीनर को स्मार्टफोन एप से कंट्रोल किया जा सकता है और घर के वाई-फाई से कनेक्ट किया जा सकता है. आप डिवाइस को रोबोट पर दिए गए बटन्स के जरिए भी कंट्रोल कर सकते हैं. रोबोट अपने आप घर के सभी एरिया को साफ कर देगा. वह आपके घर के कोने-कोने को ऐसे पहचान लेगा जैसा आप खुद. दरअसल कई रोबोट वैक्यूम क्लीनर्स में होम मैप्स स्टोर करने का फीचर के रखते हैं. खास बात यह है कि पूजा का स्थान या पालतू जानवर के स्थान पर आप अगर चाहते हैं कि रोबोट सफाई नहीं करे तो यह फीचर भी इसमें उपलब्ध है.



### हैंडहेल्ड वैक्यूम क्लीनर की खासियत

- हैंडहेल्ड वैक्यूम क्लीनर्स को मुख्य रूप से दो भागों में बांटा जा सकता है- कॉर्ड के साथ और कॉर्ड फ्री. कॉर्ड के साथ आने वाले वैक्यूम क्लीनर को चलाने के लिए पावर आउटलेट से कनेक्ट करना पड़ता है. वहीं, कॉर्ड-फ्री में बिल्ट-इन बैटरी होती है जिससे बिना वायर के इसे घर में कहीं पर भी इस्तेमाल किया जा सकता है.
- कॉर्ड-फ्री हैंडहेल्ड वैक्यूम क्लीनर की पोर्टेबिलिटी का मतलब है कि घर में अधिकतर एरिया को जल्दी और अच्छे से साफ किया जा सकता है. आप इसे ऐसे एरिया के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं जहां आपकी पहुंच नहीं है जैसे इलेक्ट्रिकल सॉकेट के आस-पास, कार, बालकनी या टेरेस आदि.
- हैंडहेल्ड वैक्यूम क्लीनर्स में कम कीमत में ज्यादा सक्शन पावर भी होती है.



इंसान ऑपरेट करता है तो यह बेहतर रिजल्ट देता है. इससे जल्दी और डीप क्लीनिंग हो जाती है.

- रोबोट वैक्यूम क्लीनर जहां एक आम शहरी फ्लैट को लगभग 1 घंटे में पूरी तरह से साफ कर सकता है तो हैंडहेल्ड वैक्यूम क्लीनर यही काम कुछ ही समय में कर सकता है.
- रोबोट डिवाइसेज के साथ ज्यादा पार्ट्स आते हैं. इसमें स्वीपिंग ब्रश, वैक्यूम ब्रश, वाटर टैंक, पोछा, डस्टबिन आता है जिसे रोजाना साफ करने की जरूरत पड़ती है. वहीं, अधिकतर हैंडहेल्ड डिवाइसेज में केवल डस्टबिन को खाली करना होता है.

### मार्केट में उपलब्ध ये वैक्यूम क्लीनर्स

**एमआई रोबोट वैक्यूम मॉप पी**

20,000 रुपए की कीमत है. इसके साथ वैक्यूम क्लीनिंग, मोपिंग, लेजर नेविगेशन के फीचर्स हैं.

**रियलमी टेकलाइफ रोबोट वैक्यूम क्लीनर**

29000 रुपए का यह क्लीनर ऑनलाइन मार्केट में करीब 24000 रुपए में उपलब्ध है. पोछा लगा सकता है. लेजर नेविगेशन और मैपिंग जैसे फीचर्स मिलते हैं.

**आईरोबोट रुम्बा आई 3**

44,900 रुपए में उपलब्ध हैं.यह सिर्फ वैक्यूम क्लीनिंग करता है. यह क्लीन बेस ऑटोमैटिक डर्ट डिस्पोजल सिस्टम के साथ आता है.

**ब्रावा जेट एम 6**

यह भी 44000 रुपए में आता है. यह केवल पोछा करता है, झाड़ु के लिए किसी अन्य डिवाइस की मदद लेनी होगी.

**360 एस 7**

27500 रुपए का यह क्लीनर ई-कॉमर्स स्टोर्स पर मिल जाएगा. इससे वैक्यूम और मोपिंग दोनों हो जाती है. वैक्यूमिंग बढ़िया है लेकिन मोपिंग निराश कर सकता है.

**रियलमी टेकलाइफ हैंडहेल्ड वैक्यूम**

महज 7,499 रुपए का यह क्लीनर कॉर्ड-फ्री क्लीनिंग उपलब्ध करवाता है. इसके साथ अटैचमेंट्स भी आती हैं.

**डायसन ओमनी ग्लाइड**

19,900 रुपये की कीमत में कॉर्ड-फ्री हैंडहेल्ड वैक्यूम क्लीनर है. यह काफी हल्का है और इस्तेमाल करने में आसान है.



### डिशवॉशर के कई फायदे

डिशवॉशर वास्तव में इलेक्ट्रॉनिक्स की दुनिया का एक वरदान है. डिशवॉशर को कभी एक लक्जरी उपकरण माना जाता था, लेकिन अब यह विशेष रूप से बड़े परिवारों में एक जरूरी रसोई उपकरण बन गया है. अपने गंदे, इस्तेमाल किए गए प्लेट, कटोरे, डोंगे या कड़ाही-कुकर जैसे कोई भी कुकवेयर डालें और कई मिनट और एक धोने के चक्र के बाद, उन्हें साफ, बैक्टीरिया-मुक्त और चमकदार पाएं. परंपरागत रूप से, भारत में लोग बर्तनों को हाथों और साबुन के पानी के घोल से साफ करने के अभ्यस्त हैं. यह प्रक्रिया भारत में हर दिन व्यापक रूप से अपनाई जाती है, हालांकि, यह थका देने वाली, समय लेने वाली है और पानी और साबुन का एक साथ अत्यधिक उपयोग हाथों और त्वचा के लिए भी हानिकारक है. डिशवॉशर स्वचालित मशीनें हैं जो इन-बिल्ट क्लीनर, जेट स्प्रे और अन्य की मदद से आपके बर्तनों को अंदर से साफ करती हैं. डिशवॉशर न केवल बर्तनों को साफ करने में काफी सहायक होते हैं, बल्कि वे बर्तनों पर लगे सबसे चिकने और तैलीय दागों को भी हटा देते हैं. भारतीय बर्तनों के आकार और उपयोग किए जाने वाले तेल की मात्रा को देखते हुए, कई डिशवॉशर निर्माता ऐसे डिशवॉशर लेकर आए हैं जिनमें अनुकूलित प्रोग्राम होते हैं. ये प्रोग्राम कड़ाही, तवा जैसे भारतीय बर्तनों और ऐसे अन्य बर्तनों के लिए बनाए गए हैं जिन्हें साफ करना कठिन होता है. किसी भी डिशवॉशर की कीमतें काफी हद तक उसकी क्षमता और विशेष सुविधाओं जैसे ऑटो-ऑफ, एरर अलर्ट, लोड अलर्ट और बहुत कुछ से प्रभावित होती है.



रचना दुबे
शिक्षिका

मैं यूरेका फॉर्ब्स का रॉबोमॉप्स नेक्स पिछले दो साल से उपयोग में ले रही हूं. प्रतिदिन की साफ-सफाई के लिए बहुत उपयोगी है. यह आसानी से चार्ज हो जाता है और पूरे घर की साफ-सफाई कोने-कोने से करता है. इसमें पानी का छोटा टैंक है और साथ में कॉटन पैड भी. इससे झाड़ के साथ पोछा का काम भी आसानी से हो जाता है. चार-पांच पैटर्न हैं जिसे सेट कर मैं घर बंद कर भी कहीं चली जाउं तो यह अपना टास्क पूरा कर लेता और फिर अपने बेस पर जाकर सेट हो जाता. कारपेट पर सफाई के लिए मैं कॉटन पैड हटा देती हूं. हां सीढियों की सफाई इससे नहीं हो पाती.



पूनम निश्चल
शिक्षिका

मैं कामकाजी महिला हूं जिसे घर-बाहर, दोनों की जिम्मेदारी संभालनी होती है. ऐसे में डिशवॉशर मेरे लिए वरदान की तरह है. घर के काम के लिए सहायिका तो है, पर कभी आई, कभी नहीं, कभी समय पर नहीं आई जैसी समस्याएं आम है. ऐसे में डिशवॉशर के कारण मेरे माथे पर शिकन नहीं होती. दरअसल इसी समस्या से निजात पाने के लिए मैंने अपने घर में डिश वॉशर आईएफबी नेप्च्युन वीएक्स खरीदा है, जो मेरे लिए बहुत उपयोगी है. इसमें मैं अपने किचन के सारे बर्तन (प्लास्टिक मैटेरियल) को छोड़कर साफ कर लेती हूं, इसमें कड़ाही और कुकर भी बहुत अच्छे से धूल जाता है, डिश वॉशर में बर्तन के अनुसार टाइमर लगा के छोड़ देती हूं और मुझे एकदम चकाचक और जर्मफ्री बर्तन दुबारा इस्तेमाल करने के लिए मिल जाते हैं.



दीक्षा श्रीवास्तव
होम मेकर

हैंडहेल्ड वैक्यूम क्लीनर उपयोग करती हूं. जब मेड नहीं आती है, या त्योहारों के समय यह खास तौर पर काम आता है. इसकी खासियत है कि इसे घर का कोई सदस्य भी ऑपरेट कर लेता है. इसकी कमी यही महसूस होती है कि घर के कोने-कोने में इससे सफाई करने में मैं कुछ दिक्कत महसूस करती हूं.



मो. ग्यासुद्दीन
ओनर, भारत इलेक्ट्रॉनिक

बेशक झारखंड में डिशवॉशर बहुत अधिक चलन में नहीं है, लेकिन यह भी सच है कि जो इसका उपयोग करते हैं, इसके मुरीद हो जाते हैं. ऐसे कई कस्टमर हैं जो वर्षों उपयोग के बाद अगर डिशवॉशर खराब हुआ तो नया खरीदने आते हैं या परिवार की नई गृहस्थी के लिए खरीदते हैं. इसके कई फायदे हैं जिनमें हाथों को राहत के अलावा बेहतर और कीटाणुमुक्त साफ-सफाई, क्रॉकरी के टूटने-फूटने का भय नहीं होना, महंगे बर्तनों की शाइनिंग बरकरार रहना आदि शामिल हैं. डिशवॉशर में बॉस और आईएफबी ब्रांड की ही अधिक डिमांड है और तकरीबन 39000 रुपए से कीमत की शुरुआत होती है.

# इन बाइक्स से उमंग को मिलेगी रफ्तार

**देश के टू-व्हीलर मार्केट में भी त्योहारों की रौनक अभी से नजर आने लगी है. अक्टूबर महीने में कई बाइक और स्कूटर लॉन्च होने वाले हैं. इनमें जहां एक तरफ एडवेंचर बाइक लवर्स के लिए रॉयल एनफील्ड हिमालयन 450 आ रही है, वहीं स्पोर्ट्स बाइक के दीवानों के लिए अप्रिलिया इस महीने आरएस 457 मोटरसाइकल ला रही है. स्क्रैम्बलर सेगमेंट में ट्रायम्फ स्क्रैम्बलर 400एक्स की कीमत का भी खुलासा किया जाना है. इसके अलावा दो इलेक्ट्रिक स्कूटर भी इस महीने लॉन्च किए जा सकते हैं, जिनमें काइनेटिक ई-लूना और ऐथर 450एस का एक सस्ता वेरिएंट आएगा. आइए,इन बाइक्स की चर्चा करें-**

### एप्रिलिया आरएस 457



एप्रिलिया आरएस 457 को हाल ही में अपने देश के ऑटो मार्केट में अनवील किया गया था. उम्मीद है कि इस महीने इसकी कीमत का खुलासा होगा. कावासाकी निंजा 400 और हार्ली डेविडसन एक्स440 समेत अन्य बाइक्स को टक्कर देने आ रही अप्रिलिया आरएस457 को करीब 5 लाख रुपये प्राइस रेंज में पेश किया जा सकता है.

### रॉयल इंफील्ड हिमाल्यन 450

रॉयल एनफील्ड इस महीने हिमालयन 450 लॉन्च करेगा. यह बाइक मौजूदा हिमालयन के मुकाबले बेहतर लुक-डिजाइन और फीचर्स के साथ ही ज्यादा पावरफुल भी होगी. जानकारी के मुताबिक इसकी शुरुआती एक्स शोरूम प्राइस ढाई लाख रुपये से अधिक होगी.

### ट्रायम्फ स्क्रैम्बलर 400 एक्स



ट्रायम्फ ने पिछले दिनों दो सस्ती बाइक भारतीय ऑटो मार्केट में अनवील की, जो कि ट्रायम्फ स्पीड 400 और स्क्रैम्बलर 400 एक्स हैं. स्पीड 400 की कीमत का खुलासा हो चुका है और अब स्क्रैम्बलर 400एक्स को जल्द ही लॉन्च किया जा सकता है.

### ...और ये दो ई स्कूटर

इस फेस्टिवल सीजन में भारतीय ऑटो मार्केट में दो ई स्कूटर भी लॉन्च होने की उम्मीद है. इनमें ऐथर 450 एस एचआर शामिल है, जो तुलनात्मक रूप से कम कीमत में अच्छे फीचर्स और बैटरी रेंज के साथ आएगी. वहीं काइनेटिक लूना भी अरसे बाद भारतीय ऑटो मार्केट में वापसी करेगी. इस बार इसका इलेक्ट्रिक वर्जन आएगा. काइनेटिक लूना की टॉप स्पीड 50 किलोमीटर प्रति घंटे तक की हो सकती है और इसकी सिंगल चार्ज पर बैटरी रेंज 100 किलोमीटर तक की हो सकती है. काइनेटिक ई-लूना की शुरुआती एक्स शोरूम प्राइस 80 हजार रुपए से ज्यादा हो सकती है.

# आजमाएं ये टिप्स, स्लो नहीं होगा आपका लैपटॉप और मोबाइल



प्रेम आंनद
आईटी एक्सपर्ट

**अच्छे से अच्छा मोबाइल और लैपटॉप भी एक समय अंतराल के बाद स्लो होना शुरू हो जाता है. अगर आपकी टेक्निकल जानकारी कम है तो आप आसानी से मोबाइल/ लैपटॉप दुकानदारों के द्वारा आसानी से ठगे जा सकते हैं. स्लो मोबाइल और लैपटॉप को दुकान ले जाने के पहले घर पर ही यह उपाय कर लेने से ज्यादातर मामलों में सुधार हो जाता है.**

1. हार्ड ड्राइव कभी भी 85% से ज्यादा भरने न दें. जैसे ही मेमोरी 85% तक भर जाए तो उससे बेकार की फाइल्स को डिलीट कर दीजिए या डेटा का बैकअप किसी अन्य ड्राइव में लेकर मेमोरी को खाली कर लीजिए.

2. इस्तेमाल न होने वाले ऍप्लिकेशन्स को बंद कर दें. एक साथ बहुत ज्यादा एप्लीकेशन न खोले. ज्यादा एप्लीकेशन प्रोसेसर पर ज्यादा लोड डालता है साथ ही रैम का इस्तेमाल भी ज्यादा होने से मोबाइल या लैपटॉप स्लो हो जाता है.

3. कैश मेमोरी को डिलीट कर दे.

4. लैपटॉप में टेम्प, %टेम्प% और प्रीफेच को हर रोज डिलीट कर दिया करें. इसे ओपन करने के लिए विंडोज बटन दबा कर आर दबाए फिर फ़ाइल नाम डालकर एंटर दबाएं, अब ओपन फ़ाइल के अंदर जो भी दिखे उसे पूरा सेलेक्ट कर डिलीट कर दिया करें.

5. हर रोज कम से कम एक बार रीस्टार्ट जरूर करें. मोबाइल में आप सिड्यूल रीस्टार्ट सेट करके जरूर रखें.

6. लैपटॉप में क्रैक वर्शन प्रोग्राम्स नहीं रखे, ऐसे प्रोग्राम अपके डिवाइस के चिप पर बुरा असर डालते हैं और बिना मतलब के डिवाइस को स्लो कर देते हैं. वहीं मोबाइल में अननोन सोर्स से कोई भी ऐप कभी इनस्टॉल न करें. ऐप इनस्टॉल करने के लिए गूगल प्ले स्टोर का ही इस्तेमाल करें.

7. लैपटॉप/ डेस्कटॉप में कोई भी नया प्रोग्राम शुरू करने के पहले और प्रोग्राम बंद करने के बाद एक दो बार रिफ्रेश जरूर कर लिया करें.

8. कंप्यूटर के टास्क मैनेजर खोलकर उसमे चल रहे इस्तेमाल न होने वाले प्रोग्राम को बंद कर दिया करें. टास्क मैनेजर को आप कंट्रोल, ऑल्ट और डिलीट बटन एकसाथ दबा कर ओपन कर सकते हैं.



9. रीसाइकल बिन को हमेशा खाली रखें.

10. कंप्यूटर के हार्ड ड्राइव में ज्यादा पार्टीशन न रखें. यदि संभव हो तो ड्राइव सी के अलावा सिर्फ एक ड्राइव बना कर रखें.

11. समय समय पर डी फ्रेग्मेंटेशन जरूर किया करें. इस प्रक्रिया में थोड़ा समय लगता है लेकिन यह कंप्यूटर हार्ड ड्राइव के लिए एक आवश्यक प्रक्रिया है या आपके हार्ड ड्राइव की आयु को भी बढ़ता है. यह प्रक्रिया मोबाइल में नहीं की जाती है.

12. हीट होने से भी कंप्यूटर स्लो होने की शिकायत होती है. एक्सटर्नलकूलिंग पैड लगाएं. फिर भी कंप्यूटर स्लो है तो आप इसका रैम बढ़वा कर देखें. उससे भी काम नहीं बना तो आप अगर एचडीडी का इस्तेमाल कर रहें हैं तो आप एचडीडी की जगह एसडीडी का इस्तेमाल शुरू करें. इतना कर लेने के बाद तो आपका कंप्यूटर / मोबाइल अच्छा खासा फ़ास्ट हो जाएगा.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## ब्रीफ खबरें

### राहुल की वापसी से स्थिरता मिली : म्हाम्ब्रे

**चेन्नई।** भारत के गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने कहा कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप के पहले मैच में भारत की जीत के सूत्रधार विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल की वापसी से मध्यक्रम को मजबूती मिली है. राहुल ने नाबाद 97 रन बनाये जिसकी मदद से भारत ने जीत दर्ज की. पांचवें नंबर पर उतरे राहुल को तीसरे ही ओवर में आना पड़ा चूंकि आस्ट्रेलिया ने दो ओवर के भीतर दो रन पर भारत के तीन रन निकाल दिये थे. राहुल ने विराट कोहली (85) के साथ 165 रन की साझेदारी की . म्हाम्ब्रे ने कहा कि हमें हमेशा से पता था कि राहुल कितना शानदार बल्लेबाज है.

### अफगानिस्तान के खिलाफ भी नहीं खेलेंगे गिल

**नई दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल अफगानिस्तान के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले भारत के अगले विश्व कप मुकाबले से भी बाहर हो गए हैं. वह चेन्नई में चिकित्सकों की निगरानी में हैं. भारतीय टीम सोमवार को चेन्नई से दिल्ली पहुंची लेकिन बीमार होने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के पहले मैच से बाहर रहे गिल टीम के साथ नहीं आए. ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच से पहले बीसीसीआई ने कहा था कि गिल अस्वस्थ हैं लेकिन उनकी बीमारी के बारे में नहीं बताया था. बीसीसीआई ने बताया, 'टीम इंडिया के बल्लेबाज शुभमन गिल नौ अक्टूबर 2023 को टीम के साथ दिल्ली नहीं आएंगे.

### भारतीय क्रिकेट टीम दिल्ली पहुंची

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम 11 अक्टूबर को अफगानिस्तान के खिलाफ विश्व कप के अपने दूसरे मैच के लिए सोमवार को यहां पहुंची. भारतीय टीम ने रविवार को चेन्नई में अपने पहले मैच में खराब शुरुआत से उबरते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ छह विकेट से जीत दर्ज की थी. बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि टीम दिल्ली में है. टीम अपने स्टार सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के बिना दिल्ली पहुंची है. गिल चेन्नई में बीसीसीआई की चिकित्सा देखरेख में बीमारी से उबर रहे हैं. गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच में भी नहीं खेल पाए थे. सोमवार टीम के लिए यात्रा का दिन था.

### नेशनल रेड रन की 10 किमी मैराथन दौड़ में झारखंड की बेटी को मिला दूसरा स्थान

# पुरुष वर्ग में पांचवें स्थान पर रहा झारखंड

**संवाददाता।गोवा/रांची**

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन द्वारा युवाओं के बीच एचआईवी संक्रमण एवं एड्स के प्रति जागरूकता को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर नेशनल रेड रन कार्यक्रम का आयोजन गोवा के पणजी में किया गया. इस कार्यक्रम में देश के 28 राज्यों के अलावे 8 केंद्र शासित प्रदेशों के बच्चों ने राज्य स्तर पर चयनित होने के बाद राष्ट्रीय स्तर की दौड़ में भाग लिया. इसमें 10 किलोमीटर की मैराथन दौड़ नेशनल रेड रन में झारखंड की बेटी संघमित्रा मेहता ने दूसरा स्थान प्राप्त किया. गिरीडीह जिले के कालू राम मोदी मेमोरियल वनांचल इंटर कॉलेज की इस छात्रा ने 10 किलोमीटर की दूरी 37 मिनट 55 सेकेंड में पूरी की. वहीं पुरुष वर्ग में राजन कुमार को 5वां स्थान प्राप्त हुआ. रांची के एसएस मेमोरियल कॉलेज के इस छात्र ने 10 किलोमीटर की दूरी 33 मिनट 02 सेकेंड में पूरी की.




#### गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने किया सम्मानित

सभी विजेताओं को गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, गोवा के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत पी राणे एवं नाको के वरीय अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया. मौके पर झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति के परियोजना निदेशक जयकिशोर प्रसाद एवं समिति के युवा प्रभारी सत्य प्रकाश प्रसाद उपस्थित थे. ज्ञात हो कि नेशनल रेड रन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सात सदस्यों की टीम गोवा के लिए 6 अक्टूबर रवाना हुई थी.

**खास बातें**

- संघमित्रा ने 37 मिनट 55 सेकेंड में पूरी की मैराथन
- देशभर के खिलाड़ियों ने लिया प्रतियोगिता में हिस्सा

## आओ जानें

### वर्ल्ड कप क्रिकेट पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | पॉइंट्स |
|---|---|---|---|---|
| न्यूजीलैंड | 2 | 1 | 0 | 4 |
| द.अफ्रीका | 1 | 1 | 0 | 2 |
| पाकिस्तान | 1 | 1 | 0 | 2 |
| बंग्लादेश | 1 | 1 | 0 | 2 |
| भारत | 1 | 1 | 0 | 2 |
| आस्ट्रेलिया | 1 | 0 | 1 | 0 |
| अफगानिस्तान | 1 | 0 | 1 | 0 |
| नीदरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 |
| श्रीलंका | 1 | 0 | 1 | 0 |
| इंग्लैंड | 1 | 0 | 1 | 0 |

### आईसीसी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय वर्ल्ड कप क्रिकेट

# न्यूजीलैंड ने नीदरलैंड को 99 रन से हराया

**एजेंसियां ।हैदराबाद**

विल यंग, रचिन रविंद्र और टॉम लैथम की शानदार प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने सोमवार को यहां आईसीसी एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट विश्व कप में नीदरलैंड को 99 रन से पराजित कर दिया. नीदरलैंड की टीम विजेता टीम के 332 रन के जवाब में 43.3 ओवरों में 223 रन बना कर सिमट गई.

इससे पहले विजेता टीम ने यहां नीदरलैंड के खिलाफ सात विकेट पर 322 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया. टॉस हार कर बल्लेबाजी करने उतरे न्यूजीलैंड ने यंग (80 गेंद में 70 रन) और रविंद्र (51 गेंद में 51 रन) के बीच दूसरे विकेट की 77 रन की साझेदारी से अच्छा मंच तैयार किया. कप्तान लैथम ने अंत में 46 गेंद में 53 रन की पारी खेलकर टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया. नीदरलैंड के गेंदबाजों ने हालांकि धीमी पिच पर अपनी गेंदबाजी से प्रभावित भी किया. पारी की शुरुआत में ही नीदरलैंड के गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाजों को लगातार तीन मेडन ओवर डाले. यंग ने चौथे ओवर में रेयान क्लेन पर दो चौके जड़कर न्यूजीलैंड का खाता खोला. डेवोन कॉनवे (32) ने क्लेन के साथ गेंदबाजी का आगाज करने वाले स्पिनर आर्यन दत्त पर लांग ऑन पर छक्का मारा. कॉनवे हालांकि रन गति बढ़ाने के प्रयास में बाएं हाथ के स्पिनर रोलोफ वान डेर मर्व (56 रन पर दो विकेट) की गेंद पर बास डी लीडे को कैच दे बैठे जिससे पहले विकेट की 67 रन की साझेदारी का अंत हुआ. इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच में शतक जड़ने वाले रविंद्र और यंग ने इसके बाद पारी को संभाला. न्यूजीलैंड के बल्लेबाज अच्छी लय में दिखे लेकिन नीदरलैंड के गेंदबाज भी रन गति पर अंकुश लगाने में सफल रहे.

यंग और रविंद्र हालांकि अर्धशतक पूरे करने के बाद क्रमशः पॉल वान मीकेरन (59 रन पर दो विकेट) और वान डेर मर्व का शिकार बने. यंग ने वान मीकेरन की गेंद को पुल करने की कोशिश में बास डी लीडे को कैच थमाया जबकि रविंद्र विकेटकीपर स्कॉट एडवर्ड्स को कैच दे बैठे. लैथम और डेरिल मिशेल (47 गेंद में 48 रन) ने चौथे विकेट के लिए 53 रन जोड़कर रन गति में इजाफा किया. लैथम जब अर्धशतक पूरा करने के बाद दत्त की गेंद पर स्टंप होकर सातवें बल्लेबाज के रूप में पवेलियन लौटे तो टीम का स्कोर 49वें ओवर में 293 रन था.




**खास बातें**

- न्यूजीलैंड ने 332 रन का स्कोर खड़ा किया
- नीदरलैंड की टीम 43 .3 ओवरों में 223 पर सिमटी

### हेजलवुड ने कैच छोड़ने पर मार्श का बचाव किया

**चेन्नई।** आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा कि भारत के हाथों विश्व कप के पहले मैच में मिली हार में मिचेल मार्श के हाथों विराट कोहली का कैच टपकाये जाने की कोई भूमिका नहीं थी . कोहली को आठवें ओवर में हेजलवुड की गेंद पर जीवनदान मिला जब मार्श ने मिडविकेट में उनका कैच टपकाया .विकेटकीपर एलेक्स कारी भी दौड़े थे लेकिन गलतफहमी की वजह से कैच छूट गया. हेजलवुड ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि नहीं मुझे नहीं लगता कि इसकी कोई भूमिका थी उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि कारी वहां तक पहुंच पाता. यह मिचेल का ही कैच था. उसने कैच छोड़ा लेकिन ऐसा होता रहता है . हर कोई काफी मेहनत कर रहा है.

### भारतीय वीजा में देरी पर चर्चा की गई

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष जका अशरफ ने भारत में चल रहे एकदिवसीय विश्व कप के लिए पाकिस्तान के प्रशंसकों और पत्रकारों को वीजा जारी करने में देरी पर चर्चा करने के लिए सोमवार को विदेश सचिव साइरस सज्जाद काजी से मुलाकात की. पीसीबी के बयान के अनुसार, अशरफ ने विदेश सचिव से इस मुद्दे को भारतीय गृह मंत्रालय और नयी दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के साथ उठाने का भी अनुरोध किया. पीसीबी ने इस बयान में कहा कि पीसीबी यह देखकर बेहद निराश है कि पाकिस्तान के पत्रकारों और प्रशंसकों को आईसीसी विश्व कप 2023 में मैचों को कवर करने के लिए भारतीय वीजा हासिल करने में अब भी अनिश्चितता का सामना करना पड़ रहा है.

## फील्ड अपडेट

### जू. खदान पीड़ एफसी की टीम चैंपियन बनी



**चाईबासा।** नवयुवक जूनियर फुटबॉल संघ, कमारहातु के तत्वावधान में सोमवार को फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. फाइनल मैच में कमारहातु की जूनियर खदान पीड़ एफसी की टीम ने तेज तर्रार फारवर्ड खिलाड़ी महेंद्र देवगम के बेहतरीन दो गोल के बदौलत मतकमहातु एफसी को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया. विजेता-उपविजेता टीमों को दो-दो बतख और नकद राशि पुरस्कार स्वरूप आयोजन समिति की ओर से प्रदान की गई. इससे पूर्व फाइनल मैच का उद्घाटन मतकमहातु पंचायत मुखिया जुलियाना देवगम ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर किया. मौके पर कृष्णा देवगम, पांडु देवगम, सुरजा देवगम, सचिन देवगम, सोमा देवगम आदि उपस्थित थे. फाइनल मैच के रेफरी चाम्बरा देवगम, जोसेफ देवगम और राज हेम्ब्रम थे.

### जमडीहा की टीम बनी चैंपियन



**महूदा।** भाटडीह ओपी अंतर्गत तेतुलिया 2 पंचायत के भाटडीह बेलखोंदा में यूथ क्लब की ओर से आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जमडीहा की टीम ने अपने नाम कर लिया. फ़ाइनल मुकाबले में दुग्दा की टीम ने जमडीहा को कड़ी टक्कर दी. लेकिन जमडीहा की टीम ने एक गोल से मैच जीतकर ट्रॉफी अपने नाम कर लिया. फाइनल मुकाबले में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो व विशिष्ट अतिथि के रुप में पहुंची जिप चेयरमैन शारदा सिंह शामिल हुईं. अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर फाइनल मुकाबले की शुरुआत की. विधायक ढुल्लू महतो व जिप चेयरमैन शारदा सिंह ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया. खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए शारदा सिंह ने कहा कि खेल को हार-जीत की भावना से नहीं खेलना चाहिए. मौके पर संपद घोषाल, दीपक ग्याली, आदर मिश्रा, जीतन रवानी, राजेश महतो, विजय प्रामाणिक, प्रकाश ग्याली, रूपेश ग्याली, करण, बिट्टू तुरी सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे.

## कमजोरियों से पार पाकर उतरेंगे पाक और श्रीलंका

**भाषा।हैदराबाद**

नीदरलैंड के खिलाफ जीत भले ही शानदार नहीं रही हो लेकिन निरंतरता तलाश रही पाकिस्तान की टीम मंगलवार को विश्व कप के मैच में खराब फॉर्म से जूझ रही श्रीलंका के खिलाफ वापसी की कोशिश करेगी . नीदरलैंड जैसी एसोसिएट टीम के खिलाफ पाकिस्तान के बल्लेबाजों ने निराश किया . ऐसे में उसे श्रीलंका के खिलाफ सावधान रहना होगा जिसके पास धुरंधर स्पिन गेंदबाज हैं.

आम तौर पर पाकिस्तानी बल्लेबाज स्पिन को बखूबी खेलते हैं लेकिन बाबर आजम एंड कंपनी को महीष तीक्षण और दुनिथ वेलालागे को हलके में लेने से बचना होगा . दोनों ने हालांकि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दिल्ली में 102 रन लुटाये . दस साल से पाकिस्तानी टीम यहीं पर है और दो अभ्यास मैच भी खेल चुकी है लिहाजा उसे हालात का बखूबी पता है. इसके बावजूद डच गेंदबाजों ने पहले मैच में उसे परेशान किया. एक समय उसके तीन विकेट 38 रन पर गिर गए थे जिसके बाद मोहम्मद रिजवान और सउद शकील ने पारी को संभाला. मोहम्मद नवाज और शादाब खान ने भी उपयोगी पारियां खेली. श्रीलंका जैसी कमोबेश मजबूत टीम के खिलाफ पाकिस्तान यह कोताही नहीं बरत सकता . पाकिस्तान के लिये राहित की बात शकील का फॉर्म रही. रिजवान और शकील ने मिलकर जिस तरह टीम को संकट से निकाला, वह काबिले तारीफ है.

समयः मैच दोपहर दो बजे शुरू होगा.

## बांग्लादेश के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेगा इंग्लैंड

**भाषा।धर्मशाला**

पहले मैच में न्यूजीलैंड से मिली नौ विकेट से हार के बाद गत चैम्पियन इंग्लैंड बांग्लादेश के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले विश्व कप के मैच में मजबूती से वापसी करने की कोशिश करेगा. न्यूजीलैंड से मिली हार जोस बटलर की टीम के लिये खतरे की घंटी थी. इंग्लैंड के अधिकांश क्रिकेटर आईपीएल खेलते हैं लिहाजा उन्हें भारतीय पिचों और स्पिनरों से मिलने वाली चुनौती का अहसास था.

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर 282 रन का स्कोर बनाकर जीतना मुश्किल था. न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कोंवे और रचिन रविंद्र ने जिस तरह शतक जमाकर सिर्फ 37 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया, उसने टीम प्रबंधन के सामने कई परेशानियां खड़ी कर दी होंगी. न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों ट्रेंट बोल्ट और मैट हेनरी ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने नहीं दिया जबकि क्रिस वोक्स, मार्क वुड और सैम कुरेन मिलकर कोंवे और रविंद्र को 272 रन की साझेदारी करने से नहीं रोक पाये . इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट, सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो और कप्तान बटलर ने खुद उपयोगी पारियां खेली लेकिन कोई पारी का सूत्रधार नहीं बन सका . बांग्लादेश इंग्लैंड की कमजोरियों का पूरा फायदा उठाना चाहेगा. एचपीसीए स्टेडियम की पिच की हालांकि अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने आलोचना की है.

मैच का समय : मैच सुबह 10 . 30 से शुरू होगा.

# नटराज योग संस्थान बच्चे सम्मानित

**संवाददाता।रांची**

भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश( खेल प्रकोष्ठ) एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को कचहरी रोड स्थित नटराज योग संस्थान के बच्चों को भव्य समारोह में सम्मानित किया गया.मालूम हो कि जमशेदपुर में श्री नाथ यूनिवर्सिटी में आयोजित चतुर्थ राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में सफल प्रदर्शन कर सभी वर्गो में मेडल जीत कर झारखंड का नाम रौशन किया है.

इस अवसर पर मुख्य अथिति के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्य प्रभात, विशिष्ठ अतिथि भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश खेल संयोजक अमन कुमार, भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एव खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी,रोहित राज पांडेय, सुमित दास, नटराज योग संस्थान के मुख्य संस्थापक प्रशांत कुमार ,निदेशक आर्य प्रह्लाद भगत , सुषमा कुमारी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

ज्ञात है कि जमशेदपुर में श्रीनाथ यूनिवर्सिटी में आयोजित चतुर्थ राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में राज्य भर से अलग-अलग जिलों से 300 प्रतिभागी प्रतियोगिता में भाग लिया था. जिसमें नटराज योग संस्थान के 27 बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया.



**खास बातें**

- मेडल जीतकर झारखंड का नाम रोशन किया
- करीब 300 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया

### विजेता खिलाड़ी

**सीनियर** : अंजलि कुमारी - पांचवीं, (ट्रेडिशनल) और चौथी (आर्टिस्टिक सिंगल)

**जूनियर** : दीपू लोहरा - प्रथम (आर्टिस्टिक सिंगल) द्वितीय (ट्रेडिशनल), स्मृति नेहा कुजूर - पांचवीं (आर्टिस्टिक सिंगल)

**सब जूनियर** : स्वेता कुमारी - चौथी (आर्टिस्टिक सिंगल)
गोविंद कुमार - द्वितीय (आर्टिस्टिक सिंगल), रितेश कुमार ( ट्रेडिशनल योग पांचवा स्थान), बिट्टू कुमार- आर्टिस्टिक सिंगल चौथा स्थान. रश्मि तिर्की - सब जूनियर आर्टिस्टिक सिंगल तृतीय स्थान, अर्चना कुमारी एवं पल्लवी रानी- आर्टिस्टिक पर तृतीय स्थान , पिंटू चौधरी ट्रेडिशनल सिंगल तृतीय स्थान प्राप्त किया.

**हांगझोउ एशियाई खेल** भारतीय खिलाड़ियों को परचम लहराने के लिए याद किया जाएगा

# भारतीय टीम ने कई उपलब्धियों को पहली बार हासिल किया

**एजेंसियां।नई दिल्ली**

चीन के हांगझोउ में हुए 19वें एशियाई खेलों को भारतीय खिलाड़ियों के पदकों की रिकॉर्ड संख्या तथा कई खेलों में पहली बार परचम लहराने के लिए याद रखा जायेगा. इन खेलों में कई ऐसे खिलाड़ी शामिल थे जिन्होंने अपनी स्पर्धा में पहली बार देश के लिए पदक जीता या कई दशकों के पदक के सूखे को खत्म कर देश और खुद को गौरवान्वित किया. एथलेटिक्सः

**अविनाश साबले (3000 मीटर स्टीपलचेज) :**



साबले इन खेलों में 3000 मीटर स्टीपलचेज में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय बने.

**पारुल चौधरी (5000 मीटर):**



पारुल ने महिलाओं की 5000 मीटर में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रच दिया. वह 5000 मीटर दौड़ में एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गयी. उन्होंने इसके साथ ही 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक हासिल किया.

**अन्नू रानी (भाला फेंक):**



इस खिलाड़ी ने सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की भाला फेंक में शीर्ष पुरस्कार हासिल किया. वह 62.92 मीटर के प्रयास के साथ भाला फेंक में एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं.

**बैडमिंटनः** एच एस प्रणय ने पुरुष



एकल जबकि सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने बैडमिंटन के पुरुष युगल में पदक के 41 साल के सूखे को खत्म किया. इससे पहले सैयद मोदी ने 1982 ने पुरुष एकल में और लेरोय डी'सा तथा प्रदीप गांधी की पुरुष युगज जोड़ी ने अपनी-अपनी स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीता था.

सुतीर्था मुखर्जी और अयहिका मुखर्जी ने जबरदस्त प्रदर्शन किया. उत्तर कोरिया के खिलाफ सेमीफाइनल में हार के बाद इस जोड़ी को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा लेकिन इससे पहले क्वार्टर फाइनल में भारतीय जोड़ी ने चीन मेंग चेन और यिडी वांग की शीर्ष रैंकिंग की जोड़ी को हराकर बड़ा उलटफेर किया.

**निशानेबाजी :** मनीषा कीर,



राजेश्वरी कुमारी और प्रीति रजक की टीम ने महिलाओं की स्कीट में एशियाई खेलों के निशानेबाजी में भारत का पहला रजत पदक जीता. अनंतजीत सिंह नरुका ने भी पुरुषों की स्कीट व्यक्तिगत स्पर्धा में देश के लिए पहला रजत पदक जीतकर भारतीय खेल के इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया.

**कैनोइंग :** अर्जुन सिंह और सुनील सिंह सलाम ने पुरुषों की कैनो युगल 1000 मीटर स्पर्धा में ऐतिहासिक कांस्य



पदक जीतकर एशियाई खेलों के कैनोइंग में इस स्पर्धा में भारत को अब तक का दूसरा पदक दिलाया. इससे पहले 1994 के हिरोशिमा एशियाई खेलों में सीजी सदानंदन और जॉनी रोमेल ने इसी स्पर्धा में भारत के लिए कांस्य पदक जीता था.

**तीरंदाजी :** भारतीय पुरुष और महिला रिकर्व टीमों ने उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता कर तीरंदाजी में 13 साल के पदक का इंतजार खत्म किया. यह 2010 के एशियाई खेलों के बाद इस स्पर्धा में भारत का पहला पदक था.

**घुड़सवारी :** सुदीप्ति हजेला, दिव्यकृति सिंह, विपुल हृदय छेदा और अनुष अग्रवाल की चौकड़ी ने एशियाई खेलों के घुड़सवारी में ड्रेसेज टीम स्पर्धा में भारत के स्वर्ण पदक के सूखे को खत्म किया. यह घुड़सवारी में 41 वर्षों में भारत का पहला स्वर्ण पदक है.

**नौकायन :** विष्णु सरवनन पाल नौकायन की पुरुष डिंगी आईएलसीए 7 स्पर्धा में कांस्य के तौर पर देश का पहला पदक जीता.

**सेपकटकरॉ स्पर्धा :** भारत ने खेलों में महिला सेपकटकरॉ में अपना पहला पदक जीता. इसमें महिला रेगु टीम ने कांस्य पदक जीता था. ओलंपियन अदिति अशोक ने रजत पदक जीता और गोल्फ में पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं.

## जयकुमार को तलवारबाजी में जूरी ऑफ अपील की जिम्मेवारी

**संवाददाता ।रांची**

जयकुमार सिन्हा को गोवा में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेल की तलवारबाजी स्पर्धा में जूरी ऑफ अपील के रूप में आमंत्रित किया गया है. उनकी इस उपलब्धि पर झारखंड तलवारबाजी संघ के संयुक्त सचिव राकेश कुमार मिश्रा ने कहा कि झारखंड में तलवारबाजी को पहचान दिलानेवाले झारखंड राज्य तलवारबाजी संघ के महासचिव जयकुमार सिन्हा को हम सबों के प्रेरणाश्रोत हैं. उनके खेल के प्रति समर्पण, खेल के विकाश, बेहतरीन प्रशासकीय क्षमता के कारण ही उन्हें तकनीकियों के श्रेष्ठ पद पर योगदान देने करने के लिए भारतीय तलवारबाजी महासंघ ने नियुक्त किया है. उनके मनोनयन पर राज्य संघ ने भारतीय महासंघ का आभार जताया और कहा कि यह झारखंड के लिए गौरव की बात है. झारखंड संघ के चेयरमेन जितेंद्र सिंह ,अध्यक्ष अर्चित आनंद, कोषाध्यक्ष करमबीर उरांव, संजेश मोहन ठाकुर, संयुक्त सचिव सुशीला कुजूर, प्रेम उदय बेक, रामाशीष सिंह, रामगढ़ जिला संघ के चेयरमैन एवं समाजसेवी विजय मेवाड़, अध्यक्ष दिनेश कुमार, कोषाध्यक्ष प्रसांत कुमार, उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, सह सचिव अजय वर्मा सहित सभी सदस्यों ने बधाई दी.



# ढोलीडा ढोल तू धीमे वगाड ना, धीमे वगाड ना...



अहमदाबाद में सोमवार को आगामी नवरात्रि उत्सव से पहले पारंपरिक लोक नृत्य गरबा की रिहर्सल के दौरान पारंपरिक पोशाक में फोटो खिंचवाते कलाकार. फोटोः पीटीआई

## आओ जानें

### इजरायल-फिलिस्तीनी संघर्ष की मानवीय लागत (मृत्यु/चोटें)

| वर्ष | | |
|---|---|---|
| 2008 | फ़िलिस्तीन | 3,202 |
| | इज़राइल | 853 |
| 2009 | फ़िलिस्तीन | 7,460 |
| | इज़राइल | 123 |
| 2010 | फ़िलिस्तीन | 1,659 |
| | इज़राइल | 185 |
| 2011 | फ़िलिस्तीन | 2,260 |
| | इज़राइल | 136 |
| 2012 | फ़िलिस्तीन | 4,936 |
| | इज़राइल | 578 |
| 2013 | फ़िलिस्तीन | 4,031 |
| | इज़राइल | 157 |
| 2014 | फ़िलिस्तीन | 19,860 |
| | इज़राइल | 2,796 |
| 2015 | फ़िलिस्तीन | 14,813 |
| | इज़राइल | 339 |
| 2016 | फ़िलिस्तीन | 3,572 |
| | इज़राइल | 222 |
| 2017 | फ़िलिस्तीन | 8,526 |
| | इज़राइल | 174 |
| 2018 | फ़िलिस्तीन | 31,558 |
| | इज़राइल | 130 |
| 2019 | फ़िलिस्तीन | 15,628 |
| | इज़राइल | 133 |
| 2020 | फ़िलिस्तीन | 2,781 |
| | इज़राइल | 61 |

संयुक्त राष्ट्र द्वारा जारी

## ब्रीफ खबरें

### खांसी की प्रतिबंधित दवा जब्त, दो गिरफ्तार

**ठाणे।** महाराष्ट्र पुलिस के मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ ने 8.88 लाख रुपये मूल्य की अल्प्राजोलम की गोलियां और खांसी की प्रतिबंधित दवा का जखीरा जब्त किया है. इस संबंध में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है. एएनसी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अमर मराठे ने बताया कि 18 सितंबर को पुलिस ने मीरा-भायंदर इलाके में एक व्यक्ति के पास से 1.5 लाख मूल्य के कोडीन फॉस्फेट वाली कफ सिरप की 300 बोतलों व 2.16 लाख मूल्य की 10,800 अल्प्राजोलम गोलियां बरामद की थीं.

### पटाखा फैक्टरी में लगी आग, 9 की मौत

**अरियलूर।** तमिलनाडु के अरियलूर जिले में सोमवार को एक पटाखा फैक्टरी में आग लगने से कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए. मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने एक बयान में इस हादसे में नौ लोगों की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए उनके परिवारों के लिए नकद राहत की घोषणा की. यह घटना जिले के विरागलुर गांव में एक निजी पटाखा निर्माण फैक्टरी में हुई. फैक्टरी में आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है.

### बदमाशों ने हंगरी की महिला को लूटा

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के लोधी कालोनी इलाके में मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्तियों ने एक ऑटोरिक्शा में यात्रा कर रही, हंगरी की 57 वर्षीय एक महिला को लूट लिया. पुलिस के मुताबिक, घटना रविवार दोपहर करीब तीन बजे की है, जब महिला हुमायूं के मकबरे से हंगरी दूतावास की ओर जा रही थी. पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जैसे ही ऑटोरिक्शा दयाल सिंह कॉलेज के समीप पहुंचा, पीछे से एक मोटरसाइकिल पर दो व्यक्ति आए. उन्होंने महिला का बैग छीन लिया.

### फ्रिज का कंप्रेसर फटा, पांच की मौत

**चंडीगढ़।** पंजाब के जालंधर जिले के एक मकान में रेफ्रिजरेटर के कंप्रेसर में विस्फोट होने के बाद एक ही परिवार के तीन बच्चों सहित पांच सदस्यों की मौत हो गई. एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि हादसा रविवार रात हुआ और फ्रिज के कंप्रेसर में विस्फोट के बाद घर में भीषण आग लग गई. अधिकारी के मुताबिक, हादसे में मारे गए लोगों की पहचान यशपाल घई (70), रुचि घई (40), मंशा (14), दीया (12) और अक्षय (10) के रूप में की गई है.

### शाहरुख को मिली वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा

**मुंबई।** महाराष्ट्र पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान के जीवन पर मंडराते संभावित खतरों के मद्देनजर उन्हें वाई प्लस श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है. एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि वाई प्लस श्रेणी के सुरक्षा ढांचे में छह कमांडो समेत 11 सुरक्षाकर्मी और एक पुलिस एस्कॉर्ट वाहन शामिल होता है. अधिकारी के मुताबिक, शाहरुख (57) को उनकी हालिया फिल्म 'जवान' की रिलीज के बाद से धमकियां मिल रही हैं. उन्होंने बताया कि यह सुरक्षा मुफ्त नहीं है और शाहरुख को इसके बदले में भुगतान करना होगा.

---

गाजा पर कब्जा करने के लिए इजराइल ने उतारे एक लाख सैनिक

# आखिरी जंग की तैयारी में इजरायल

**भाषा। तेल अवीव**

इजराइली सरकार ने युद्ध की औपचारिक घोषणा कर दी है और हमास के अप्रत्याशित हमले का बदला लेने के लिए अहम सैन्य कदम उठाने को मंजूरी दे दी है. गाजा पर पूरी तरह से कब्जे के लिए इजरायल ने 1 लाख सैनिक भी उतार दिए हैं और गाजा पट्टी में बमबारी तेज कर दी है. इस संघर्ष में दोनों पक्षों के मृतकों की संख्या 1,100 के पार चली गयी है और हजारों लोग घायल हैं. हमास के हमले के 40 घंटे से अधिक समय बाद अब भी इजराइली सेना कई स्थानों पर छिपे आतंकवादियों से लड़ रही है. इजराइल में कम से कम 700 लोगों के मारे जाने की खबर है और गाजा में 400 से अधिक लोग मारे गए हैं. इजराइल में पिछले कई दशकों में इतने ज्यादा लोगों की मौत नहीं देखी गयी.

इजराइल ने कहा कि उसने दो किब्बुत्जिम बस्तियों समेत देश के चार स्थानों को हमास के लड़ाकों के नियंत्रण से छुड़ाने के लिए विशेष बल बुलाया है. एक इलाके से इजराइली पुलिस द्वारा जारी फुटेज में सुरक्षाबल एक खुले मैदान में हमास के आतंकवादियों से मुठभेड़ के दौरान लंबी-लंबी घास के बीच घुटनों के बल बैठे दिखे. युद्ध की घोषणा ने एक बड़ी लड़ाई का संकेत दिया है. इस बीच, हमास और एक छोटे इस्लामिक जिहाद समूह ने इजराइल से 130 से अधिक लोगों को बंधक बनाने और उन्हें गाजा लाए जाने का दावा किया है.



इजरायली हवाई हमले के बाद नष्ट हुई यासीन मस्जिद. फोटो : पीटीआई

### हमास के हमले में नेपाल के 10 नागरिकों की मौत

**काठमांडू।** फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के रॉकेट हमलों में इजराइल में नेपाल के 10 नागरिकों की मौत हो गयी और चार अन्य घायल हुए हैं. विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी. दूतावास ने कहा कि हम घटना में मारे गए लोगों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं. एक लापता नेपाली नागरिक की तलाश करने के प्रयास किए जा रहे हैं.

### खौफनाक मंजर

- इजराइल में 700 लोगों के मारे जाने की खबर
- 400 से अधिक लोग हमले के दौरान गाजा में मारे गए हैं

### संघर्ष विराम के लिए तैयार नहीं इजराइल

मिस्र के एक अधिकारी ने बताया कि इजराइल ने बंधकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काहिरा से मदद मांगी है. मिस्र ने दोनों पक्षों से संभावित संघर्ष विराम के बारे में भी बात की है लेकिन इजराइल अभी इस चरण पर संघर्ष विराम के लिए तैयार नहीं है. इजराइल हमास से 'आखिरी जंग' की तैयारी में है.

### फिलिस्तीन समर्थकों ने अमेरिका में निकाली रैली




**न्यूयॉर्क।** इजराइल और फिलिस्तीन के समर्थकों ने रविवार को हमास के हमले को लेकर कई अमेरिकी शहरों में रैलियां आयोजित कीं. इस हमले में पश्चिम एशिया में सैकड़ों लोग मारे गए और हजारों घायल हो गए. न्यूयॉर्क शहर में टाइम्स स्क्वायर पर फिलिस्तीनी समर्थकों के एक बड़े समूह की रैली के बाद संयुक्त राष्ट्र परिसर के पास प्रतिद्वंद्वी समूह के प्रदर्शनकारियों के साथ उनकी झड़प हुई. फिलिस्तीनी अमेरिकियों ने अटलांटा और शिकागो में इजराइली वाणिज्य दूतावासों के बाहर विरोध प्रदर्शन किया.

**नेतन्याहू के गले की फांस बना इजराइली बंधकों का संकट :** इजराइल के सैकड़ों लोगों को बंधक बनाए जाने के बाद, प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की घोर दक्षिणपंथी सरकार के लिए एक ऐसी दुविधा उत्पन्न हो गई है जिससे पार पाना उनके लिए आसान नहीं है.

### गाजा पट्टी की 'पूर्ण घेराबंदी' का आदेश

इजराइल के रक्षा मंत्री ने गाजा पट्टी की पूर्ण घेराबंदी का आदेश देते हुए कहा है कि अधिकारी बिजली आपूर्ति ठप कर दें और वहां भोजन व ईंधन नहीं पहुंचने दें.

### गाजा के विस्थापित लोगों की संख्या 123000 के पार

संयुक्त राष्ट्र ने बताया कि रविवार देर रात तक इजराइली हवाई हमलों में गाजा में 159 मकान नेस्तनाबूद कर दिए गए और 1,210 अन्य मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं. गाजा के विस्थापित लोगों की संख्या 1,23,000 से ज्यादा पहुंच गयी है. एक स्कूल को सीधा निशाना बनाया गया जिसमें 225 से अधिक लोगों ने शरण ली हुई थी.

---

**सिक्किम बाढ़ :** वायुसेना ने फंसे हुए पर्यटकों को निकालना शुरू किया

# फंसे हुए 105 लोगों की तलाश जारी

**भाषा। गंगटोक**

सिक्किम में अचानक आई बाढ़ में मरने वालों की संख्या बढ़कर 34 हो गई है जबकि फंसे हुए 105 लोगों की तलाश जारी है. राज्य के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी. वहीं, निकटवर्ती पश्चिम बंगाल के उत्तरी क्षेत्र के प्रशासन ने कहा कि तीस्ता नदी से अब तक 40 शव बरामद हुए हैं. अधिकारियों ने हालांकि आगाह किया कि दोनों राज्यों द्वारा बताए गए आंकड़े में कुछ दोहराव हो सकता है.

मृतकों में सेना के 10 जवान भी शामिल हैं जबकि 105 लोगों की तलाश जारी है जो अब तक लापता हैं. वायु सेना ने हिमालयी राज्य सिक्किम में बचाव और राहत अभियान शुरू कर दिया है और लाचेन से उत्तरी सिक्किम के मंगन में फंसे हुए पर्यटकों के पहले जत्थे को विमान से सुरक्षित जगह पहुंचाया है. मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने सशस्त्र बलों के साथ समन्वित राहत और बचाव कार्यों के लिए मुख्य सचिव वीबी पाठक,



हेलीकॉप्टर से बाढ़ प्रभावित लाचेन से पर्यटकों को निकाला जा रहा है.

### प्राकृतिक आपदा

- तीस्ता नदी से अब तक 40 शव बरामद हुए
- मृतकों में सेना के 10 जवान भी शामिल हैं, राहत जारी

गंगटोक पहुंचे थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे और अन्य अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की. मुख्य सचिव पाठक ने सोमवार को अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीम के सदस्यों के साथ एक और बैठक की और उन्हें बाढ़ से हुई तबाही के बारे में जानकारी दी.

### पाकयोंग जिले में सबसे अधिक मौत

सिक्किम के पाकयोंग जिले में सबसे अधिक 22 लोगों की मौत हुई है, जिनमें सेना के 10 जवान शामिल हैं. इसके बाद गंगटोक में छह, मंगन में चार और नामची में दो लोग मारे गए हैं. सिक्किम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के बुलेटिन के अनुसार, लापता लोगों में से 63 पाकयोंग से, 20 गंगटोक से, 16 मंगन से और छह नामची से हैं. अचानक आई बाढ़ से कुल 6,505 लोग बेघर हो गए हैं और उन्होंने चार जिलों में 26 राहत शिविरों में शरण ली है.

### 5 राज्यों में भाजपा का सरकार बनने का दावा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव कराने की निवार्चन आयोग की घोषणा का सोमवार को स्वागत किया और दावा किया कि उनकी पार्टी पीएम मोदी के नेतृत्व में सभी राज्यों में बड़े बहुमत से सरकार बनाएगी. आयोग द्वारा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के तुरंत बाद उन्होंने 'एक्स' पर किए एक पोस्ट में कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा भारी बहुमत से सभी राज्यों में सरकार बनाएगी.

## विस चुनाव की घोषणा से भाजपा विदाई का उद्घोष गया है : खड़गे

**भाषा। नई दिल्ली**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को कहा कि पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की घोषणा होने के साथ ही भाजपा और उसके साथियों की विदाई का भी उद्घोष हो गया है.

खड़गे ने यह उम्मीद भी जताई कि पांचों राज्यों में कांग्रेस की जीत होगी. उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया कि 5 राज्यों के चुनावों की घोषणा के साथ ही भाजपा और उसके साथियों की विदाई का भी उद्घोष हो गया है. छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में कांग्रेस पार्टी मज़बूती के साथ जनता के पास जाएगी. जन-कल्याण, सामाजिक न्याय और प्रगतिशील विकास ही कांग्रेस पार्टी की गारन्टी है.

---

भारत-तंजानिया ने की अपने संबंधों को साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने की घोषणा

# छह समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

**भाषा। नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन के बीच वार्ता के बाद दोनों देशों ने सोमवार को अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढाने की घोषणा की और रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए पंचवर्षीय रूपरेखा पर सहमति जतायी. दोनों देशों ने डिजिटल, संस्कृति, खेल, समुद्री उद्योग और वाणिज्यिक असैन्य व्यापारी जहाजों की गतिविधि और पहचान पर पूर्व सूचना साझा करने के क्षेत्र में सहयोग मुहैया कराने के लिए छह समझौतों पर हस्ताक्षर किए. वार्ता के बाद मीडिया को दिए बयान में मोदी ने भारत और तंजानिया को व्यापार तथा निवेश के लिए महत्वपूर्ण साझेदार बताते हुए कहा कि दोनों पक्ष स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने के समझौते पर भी काम कर रहे हैं.

---

निर्वाचन आयोग ने की पांच राज्यों में आचार संहिता की घोषणा

# 3 राज्यों में भाजपा ने प्रत्याशियों के नाम जारी किए

**भाषा। नई दिल्ली**

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लगते ही भाजपा ने छत्तीसगढ़ के लिए दूसरी लिस्ट जारी कर दी है. भाजपा ने दूसरी लिस्ट में 64 नाम हैं. इससे पहले भाजपा ने 21 उम्मीदवारों के नाम जारी किए थे. भाजपा ने दूसरी लिस्ट में कई सांसदों को टिकट दिए हैं. भाजपा ने पूर्व सीएम रमन सिंह को राजनांदगांव से चुनाव मैदान में उतारा गया है. भाजपा ने



दूसरी लिस्ट में ओपी चौधरी को भी मौका दिया है. ओपी चौधरी आईएएस थे. कलेक्टर की नौकरी छोड़कर वे भाजपा में शामिल हुए थे. जबकि,

### खास बातें

- छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से चुनाव लड़ेंगे पूर्व सीएम रमन सिंह
- शिवराज सिंह चौहान विदिशा जिले के बुधनी से उम्मीदवार

राजस्थान विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की पहली सूची भी जारी कर दी है. भाजपा की इस पहली सूची में कुल 41 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया है. इन प्रत्याशियों में 7 सांसद भी शामिल हैं. पार्टी हर हाल में राजस्थान में सत्ता परिवर्तन के मूड में है.वहीं, भाजपा ने मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए 57 उम्मीदवारों की एक और सूची जारी कर दी. इस सूची में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का भी नाम है. चौहान को विदिशा जिले के बुधनी से उम्मीदवार बनाया गया है.

---

**चिंताजनक** युवा बेरोजगारी चीनी अर्थव्यवस्थाओं व भू-राजनीतिक संबंधों को कर सकती है प्रभावित

# चीन में युवा बेरोजगारी की समस्या एक बड़ा संकट

**भाषा। वेलिंगटन**

युवा बेरोजगारी एक वैश्विक समस्या है, लेकिन चीन में इसकी दर 21.3 प्रतिशत विशेष रूप से चिंताजनक है, सिर्फ इसलिए नहीं कि यह अधिक है, बल्कि इसलिए भी क्योंकि यह अन्य अर्थव्यवस्थाओं और भू-राजनीतिक संबंधों को प्रभावित कर सकती है.

बेरोजगारी दर, जो मई 2018 की पूर्व-कोविड दर से दोगुना से भी अधिक है, जारी होने के साथ ही चीन के राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो ने घोषणा की है कि यह अब आयु विशिष्ट डेटा की रिपोर्ट नहीं करेगा क्योंकि इसे श्रम बल सर्वेक्षण आंकड़ों में सुधार और अनुकूलन की आवश्यकता है.



### क्या है चीन की हुकोउ प्रणाली

युवा बेरोजगारी एक जटिल मुद्दा है, लेकिन चीन में यह सरकार की नीति और समाज की अपेक्षाओं के परिणामस्वरूप और भी अधिक जटिल है. हुकोउ प्रणाली के तहत, चीन में परिवारों को पंजीकरण कराना आवश्यक है, और उसी के आधार पर अधिकारी यह निर्धारित करते हैं कि वे कहां रहते हैं और काम करते हैं और वे किन सार्वजनिक सेवाओं तक पहुंच सकते हैं. यह प्रणाली अक्सर ग्रामीण निवासियों को शहरी अवसरों का लाभ उठाने से रोकती है.

### शिक्षा व्यवस्था में खामियां

उच्च शिक्षा में तेजी से विस्तार के बावजूद, विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम और नौकरी बाजार की जरूरतों के बीच एक अंतर मौजूद है. कार्यक्रम अक्सर व्यावहारिक कौशल के बजाय सिद्धांत को प्राथमिकता देते हैं, जिससे स्नातक काम करने में कम योग्य हो पाते हैं.

### एंट ट्राइब घटना

एंट ट्राइब शब्द 2009 में समाजशास्त्री लियान सी द्वारा कम वेतन वाली, अस्थायी नौकरियों में फंसे उच्च शिक्षित युवाओं का वर्णन करने के लिए गढ़ा गया था जो कौशल प्रगति में बाधा डालते हैं. ये युवा सामाजिक पूंजी जमा नहीं कर पाते हैं, जिससे एक नकारात्मक चक्र शुरू हो जाता है, जिससे बचना मुश्किल है.

### अंतरराष्ट्रीय पहल पर सहयोग की जरूरत

देशों को सक्रिय रूप से सफल रोजगार रणनीतियों को साझा करना चाहिए और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय पहल पर सहयोग करना चाहिए. सहयोग विश्व स्तर पर स्थिर, उत्पादक युवा कार्यबल विकसित करने की कुंजी है. युवाओं में निवेश करना सिर्फ अच्छी नीति नहीं है. यह वैश्विक स्थिरता और साझा समृद्धि के लिए एक नैतिक अनिवार्यता है.

---

# संकीर्ण सोच वाले कर रहे ओबीसी गणना का विरोध

**भाषा। लखनऊ**

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने सोमवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में और राष्ट्रीय स्तर पर अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की गणना कराने से इनकार करने वाले उसी आरक्षण विरोधी संकीर्ण जातिवादी सोच के लोग हैं, जो अनुसूचित जाति (एससी) व अनुसूचित जनजाति (एसटी) को हासिल आरक्षण को निष्क्रिय एवं निष्प्रभावी बनाने की कोशिशों में जुटे हैं. ओबीसी गणना की बसपा की मांग को दोहराते हुए मायावती ने कहा कि इससे इनकार करने वाले उसी आरक्षण विरोधी संकीर्ण जातिवादी सोच के लोग हैं, जो अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति को हासिल आरक्षण को निष्क्रिय एवं निष्प्रभावी बनाने का लगातार षड्यंत्र कर रहे हैं तथा इन वर्गों के खाली पड़े आरक्षित पदों को भी नहीं भर रहे हैं. इस कारण नीति निर्धारण में बहुजन समाज के लोगों की कोई भूमिका नहीं होती है.



पार्टी संस्थापक कांशीराम की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि देने के बाद बसपा सुप्रीमो मायावती.

# मनोहरपुर में छाया कोहरा, रेल परिचालन पर भी दिखा असर



संवाददाता । मनोहरपुर

सर्दी की दस्तक पड़ते ही सुबह मनोहरपुर शहर व आस-पास के क्षेत्रों में घना कोहरे छाया हुआ है. कोहरा इतना गहरा है कि महज चंद दूरी से आने जाने वाले लोगों को भी देखना मुश्किल हो रहा है. रेल परिचालन व वाहनों का परिचालन लाइट जलाकर किया जा रहा है. विशेषकर मनोहरपुर-चिड़िया आने जाने वाले मुख्य मार्ग सारंडा जंगलों से घिरा होने से कोहरा इतना गहरा है कि चालकों को वाहन चलाने में भारी दिक्कतें आ रही है.

वहीं चिड़िया सेल की खदानों से लौह अयस्क की ट्रांसपोर्टिंग में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. चिड़िया डीएवी स्कूल बस के चालक ने बताया कि घना कोहरा होने के कारण आगे की ओर कुछ दिखाई ही नहीं पड़ता हैं. इससे वाहन चलाना मुश्किल हो गया है. वहीं रास्ते में जंगली हाथियों का भी भय बना रहता है.



## आओ जानें

## 10 अक्टूबर का इतिहास

1845 : अमेरिका की नौसेना को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए जार्ज बेनक्रोफ्ट ने एनापोलिस, मैरीलैंड में नौसैन्य अकादमी की स्थापना की.

1846 : ब्रिटेन के खगोलविद् विलियम लासेल ने नेपच्यून ग्रह के सबसे बड़े उपग्रह ट्राइटन की खोज की

1911 : क्रांतिकारियों के एक समूह ने चीन के वूचांग में बगावत का बिगुल फूंक दिया, जिसे चीन की क्रांति की औपचारिक शुरुआत माना जाता है. यह एक ऐसी लोकतांत्रिक बगावत थी, जिसने चिंग साम्राज्य का तख्ता पलट दिया.

1911 : पंडित मदन मोहन मालवीय की अध्यक्षता में वाराणसी में पहले अखिल भारतीय हिंदी सम्मेलन का आयोजन किया गया.

1954 : भारतीय सिने जगत की सदाबहार अभिनेत्री रेखा का जन्म.

1970 : फिजी ने ग्रेट ब्रिटेन से आजादी हासिल की.

1978 : रोहिणी खडिलकर राष्ट्रीय शतरंज चैंपियनशिप जीतने वाली पहली महिला बनीं.

# लिपि ने जीता ब्यूटी पेजेंट फॉर एवर मिसेज इंडिया का खिताब



जयपुर में ब्यूटी पेजेंट फॉर एवर मिसेज इंडिया 2023 का खिताब जीता.

- हुनर व विश्वास हो तो महिलाओं के लिए उम्र कोई बाधा नहीं : लिपि

संवाददाता । धनबाद

धनबाद के सरायढेला की रहने वाली लिपि सिन्हा ने जयपुर में आयोजित नेशनल लेवल ब्यूटी पेजेंट फॉर एवर मिसेज इंडिया 2023 का खिताब जीत लिया है. यह जानकारी उन्होंने सोमवार को अपने आवास में प्रेस वार्ता में दी. उन्होंने कहा कि उन्हें बचपन से ही मॉडलिंग का शौक था. शादी के बाद ऐसा लगा कि यह शौक अब अधूरा ही रह जाएगा, परंतु ऐसा हुआ नही. मॉडलिंग के क्षेत्र में हमेशा पति जेएन मंडल का सहयोग मिला. वे अभी सेल्स टैक्स विभाग में ज्वाइंट कमिश्नर पद पर दुमका में कार्यरत हैं.

उन्होंने कहा कि ब्यूटी पेजेंट फॉर एवर मिसेज इंडिया 2023 कांटेस्ट के लिए जनवरी माह में ऑनलाइन फॉर्म भरा, इसके बाद ऑडिशन लिया गया और फिर राउंड वाइज जीतते हुए फाइनल राउंड तक पहुंच गईं. फाइनल राउंड में देश भर के विभिन्न राज्यों से 20 प्रतिभागियों के साथ मुकाबला हुआ, जिसमें सभी मॉडल को पछाड़ते हुए खिताब अपने नाम कर लिया.

उन्होंने कहा कि महिलाएं सिर्फ गृहिणी ही नहीं, अगर उनमें हुनर व खुद पर विश्वास है तो उम्र के किसी भी पड़ाव में अपनी प्रतिभा की बदौलत अपने परिवार व राष्ट्र का नाम रोशन कर सकती हैं.

### जीनोम सीक्वेंसिंग जांच सेवा नहीं शुरू हो सकी

# वेरिएंट पता नहीं, सिर्फ लक्षणों से हो रहा इलाज

रविन्द्र कुमार । धनबाद

डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देख पूरे झारखंड में अलर्ट जारी कर दिया गया है, परंतु वैसी व्यवस्था कायम नहीं हो पा रही है, जिससे मरीजों को राहत मिल सके.

शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (एसएनएमएमसीएच) धनबाद में तो जीनोम सीक्वेंसिंग की भी व्यवस्था शुरू नहीं हो पाई है. अब तक जिले में 70 से अधिक डेंगू के मरीजों की पहचान हो चुकी है. तेज बुखार से तीन लोगों की जान भी चली गई. एक महुदा तो दो मरीज झरिया के रहने वाले थे. लेकिन इन मरीजों की जीनोम सीक्वेंसिंग नहीं की गई, जिससे उसकी सही पहचान हो सके.

**चार वेरिएंट होते हैं वेरिएंट डेंगू के :** एसएनएमएमसीएच के मेडिसिन विभाग के एचओडी डॉ यूके ओझा बताते हैं कि डेंगू के चार वेरिएंट होते हैं. यह एक प्रकार का वायरस है. वायरस के चार सीरोटाइप होते हैं. सबसे अधिक खतरनाक स्ट्रेन-2 को माना जाता है. इस टाइप में डेंगू के मरीज की इंटरनल ब्लीडिंग होने लगती है. पेट, नाक, कान आदि जगहों से रक्त आ सकता है. इसके बावजूद धनबाद में सिर्फ लक्षण के आधार पर इलाज किया जा रहा है.




डेंगू वेरिएंट...सांकेतिक.

**डेंगू का कहर**

- जिले में 70 से अधिक डेंगू के मरीजों की पहचान
- सबसे अधिक खतरनाक स्ट्रेन-2 को माना जाता है

**कर्मियों को प्रशिक्षण जांच की व्यवस्था नहीं**

जिले में जीनोम सीक्वेंसिंग की जांच की व्यवस्था नहीं है, जबकि कोविड काल में ही यह व्यवस्था शुरू करने की तैयारी थी. कर्मचारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया था. बावजूद सेवा शुरू नहीं हो सकी. इस वजह से कोविड काल में सैंपल को जीनोम सीक्वेंसिंग की जांच के लिए दूसरे राज्य में भेजा जाता था.

# जातीय जनगणना से 'वैश्य' असंतुष्ट

संवाददाता । आदित्यपुर

वैश्य समाज के विभिन्न उपजातियों को मिलाकर चलने वाला संगठन वैश्य समन्वय समिति की एक बैठक सह सेमिनार सोमवार को आनंद विहार भवन में हुई. इसकी अध्यक्षता आदित्यपुर अक्षेस के पूर्व उपाध्यक्ष व समाजसेवी राजवृक्ष गुप्ता ने की. सेमिनार में बिहार में हुए जातीय गणना की समीक्षा की गई. इस पर सबों ने अपने विचार रखे.

बैठक में सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि वैश्य समाज के सभी उपजातियों की गणना को उनके जाति कोड के साथ झारखंड सरकार को भी करनी चाहिए. इसके लिए सभी राजनीतिक दलों को डाटा मुहैया कराना चाहिए.

अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज की ताकत को कमजोर करने की नीयत से बिहार सरकार द्वारा वैश्य समुदाय की आबादी को जातीय गणना में तोड़ मरोड़कर रखा गया है, ताकि वैश्य आंदोलन को कमजोर किया जा सके.

**सरकार को मांग पत्र सौंपने का प्रस्ताव पारित :** रामवृक्ष गुप्ता ने कहा कि अपने अधिकारों एवं भविष्य के संरक्षण के लिए सभी को एक होकर आवाज उठाने की आवश्यकता है. डॉ. एसके रतनाकर ने कहा कि उपजातियों में समन्वय तभी बनेगा, जब हम अपने बेटा-बेटी की शादी एक-दूसरे के उपजातियों के बीच करेंगे. अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता ने वैश्य समन्वय समिति के तरफ से झारखंड सरकार को मांग पत्र सौंपने का प्रस्ताव दिया. जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया.



सेमिनार में शामिल लोग.

# हॉस्टल से झारखंड की 3 लड़कियां गायब

संवाददाता । सीतामढ़ी/रांची

बिहार के सीतामढ़ी में सोनबरसा थाना क्षेत्र के मुझौलिया स्थित एक निजी छात्रावास से चार लड़कियां अचानक लापता हो गईं. इस बात का खुलासा तब हुआ जब दो अक्टूबर को लड़कियों के परिजन उनसे मिलने हॉस्टल पहुंचे. लेकिन प्रबंधन ने बताया कि लड़कियां अचानक कहीं चली गई हैं. इसके बाद हॉस्टल प्रबंधन ने थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है. बताते चलें कि जहां यह हॉस्टल है वहां से कुछ ही दूरी पर भारत-नेपाल की सीमा है.

जानकारी के अनुसार गायब लड़कियों में तीन झारखंड की हैं, जबकि एक सीतामढ़ी के बैरगनिया की रहने वाली है. गायब लड़कियों के नाम सोहासी, गणेश, मंगली हेंब्रम और रिया कुमारी हैं. वहीं इस मामले पर एसपी मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि लड़कियां सोनबरसा थाना क्षेत्र के मझौलिया से गिरजा बस में सवार होकर सीतामढ़ी के चकमहिला स्थित प्राइवेट बस स्टैंड पहुंची थीं. इसके कई प्रत्यक्षदर्शी मिले हैं. प्राइवेट बस स्टैंड से लड़कियां कहां गईं इसका अब तक कोई सुराग नहीं मिल सका.




## कॅरियर-काउंसिलिंग

# टूर एंड ट्रैवल मैनेजमेंट : कॅरियर का बेहतर विकल्प

एजुकेशन रिपोर्टर । रजनीश प्रसाद

किसी भी देश के लिए विदेशी मुद्रा अर्जित का सबसे अच्छा तरीका पर्यटन होता है. इसी कारने से इस छेत्र में कॅरियर के ऑप्शन भी है. विश्व पर्यटन संगठन की नए रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण एशिया आने वाले कुल पर्यटकों में से लगभग 50 प्रतिशत पर्यटक भारत आते हैं. इस इंडस्ट्री में सरकारी पर्यटन विभाग, इमिग्रेशन एंड कस्टम, ट्रेवल एजेंसीज, एयरलाइंस, टूर ऑपरेटर, होटल, एयरलाइन, कैटरिंग, गाइड, दुभाषिए, टूरिज्म प्रमोशन व सेल्स जैसी सेवाएं शामिल के होती हैं. ट्रेवल एंड टूरिज्म इंडस्ट्री से अंतरराष्ट्रीय स्तर टूर ऑपरेटर से लेकर निजी ट्रैवल एजेंट तक जुड़े होते हैं. ट्रैवल एंड टूरिज्म इंडस्ट्री में सारा कारोबार सेवाएं प्रदान करने का होता है, जो घर से दूर रहने वालों, चाहे बिजनेस के लिए या छुट्टियां मनाने वाले हों, के लिए होती हैं. लोग मौज-मस्ती के लिए यात्रा करते हैं, तीर्थयात्रा करते हैं, एडवेंचर ट्रैवल करते हैं. ट्रैवल ए इन सभी की जरूरतों का आकलन करते हैं व जितना बेहतर हो सके, सेवाएं प्रदान करने की कोशिश करते हैं. टूरिस्ट को कैसे, कब व कहां ठहरना है, कितने दिन ठहरना है, पैकेज क्या होगा, यह एक ट्रैवल एजेंट तय करता है.

### ऐसे करें आवेदन

सबसे पहले आप जिस विश्वविद्यालय में नामांकन करवाना चाहते हैं, उस विश्वविद्यालय की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें. यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा. फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें, जिसे आप करना चाहते हैं. अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें. इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.



आईआईटीटीएम, ग्वालियर

### ट्रैवल एंड टूरिज्म के टॉप कॉलेज

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड मैनेजमेंट, ठाणे
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट, ग्वालियर
- क्राइस्ट यूनिवर्सिटी,बैंगलोर
- जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली
- टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई
- एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रैवल एंड टूरिज्म,नोएडा
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट,हैदराबाद
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट,भुवनेश्वर
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट,नोएडा
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट, गोवा
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट, नेल्लोर

### ऑनलाइन ट्रैवल एंड टूरिज्म कोर्सेज की लिस्ट

- अपलाइड ट्रेवल एंड टूरिज्म
- लाइफ वियोंड टूरिज्म ट्रेवल टू डाइलोगर
- ट्रेवल मेनेजमेट कोर्स
- 30 स्मार्ट मार्केटिंग टिप्स फोर योर टूरिज्म बिजनेस
- फैमिली टूरिज्म
- प्रिंसिपल एमेनेटिज फोर द लग्जरी ट्रैवल
- बेसिक ऑफ ट्रैवलस



### ट्रैवल और टूरिज्म के कोर्सेज

- बैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन एंड टूरिज्म
- हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट
- डिप्लोमा इन टूरिज्म स्टडी
- एमए इन टूरिज्म मैनेजमेंट
- एयरपोर्ट मैनेजमेंट
- एयरलाइंस टिकटिंग
- डिप्लोमा इन टूरिस्ट गाइड
- एयरलाइन ग्राउंड ऑपरेशंस
- ग्राउंड सपोर्टर और एयरपोर्ट मैनेजमेंट
- गाइडिंग और स्कोटिंग
- कार्गो मैनेजमेंट
- डिप्लोमा इन हॉस्पिटैलिटी एंड ट्रैवल मैनेजमेंट
- बैचलर ऑफ टूरिज्म स्टडी
- डिप्लोमा इन ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट
- डिप्लोमा इन अफेयर एंड टिकटिंग
- सर्टिफिकेट इन टूरिज्म मैनेजमेंटबैचलर आफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन एंड टूरिज्म
- हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट
- डिप्लोमा इन टूरिज्म स्टडी
- एमए इन टूरिज्म मैनेजमेंट
- एयरपोर्ट मैनेजमेंट
- एयरलाइंस टिकटिंग
- डिप्लोमा इन टूरिस्ट गाइड
- एयरलाइन ग्राउंड ऑपरेशंस
- ग्राउंड सपोर्टर और एयरपोर्ट मैनेजमेंट
- गाइडिंग और स्कोटिंग
- कार्गो मैनेजमेंट
- डिप्लोमा इन हॉस्पिटैलिटी एंड ट्रैवल मैनेजमेंट
- बैचलर ऑफ टूरिज्म स्टडी
- डिप्लोमा इन ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट
- डिप्लोमा इन अफेयर एंड टिकटिंग
- सर्टिफिकेट इन टूरिज्म मैनेजमेंट

### यहां बना सकते हैं कॅरियर

- ट्रैवेल एजेंट
- टूर मैनेजर
- इवेंट मैनेजर
- टूर कस्टमर सर्विस मैनेजर
- टूर ऑपरेटर
- एयरहोस्टेस
- कटिंग स्टॉप
- ट्रैवल एजेंट
- होटल और रेस्ट्रॉ मैनेजर
- असिस्टेंट मैनेजर
- ट्रैवल ऑफिस मैनेजर
- टूरिज्म फोटोग्राफर
- एयरलाइंस
- फ्रंट ऑफिस मैंनेजर
- ट्रांसपोर्ट मैनेजर ट्रैवल्स ऑपरेशन एग्जीक्यूटिव
- इंफॉर्मेशन असिस्टेंट.
- ट्रैवल एजेंट कंसलटेंट

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)